UPHIN/2016/74800

हिन्दी साप्ताहिक

# करण वाणी

नई सोच, नया जुनून...

4 लाइक्स की दौड़ में पहचान खोती जा...

5 अमेठी में कांग्रेस का मशाल जुलूस...

6 स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां...

● वर्ष : 10 ● अंक : 04 ● लखनऊ, सोमवार 18 अगस्त 2025 ● मूल्य : 2 रु. ● पृष्ठ : 08

# 10,830 रोजगार मेलों से 13.64 लाख युवाओं को निजी क्षेत्र में मिला काम

### सेवायोजन द्वारा 26.5 लाख अभ्यर्थियों को मिला मार्गदर्शन, 24 हजार से ज्यादा काउंसिलिंग सत्र आयोजित

### 'सेवामित्र' से 52,000 से अधिक कुशल कामगारों को मिला स्थानीय स्तर पर रोजगार का प्लेटफॉर्म

करण वाणी न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार राज्य के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार ऐतिहासिक पहल कर रही है। श्रम एवं सेवायोजन विभाग की योजनाएं जिस दूरदर्शिता से रोजगार सृजन की बहुआयामी रणनीति अपनाई है। रोजगार को लेकर प्रदेश सरकार की नीति अब सिर्फ स्थानीय नौकरियों तक सीमित नहीं रही, बल्कि युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवसर देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन की शुरुआत की है।

मिशन के मुख्य उदेश्यों में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न रोजगार के अवसरों को पता लगाना, स्किलगैप का अध्ययन कर उसको दूर कराना, रोजगार कार्यक्रम संचालित करना, कॅरियर काउन्सिलिंग कराना तथा राज्य के रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों एवं अल्परोजगार युवाओं को पोस्ट प्लेसमेन्ट स्पोर्ट प्रदान करना है जिसमें घरेलू एवं विदेशी प्लेसमेन्ट द्वारा राज्य सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि हो। विदेश में नौकरी के लिए युवाओं को तैयार करने के उद्देश्य से युवाओं को प्रोफेशनल रूप से तैयार किया जायेगा तथा बाजार मांग के अनुरूप ट्रेनिंग प्रोग्राम शुरू किये जाएंगे।

### जापान में श्रमिकों की भारी मांग

इस अभियान को और विस्तार देते हुए प्रदेश सरकार ने जापान, जर्मनी, क्रोएशिया और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों से भी नर्सों, केयर गिवर्स, ड्राइवरों और निर्माण श्रमिकों की मांग प्राप्त की है। इसमें लगभग 1.50 लाख रूपये तक का वेतन मिलेगा, साथ ही खाड़ी देशों से भी विभिन्न सेक्टर



की रिक्तियों की प्राप्ति सम्भावित है। श्रम विभाग इस दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है ताकि उत्तर प्रदेश के कुशल श्रमिकों को अंतरराष्ट्रीय बाजार में सम्मानजनक और बेहतर वेतनमान वाली नौकरियां मिल सकें। यह पहल युवाओं को विदेश जाने का सुरक्षित और कानूनी विकल्प उपलब्ध कराकर अवैध माध्यमों पर भी रोक लगाने में सहायक है। रोजगार सृजन को लेकर प्रदेश सरकार की दूसरी बड़ी उपलब्धि रोजगार मेलों के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार दिलाना है। 1 अप्रैल 2017 से लेकर 30 अप्रैल 2025 तक सेवायोजन विभाग द्वारा आयोजित 10,830 रोजगार मेलों के माध्यम से 13,64,501 अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में नौकरियां मिली हैं। ये मेले राज्य के विभिन्न जिलों में आयोजित किए गए, जिनमें सैकड़ों कंपनियों ने हिस्सा लिया और युवाओं को मौके पर ही चयनित कर नौकरी दी। इससे न केवल युवाओं को अवसर मिले बल्कि कंपनियों को भी प्रशिक्षित और कुशल जनशक्ति उपलब्ध हुई। इस मिशन के तहत अब तक 5,978 श्रमिकों को इज़राइल में रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है। वहीं, 1,383 और निर्माण श्रमिकों को भेजने की प्रक्रिया तेज़ी से प्रगति पर है। इस प्रयास से राज्य में न केवल विदेशी मुद्रा का आगमन बढ़ेगा, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। अनुमान है कि इजराइल भेजे गए श्रमिकों से प्रदेश को लगभग 1,000 करोड़ रुपये का रेमिटेन्स प्राप्त हो सकता है, जो 'वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था' के लक्ष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है।

योगी सरकार का मानना है कि केवल नौकरी उपलब्ध कराना पर्याप्त नहीं, बल्कि युवाओं को सही दिशा देना भी उतना ही जरूरी है। इसी सोच के तहत सेवायोजन विभाग द्वारा अबतक 24,493 करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 26,51,727 युवाओं को करियर मार्गदर्शन मिला। इन कार्यक्रमों ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है, जहां जानकारी की कमी के कारण प्रतिभाएं पीछे छूट जाती थीं।

### सेवामित्र पोर्टल पर 52,349 श्रमिक पंजीकृत

स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए योगी सरकार ने 'सेवामित्र योजना' की शुरुआत की है। इस योजना के अंतर्गत कुशल कामगारों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ने के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया गया है, जिस पर अब तक 52,349 श्रमिक पंजीकृत हो चुके हैं। ये श्रमिक प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, पेंटर, एसी मैकेनिक, ब्यूटीशियन आदि सेवाओं के लिए लोगों को घर बैठे उपलब्ध हो रहे हैं।

यह योजना एक ओर जहां श्रमिकों की आय सुनिश्चित कर रही है, वहीं दूसरी ओर आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल रही हैं। उत्तर प्रदेश अब केवल नौकरी ढूंढने वाला नहीं, बल्कि श्रम और प्रतिभा का निर्यात करने वाला राज्य बन रहा है। आने वाले वर्षों में यह पहल राज्य को सामाजिक और आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

### टोल वसूली पर एनएचएआई की याचिका पर सुप्रीमकोर्ट का फैसला सुरक्षित

# अगर ट्रैफिक जाम 12 घंटे तक रहे तो टोल क्यों दें?

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 18 अगस्त, सोमवार को नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई), भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें केरल हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने त्रिशूर जिले के पालयेक्कारा टोल प्लाजा पर टोल वसूली को रोक दिया था। यह फैसला इसलिए लिया गया था क्योंकि एनएच 544 (एडप्पल्ली-मान्नुथी हाईवे) की हालत खराब थी और यहां लंबे समय से भारी ट्रैफिक जाम की समस्या बनी हुई है।

### एनएचएआई का पक्ष

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एनएचएआई की ओर से दलील दी कि जिन जगहों पर अंडरपास का काम चल रहा है, वहां वैकल्पिक रास्ते यानी



*चीफ जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजनारिया की पीठ ने सुनवाई के दौरान पूछा कि जब लोगों को 12-12 घंटे तक जाम में फंसना पड़ रहा है तो उनसे टोल वसूलने का क्या औचित्य है। जस्टिस चंद्रन ने हाल ही की घटना का जिक्र किया, जहां एक ट्रक गड्ढे में फंसकर पलट गया था।*

सर्विस रोड बनाए गए हैं। लेकिन बारिश की वजह से काम प्रभावित हुआ। उन्होंने कहा कि टोल को पूरी तरह रोकना अनुचित है, कोर्ट को चाहिए कि टोल में आनुपातिक कटौती का विकल्प अपनाए। हालांकि, बेंच ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि 65 किलोमीटर का सफर, जिसके लिए 150 रुपये टोल लिया जाता है, अगर 12 घंटे में तय हो रहा है तो यह बिल्कुल भी उचित नहीं है।

### हाईकोर्ट का फैसला और आगे की राह

हाईकोर्ट ने 6 अगस्त को चार हफ्तों के लिए टोल वसूली रोक दी थी। कोर्ट ने कहा था कि जब सड़कें खराब हों और ट्रैफिक सुचारु न हो तो जनता से टोल वसूला नहीं जा सकता। यह जनता और एनएचएआई के बीच भरोसे का रिश्ता है, जिसे तोड़ा नहीं जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि मानसून की वजह से मुश्किलें बढ़ी हैं। फिलहाल कोर्ट ने अपना आदेश सुरक्षित रख लिया है और जल्द ही यह तय करेगा कि पालयेक्कारा टोल प्लाजा पर वसूली दोबारा शुरू होगी या नहीं।

### टोल कंपनी की दलील

गुरुवायूर इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, जो यहां टोल वसूल रही है, ने भी हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी। कंपनी की ओर से वरिष्ठ वकील श्याम दिवान ने कहा कि उनके जिम्मे जो 60 किलोमीटर का हिस्सा है, उसकी देखभाल ठीक से की जा रही है। असली समस्या उन जगहों पर है जहां एनएचएआई ने काम किसी तीसरी कंपनी को सौंपा है। अप्रैल 2024 से ये कंपनी काम देख रही है। दिवान ने दावा किया कि टोल वसूली बंद होने से उन्हें पहले ही 5-6 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है।

## ओपी राजभर का कोर्ट में सरेंडर

**मऊ।** यूपी की योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री और सुभासपा के अध्यक्ष ओपी राजभर ने लोकसभा चुनाव से जुड़े केस में सोमवार को मऊ की अदालत में सरेंडर कर दिया। राजभर के खिलाफ 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता उल्लंघन के मामले में केस दर्ज किया गया था। एमपी-एमएलए कोर्ट में मामला चल रहा था। कई तारीखों पर पेश नहीं होने के बाद राजभर के खिलाफ अदालत ने वारंट जारी किया था। एक घंटे तक कोर्ट में रहने के बाद 20-20 हजार के बांड पर उन्हें जमानत मिल गई। कोर्ट में सरेंडर से पहले ओपी राजभर ने मीडिया से बातचीत ने कहा कि कानून का पालन करना देश के प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। वे भी देश के आम नागरिक की तरह कानून का पालन करने के लिए अदालत पहुंचे हैं।

# रूसी राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को किया फोन

### अलास्का में ट्रंप के साथ हुई बैठक पर चर्चा


बातचीत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी को फोन किया। फोन कॉल पर पुतिन ने पीएम मोदी को अलास्का में ट्रंप के साथ हुई बैठक के बारे में जानकारी दी। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में पुतिन के साथ हुई बातचीत की जानकारी दी।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि मेरे मित्र राष्ट्रपति पुतिन को उनके फोन कॉल और अलास्का में राष्ट्रपति ट्रंप के साथ उनकी हालिया मुलाकात के बारे में जानकारी साझा करने के लिए धन्यवाद। भारत ने यूक्रेन विवाद के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान किया है। इस संबंध में सभी प्रयासों का भारत समर्थन करता है। मैं आने वाले दिनों में हमारे निरंतर आदान-प्रदान की आशा करता हूं।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने



15 अगस्त को अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक की थी। इस बैठक में यूक्रेन में युद्ध विराम को लेकर चर्चा की गई। हालांकि, इसमें रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में संघर्ष विराम लागू करने पर सहमति नहीं बनी। यह बैठक ऐसे वक्त में हुई थी जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर रूस से तेल खरीदने पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। भारत ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई थी और अमेरिका के कदम को अन्यायपूर्ण और बेतुका करार दिया था। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम अपने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाएंगे। अब रूसी राष्ट्रपति और पीएम मोदी के बीच बातचीत से साफ है कि अमेरिकी टैरिफ के खिलाफ रूस भारत के साथ खड़ा है।

### भारत पर असर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई मौकों पर कह चुके हैं कि उनकी तरफ से भारत पर रूस से तेल खरीदने के लिए लगाए गए 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ का असर देखने को मिला है और पुतिन इसी वजह से उनके साथ बैठक के लिए तैयार हुए हैं। ट्रंप के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट न्यूज इंटरव्यू में चेतावनी दे चुके हैं कि अगर पुतिन और ट्रंप की बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकलता है तो भारत को ज्यादा टैरिफ के लिए तैयार रहना चाहिए।

# ब्लैकहोल से निकलने वाले एक्स-रे संकेतों को किया डिकोड

सफलता

### इसरो और आईआईटी गुवाहाटी को मिली बड़ी कामयाबी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान और आईआईटी गुवाहाटी ने बड़ी सफलता हासिल की है। आईआईटी गुवाहाटी के शोधकर्ताओं और वैज्ञानिकों ने यूआर राव सैटेलाइट सेंटर इसरो और हाइफा विश्वविद्यालय इस्राइल की मदद से पृथ्वी से लगभग 28,000 प्रकाश वर्ष दूर मौजूद एक ब्लैक होल से निकलने वाले एक्स-रे संकेतों को डिकोड किया है। भारत की अंतरिक्ष वेधशाला एस्ट्रोसैट से प्राप्त आंकड़ों का उपयोग करते हुए शोधकर्ताओं ने ब्लैक होल से निकलने वाली एक्स-रे चमक को चमकीले और मंद चरणों के बीच



बदलते हुए देखा। बदलाव की प्रक्रिया का हर चरण कई सौ सेकंड तक चला। दुनिया भर के शोधकर्ता ब्लैक होल की घटना को समझने की दिशा में काम कर रहे हैं। ब्लैक होल अपने साथी तारों की बाहरी परतों से गैस खींचते समय अधिक ऊष्मा उत्पन्न करते हैं और एक्स-रे उत्सर्जित करते हैं। इन एक्स-रे का अध्ययन करके, वैज्ञानिक ब्लैक होल के आसपास के वातावरण के बारे में जान सकते हैं।

आईआईटी गुवाहाटी के भौतिकी विभाग के प्रोफेसर संतब्रत दास ने बताया कि हमें एक्स-रे की तेज चमक का पहला प्रमाण मिला है, जो स्रोत के उच्च-चमक वाले चरणों के दौरान प्रति सेकंड लगभग 70 बार दोहराया गया। दिलचस्प बात यह है कि ये तेज झिलमिलाहटें कम चमक वाले चरणों के दौरान गायब हो जाती हैं। यह नई उपलब्धि एस्ट्रोसैट की शक्तिशाली अवलोकन क्षमता के कारण संभव हुई है। शोधकर्ताओं ने पाया कि ब्लैक होल से निकलने वाली एक्स-रे चमक दो अलग-अलग चरणों के बीच बारी-बारी से बदलती रही, इसमें एक चमकीली थी और एक मंद थी। चमकीली अवस्थाओं के दौरान जब झिलमिलाहट सबसे अधिक होती है तो कोरोना अधिक सघन और काफी गर्म हो जाता है। इसके विपरीत मंद अवस्थाओं के दौरान यह फैलता और ठंडा होता है।

## जेल में ही रहेंगे पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की रिमांड अब तीसरी बार बढ़ा दी गई है। कोर्ट ने उन्हें फिर 14 दिन की रिमांड पर जेल भेज दिया है। मामले में अब 1 सितंबर 2025 को सुनवाई होगी। इधर, ईडी ने चैतन्य बघेल की 5 दिन की कस्टोडियल रिमांड की मांग की थी, जिस पर 19 अगस्त को सुनवाई होगी। पूर्व सीएम के बेटे चैतन्य बघेल को इससे पहले 4 अगस्त को कोर्ट में पेश किया गया था। तब उनकी रिमांड 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई थी। इसकी मियाद खत्म होने के बाद उन्हें सोमवार को एक बार फिर विशेष कोर्ट में पेश किया गया। यहां से उन्हें तीसरी बार 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। मामले में अब 1 सितंबर को सुनवाई होगी। इस बीच ईडी ने कुछ नए तथ्य सामने आने के बाद पूछताछ के लिए 5 दिन की रिमांड पर लेने के लिए आवेदन लगाया है।

## कोल फिल्ड बीसीसीएल एरिया में दरकी जमीन

**धनबाद।** धनबाद के कोल फिल्ड एरिया में एक बड़ा हादसा सामने आया है। एक अधिकारी ने बताया कि जिला मुख्यालय से लगभग 19 किलोमीटर दूर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) क्षेत्र में सोमवार को जमीन धंसने की घटना के बाद एक मकान जमींदोज हो गया जबकि एक दर्जन अन्य घरों में दरारें आ गईं। यह घटना सोमवार तड़के जोगता थाना क्षेत्र में हुई। प्रभावित परिवार को दूसरी जगह ले जाया गया है। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार को तड़के जोगता थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीसीसीएल के मोदीडीह कोलियरी क्षेत्र में न्यू श्याम बाजार के पास शबरी बस्ती में हुई।

# प्रवासी श्रमिकों को मिलेगा 5000 रुपये प्रति माह

एलान

एजेंसी

**कोलकाता।** प्रवासी श्रमिकों को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बड़ा तोहफा दिया है। सीएम ने प्रवासी मजदूरों के पुनर्वास के लिए योजना शुरू करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि नई योजना के तहत प्रवासी श्रमिकों को एक वर्ष तक या जब तक उन्हें रोजगार नहीं मिल जाता, तब तक हर महीने पांच हजार रुपये दिए जाएंगे। कई राज्यों में बांग्ला भाषी प्रवासियों को निशाना बनाए जाने



सीएम ममता बनर्जी केंद्र सरकार के खिलाफ मुखर हैं। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि खासकर भाजपा शासित राज्यों में बंगाली भाषी प्रवासी मजदूरों पर हमला पूर्व नियोजित है। भाजपा शासित राज्यों में लगभग 22 लाख प्रवासी श्रमिक और उनके परिवार परेशान हैं। मंत्रिमंडल ने वापस लौटने और अपना जीवन नए सिरे से शुरू करने के इच्छुक प्रवासी श्रमिकों के पुनर्वास में मदद के लिए इस योजना को मंजूरी दे दी है।

इससे पहले सीएम ममता बनर्जी ने दावा किया था कि बंगाली बोलने वाले भारतीयों को बांग्लादेशी कहकर जबरन बाहर भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बंगाल के प्रवासी मजदूरों को दूसरी जगहों पर सिर्फ उनकी भाषा की वजह से परेशान किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया कि जब वह इसका विरोध करती हैं, तो कुछ लोग उन पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाने की मांग करते हैं।

# डोनाल्ड ट्रंप लगाएंगे वोटिंग मशीन पर रोक

आदेश

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने देश में वोटिंग मशीन से मतदान खत्म करने जा रहे हैं। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर यह बात लिखी है। इसके अलावा उन्होंने ई-मेल से होने वाले मतदान पर भी रोक लगाने की बात कही है। ट्रंप ने अपनी पोस्ट में लिखा है कि वह एक एग्जीक्यूटिव आदेश देने वाले हैं। इसके बाद 2026 के मध्यावधि चुनाव में वोटिंग मशीन और ई-मेल से मतदान पर रोक लग जाएगी। ट्रंप काफी अरसे से मशीन और मेल मतपत्रों का विरोध करते आ रहे हैं। उनका कहना है कि वोटिंग



मशीनें हैक हो सकती हैं और इनसे चुनावी धोखाधड़ी को अंजाम दिया जा सकता है। डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार सुबह अपने ट्रुथ सोशल अकाउंट पर यह पोस्ट लिखी। उन्होंने मशीन से वोटिंग पर चुनाव में गड़बड़ी की आशंका जताई है। हालांकि अभी तक अमेरिकी चुनाव में ऐसी गड़बड़ी कभी देखने को नहीं मिली है।

## जियो और वीआई यूजर्स परेशान, नेटवर्क ठप, कॉलिंग में दिक्कत

**नई दिल्ली।** एनसीआर में सोमवार से एयरटेल सब्सक्राइबर्स को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नेटवर्क में किसी तरह की तकनीकी खामी के चलते मोबाइल से वॉइस कॉल करना संभव नहीं हो पा रहा है। हजारों लोग अपने जरूरी फोन कॉल्स नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनका काम भी प्रभावित हुआ है। ऐसी ही शिकायत चुनिंदा जियो और वोडाफोन-आइडिया यूजर्स ने भी की है। सुबह तक सामान्य रूप से काम कर रहा नेटवर्क अचानक दोपहर बाद खराब हो गया। कई सब्सक्राइबर्स ने बताया कि कॉल डायल करने पर बेल तक नहीं जाती और नेटवर्क अपने आप कॉल कट कर देता है। वहीं कुछ लोगों को कॉल कनेक्ट होने में लंबा इंतजार करना पड़ रहा है।

### मेडिकल साइंस ने किया दुनिया को हैरान

# दांत से बनी आंख ने लौटाई महिला की जिंदगी में रोशनी

दुर्लभ सर्जरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मेडिकल साइंस ने हाल के दशकों में अभूतपूर्व तरक्की की है। नई दवाओं की खोज, आधुनिक चिकित्सा तकनीक ने कई गंभीर और जानलेवा बीमारियों के उपचार को अब काफी आसान बना दिया है। कोरोनावायरस संक्रमण को तेजी से काबू करना, एचआईवी संक्रमण की नई और कारगर दवाएं हों या कैंसर का प्रभावी इलाज इसी का उदाहरण है। चिकित्सा विज्ञान कई बार ऐसे चमत्कारी काम कर जाता है जिसपर भरोसा करना भी कठिन होता है।



कनाडा में भी ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जहां डॉक्टरों ने एक अनोखी सर्जरी करके करीब एक दशक से अंधी महिला को नई रोशनी दी है। महिला ने अपने पति और कुत्ते को पहली बार तब देखा जब उसकी आंख में एक जटिल और विचित्र सर्जरी के जरिए डॉक्टरों ने उसका दांत लगा दिया। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया की विक्टोरिया नामक महिला (75 वर्षीय) ने करीब दस साल पहले आंखों की रोशनी गवां दी थी। महिला को एक ऑटो-इम्यून बीमारी थी जिसके कारण उसकी कॉर्निया खराब हो गई थी। डॉक्टरों ने बताया कि बीमारी ने आंखों के सामने के लेंस को प्रभावित कर दिया था, जिसके कारण महिला को दिखना बंद हो गया था। हालांकि अब डॉक्टर्स ने टूथ-इन आई सर्जरी की मदद से फिर से उसे दुनिया को देखने का मौका दे दिया है। मेडिकल रिपोर्ट्स के मुताबिक डॉक्टरों ने ओस्टियो-ओडोन्टो केराटोप्रोस्थेसिस (ओओकेपी) नामक एक दुर्लभ सर्जरी करके चमत्कार कर दिया।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

यह पहली बार है कि ये सर्जरी कनाडा में की गई है, हालांकि इससे पहले कई अन्य देशों में ये सर्जरी की जा चुकी है। देश में यह ऑपरेशन करने वाले पहले सर्जन, माउंट सेंट जोसेफ अस्पताल के डॉ. ग्रेग मोलोनी कहते हैं, यह एक जटिल और अजीब ऑपरेशन था, इसमें मूल रूप से कॉर्निया को बदलना होता है। इस नाजुक ऑपरेशन की सफलता की संभावना बढ़ाने के लिए दांत का इस्तेमाल किया गया।

डॉक्टर बताते हैं, हमें एक ऐसी संरचना चाहिए थी जो प्लास्टिक फोकसिंग टेलीस्कोप (कृत्रिम कॉर्निया) को थामे रखने के लिए पर्याप्त मजबूत हो, और ये शरीर द्वारा अस्वीकार न की जाए। इसके अलावा महिला को फिर से ऑटो इम्यून रोग के दुष्प्रभावों से भी बचाना था, जिसमें दांत से बना बेस अच्छा काम कर सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### कई छात्र वीडियो एडिटर, ग्राफिक डिजाइनर चयनित

**लखनऊ।** केएमसी भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की ओर से इंटर्नशिप ड्राइव का आयोजन हुआ। एब्रॉड ट्रेनिंग एंड ट्रेड टेस्ट सेंटर के सहयोग से हुए प्रोग्राम में यूजी और पीजी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। यहां साक्षात्कार प्रक्रिया से वीडियो एडिटर, ग्राफिक डिजाइनर व वीडियोग्राफर आदि पदों पर विद्यार्थी चयनित हुए। कार्यक्रम समन्वयन डॉ. रुचिता सुजय चौधरी ने किया। उन्होंने बताया कि इंटर्नशिप प्रक्रिया में सेल्समैन कॉर्पोरेशन प्रा. लि. और जेटा संगठनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस मौके पर विनीत कपूर, डॉ. काजिम रिजवी समेत अन्य मौजूद रहे।

### रेल कर्मी के बंद मकान से लाखों की चोरी

**लखनऊ।** रेलवे के वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर के बंद सरकारी आवास से चोरों ने लाखों के जेवरात व अन्य सामान चोरी कर लिया। अमेठी रेलवे स्टेशन से ड्यूटी से वापस आने पर घटना की जानकारी हुई। पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर आलमबाग पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मूलतः बलिया के रेवती मझौवां इलाके के नारायणपुर निवासी जयंत सिंह लखनऊ रेलवे में वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर हैं। वह आलमबाग स्थित रेलवे कॉलोनी में सरकारी मकान में रहते हैं। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई को वह अमेठी रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी के लिए गए थे। उसके बाद वह अमेठी में ही रूक गए। 16 अगस्त को वह वापस आए तो घर का एक कमरा अंदर से बंद था, लेकिन खिड़की खुली थी। खिड़की से झांक कर देखा तो अंदर सामान बिखरा था। अलमारी खुली थी। इस पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दरवाजा खोलवाया और जांच की। पता चला कि चोरों ने सोने, हीरे व चांदी के लाखों रुपये के जेवर चोरी कर ले गए। कुछ अन्य सामान भी चोरी गया है।

### शिकायतकर्ता को कॉल कर सत्यापित करें निस्तारण

**लखनऊ।** लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी. ने सोमवार को तहसील सदर पहुंचकर सम्पूर्ण समाधान दिवस के तहत जनसुनवाई की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निस्तारण केवल कागजों पर न हो, बल्कि शिकायतकर्ताओं को कॉल कर सत्यापित भी किया जाए। डीएम ने कहा कि जिन प्रकरणों का निस्तारण पिछले तहसील दिवस में किया गया है, उनकी हकीकत जानने के लिए विभागीय अधिकारी शिकायतकर्ताओं को फोन करें। इससे यह साफहो जाएगा कि समाधान वास्तव में हुआ या नहीं। उन्होंने सभी विभागों को हिदायत दी कि समाधान दिवस में आने वाले हर प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण किया जाए, ताकि जनता को दोबारा चक्कर न लगाना पड़े। निस्तारण की प्रक्रिया का फीडबैक लेने की जिम्मेदारी भी अधिकारियों को सौंपी गई। जिलाधिकारी ने साफकहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही निस्तारण की गुणवत्ता तय करेगी।

### इलाज के लिए कराई मालिश, मरीज की मौत

**लखनऊ।** काकोरी इलाके में झाड़-फूंक और मालिश करने के दौरान एक युवक की मौत हो गई। एक्सीडेंट में घायल युवक को ठीक करने का दावा करके मालिश कर रहा था। इस दौरान उसका झटके से पैर खींचा। जिससे युवक ने दम तोड़ दिया। पत्नी की शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज करके जांच कर रही है। काकोरी जलियामऊ निवासी उमाशंकर का 9 दिन पहले एक्सीडेंट हो गया था। पत्नी गीता ने बताया कि पैर में गंभीर चोट आने के बाद उनका इलाज ट्रॉमा सेंटर और हड्डी अस्पताल में चल था। इस बीच गांव के ही रहने वाले सुखराम ने बताया कि उनका साढ़ू अभिषेक मालिश करके इलाज करता है। इसके बाद अभिषेक ने दावा किया कि वह बिना डॉक्टर के इलाज किए पैर ठीक कर देगा। 16 अगस्त की रात करीब 8 बजे अभिषेक उमाशंकर के घर पहुंचा और मालिश करने लगा। आरोप है कि मालिश के दौरान उसने पैर को इतनी जोर से घसीटा कि उमाशंकर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी अभिषेक वहां से भाग निकला। इसके बाद गीता ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मामले में इंस्पेक्टर काकोरी का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया है। पत्नी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। शुरूआती जांच में क्लाटिंग के चलते मौत की वजह सामने आ रही है।

### अधिकारियों ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**लखनऊ।** मोहनलालगंज तहसील में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी सिटी महेन्द्र सिंह, एसडीएम पवन पटेल और एसीपी रजनीश वर्मा सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतों को सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान एक गंभीर मामला सामने आया। तहसील में स्थित खतौनी काउंटर पर अनियमितता का मामला प्रकाश में आया है। नियम के अनुसार प्रति खतौनी 15 रुपए शुल्क निर्धारित है, लेकिन कर्मचारी 20 रुपए वसूल रहे हैं। किसानों ने इस अवैध वसूली की शिकायत अधिकारियों से की है। तहसीलदार अभी तक इन मनमानी कर रहे कर्मचारियों पर कार्रवाई करने में असफल रहे हैं।

### गायब हुए आम के 10 हरे पेड़

**लखनऊ।** राजधानी के सरोजनी नगर वन रेंज में लकड़ी माफिया की मनमानी सामने आई है। बंथरा के सहिजनपुर में बिना अनुमति के आम के 10 हरे-भरे पेड़ों को काट दिया गया। वन विभाग के अमावा बीट प्रभारी अभिषेक वर्मा को 17 अगस्त रविवार को सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने पाया कि पेड़ काटकर लकड़ी भी ले जाई जा चुकी है। स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला कि गढ़ी चुनौटी निवासी लकड़ी ठेकेदार आयुष ने अन्य लोगों के साथ मिलकर पेड़ों की कटाई की। इस मामले में बीट प्रभारी ने लकड़ी ठेकेदार आयुष के साथ विद्यावती, कुंवारा, गुड्डी, आशा, अनिल कुमार और अरविंद कुमार के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध पेड़ कटान को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### सैनिक स्कूल में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**लखनऊ।** सरोजनी नगर स्थित कैप्टन मनोज पांडे उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल में पद्मनाभस्वामी सेवा फाउंडेशन ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर में स्कूल के करीब 300 बच्चों और स्टाफकी स्वास्थ्य जांच की गई। चिकित्सकों ने बच्चों को मौसमी बीमारियों से बचाव के बारे में जानकारी दी। इनमें दाद, खुजली, बुखार, खांसी, मलेरिया और टाइफाइड प्रमुख हैं। सभी को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। शिविर में संस्था के संस्थापक डॉ. दीपक सिंह चौहान मौजूद रहे। स्वास्थ्य सहायक डॉ. आकांक्षा, डॉ. प्रियंका, दिलीप मिश्रा, अजय गुप्ता, ज्योति, विकास कुमार और भीम मौर्य सहित अन्य लोगों ने भी शिविर में योगदान दिया।

### अंकुर सक्सेना बने रालोद के प्रदेश महासचिव

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता अंकुर सक्सेना को रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के निर्देशानुसार तथा राष्ट्रीय महासचिव ष्संगठनष् त्रिलोक त्यागी के अनुमोदन से प्रदेश अध्यक्ष डॉ रामाशीष राय ने प्रदेश महासचिव के पद पर मनोनीत किया। अंकुर सक्सेना के मनोनयन पर पार्टी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया।

### आरव और विवान ने दर्ज की जीत

**लखनऊ।** एलसीएल नारायणी की ओर से ब्रेनवर्क्स 360 शतरंज अकादमी के सहयोग से आईएमआरटी बिजनेस स्कूल में रैपिड शतरंज टूर्नामेंट आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में पांच वर्ष से लेकर 70 वर्ष तक के कुल 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों के साथ ग्वालियर से भी एक विशेष प्रविष्टि ली गई। ओपन कैटेगरी में आरव गर्ग को प्रथम, रवि शंकर को द्वितीय, संयम श्रीवास्तव को तृतीय स्थान मिला। सर्वश्रेष्ठ वेटरन में अनिल वाजपेयी, अंडर-7 आयु वर्ग में निर्वाण वर्मा, अंडर-9 विवान अग्रवाल, अंडर-11 में अक्षत श्रीवास्तव और अंडर- 13 में लक्ष्य निगम विजेता बने। महिला वर्ग में अंडर-15 में दियारा अग्रवाल और अंडर-16 में अनुपमा खरे विजेता बनी।

### संदिग्ध हालात में लापता हो गया फौजी का बेटा

**लखनऊ।** आलमबाग इलाके में जन्माष्टमी कार्यक्रम देखने मंदिर गया आर्मी में हवलदार का बेटा संदिग्ध हालात में लापता हो गया। लापता किशोर नीट की तैयारी कर रहा था। हवलदार ने थाने में मामले की सूचना दर्ज करा दी है। मूलतः हरियाणा के रेवाड़ी जिले के जाटूसाना ढाकिया निवासी जयवीर सिंह आर्मी में हवलदार हैं। वह एएमसी सेंटर लखनऊ में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि उनका 17 वर्षीय पुत्र समीर हजरतगंज स्थित एक कोचिंग से नीट की तैयारी कर रहा है। शनिवार की रात से वह लापता है।

# मुनाफा दिलाने के बहाने साइबर ठगों ने दो लोगों से तीन लाख ठगे

करण वाणी न्यूज



**लखनऊ।** जालसाजों ने गाजीपुर व अलीगंज थाना क्षेत्र के दो लोगों से तीन लाख की ठगी कर ली। दोनों पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। शक्तिनगर निवासी राजेश कुमार गुप्ता के मुताबिक 13 अगस्त की शाम खुद को फ्लिपकार्ट कस्टमर केयर का अफसर बता कर अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया और कहा कि वह फ्लिपकार्ट रिटर्न वापसी से संबंधित समस्या का निदान करा देगा। यह झांसा देकर फोन करने वाले ने पीड़ित से मोबाइल पर पांच तक अंक लिखने को कहा। राजेश ने वैसा ही किया। उसके बाद फोन करने वाले ने बैलेंस चेक करने को कहा।

जैसे ही राजेश ने बैलेंस चेक किया, वैसे ही उनके खाते से 98395 रुपये गायब हो गए। इसी तरह अलीगंज के सेक्टर बी निवासी सुयश नारायण के साथ भी ठगी हो गई। सुयश के मुताबिक शेयर ट्रेडिंग के लिए कुछ लोगों ने उनको एक एप डाउनलोड कराया। इस बीच उन्होंने 28 जुलाई से 7 अगस्त के बीच 50 हजार की ट्रेडिंग से अच्छा मुनाफा कमाया। उसके बाद ब्लू स्टोन आईपीओ में आवेदन कराया। इसके तहत उन्होंने तीन बार में 1.50 लाख जमा कर आवेदन किया। ठगों ने इसके लिये सुयश से 6.5 लाख रुपये और मांगे। मना करने पर उनके पहले से जमा दो लाख रुपये जब्त करने की धमकी दी गई। साइबर ठगों ने तीन लोगों से 2.57 लाख ठगे जालसाजों ने तीन लोगों से निवेश व ट्रेडिंग के नाम पर 2.57 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ितों ने बीबीडी, गोमतीनगर और विकासनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बीबीडी के छोटा भरवारा निवासी सरिता वर्मा के मुताबिक उनको 8 अगस्त को टेलीग्राम के जरिये वीआईपी टास्क 54125-1 और एचआर-791 पार्ट टाइम अपॉरच्युनिटी हब ग्रुप से जोड़ा गया। 6 अगस्त को 83000 और 9 अगस्त को 59000 रुपये अलग-अलग शेयर में निवेश किए। उन्होंने कुल 1,42,000 रुपये का निवेश किया। इसके बाद 1,50,000 रुपये और निवेश करने का दबाव बनाया गया। पीड़िता ने इतना निवेश करने से इंकार कर दिया। इसके बाद साइबर जालसाजों ने पीड़िता को उनके निवेश किए गए रुपये वापस करने से मना कर दिया। गोमतीनगर के विवेकखंड निवासी अभीक्षित खरे के मुताबिक 15 अगस्त को उनके बैंक खाते से तीन बार में 55,000 रुपये कट गये। इसी तरह विकानगर के राजेंद्र कुमार सिंह गौर ने बताया कि उनके दोस्त जफर की फेसबुक आईडी हैक कर जालसाज ने रुपये की जरूरत के मैसेज भेजे। राजेंद्र ने 60,000 रुपये गूगल -पे के माध्यम से ट्रांसफर किया। बाद में पता चला कि आईडी हैक हुई थी। तीनों पीड़ितों की रिपोर्ट दर्ज कर संबंधित थाने की पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की है।

## दोगुनी की जाएगी 1912 की क्षमता, शिकायत करना होगा आसान

करण वाणी न्यूज



**लखनऊ।** बिजली समस्या की शिकायत दर्ज करवाने के लिए टोल फ्री नंबर-1912 की क्षमता लगभग दोगुनी जाएगी। इससे उपभोक्ताओं को अपनी समस्याएं दर्ज करवाने में आसानी होगी। शक्ति भवन में सोमवार को पावर कॉरपोरेशन अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने टोल फ्री नंबर-1912 की समीक्षा की और क्षमता बढ़ाने के आदेश दिए। टोल फ्री नंबर की अब तक इनकमिंग के लिए 350 लाइनें थीं, जिसे बढ़ाकर 650 किया जाएगा। इस तरह से आउटगोइंग की 300 लाइनों को मिलाकर 1912 की क्षमता 950 की जाएगी। हालांकि, आवश्यकता अनुसार इसे भी घटाया जाएगा। डॉ. गोयल ने बताया कि अक्तूबर से ये सभी सुधार लागू हो जाएंगे।

डॉ. गोयल ने अधिकारियों को आदेश दिए कि उपभोक्ता केयर सेंटर की निगरानी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम बनाई जाए, जो नियमित मॉनीटरिंग करे। इसके अतिरिक्त कॉल सेंटर से कर्मचारियों के प्रशिक्षण की नियमित व्यवस्था की जाए ताकि वे उपभोक्ताओं से अच्छे व्यवहार के साथ सही जानकारी दे सकें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता सेवा को बेहतर बनाने के लिए लगातार सजगता बरती जाए। कॉल ड्रॉप की समस्या न आए यह सुनिश्चित किया जाए। सभी एमडी अपने डिस्कॉम में कॉल सेंटर की नियमित समीक्षा करें। डॉ. गोयल को जानकारी दी गई कि शिकायतों के लिये चैटबोट लोकप्रिय हो रहा है। इसी तरह ई-मेल, वेबसाइड आदि के माध्यम भी उपभोक्ताओं में लोकप्रिय हो रहे है। पूर्वांचल के लिए चैटबोट नंबर- 8010968292, मध्यांचल में 8010924203, दक्षिणांचल में 8010957826, पश्चिमांचल में 7859804803, केस्को में 8287835233 है। इसके अतिरिक्त पावर कॉरपोरेशन के कंज्यूमर एप या 1912 एप का प्रयोग कर सकते हैं।

### युवक ने पत्नी की नाक काट कर अलग की, केस

मड़ियांव इलाके में एक युवक ने पत्नी की जमकर पिटाई की और मुंह से उसकी नाक काट दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। युवक पर माता-पिता के साथ भी मारपीट का आरोप है। युवक के पिता ने ही मुकदमा दर्ज कराया है। गायत्रीनगर निवासी राघवेंद्र मिश्र के मुताबिक बेटा अरविंद आए दिन पत्नी, मां और उसके साथ मारपीट करता है। शनिवार को अरविंद अपनी पत्नी बबिता को लाठी-डंडों से पीटने लगा। यह देखकर उसकी मां रामकुमारी बचाने पहुंची तो आरोपी ने उनकी भी डंडों से पिटाई कर दी। कुछ देर बाद वह चाकू लेकर पत्नी को मारने दौड़ा तो मां ने चाकू छीन लिया। अरविंद ने पत्नी की नाक अपने मुंह से काट कर अलग कर दी। जिससे वह खून से लथपथ हो गई। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। आरोपी के छोटे भाई गोविंद ने पुलिस को सूचना दी। घटना को लेकर राघवेंद्र ने बेटे अरविंद के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि मामले में कार्रवाई की जा रही है।

## दिल्ली जा रही जनरथ बस खराब, यात्री की जरूरी बैठक छूटी

करण वाणी न्यूज



**लखनऊ।** लखनऊ से दिल्ली के लिए चली जनरथ एसी बस आगरा एक्सप्रेस वे पर खराब हो गई। इसके कारण एक यात्री की दिल्ली में जरूरी बैठक छूट गई। अन्य यात्री भी खासे परेशान हुए। रोडवेज की खराब स्थिति को लेकर यात्री ने परिवहन मंत्री से शिकायत की। जनरथ एसी बस यूपी 78 एफटी 8312 आलमबाग बस अड्डे से दिल्ली के लिए 15 अगस्त को रात करीब 11 बजे निकली। नोएडा जाने के लिए इस पर आलमबाग से निशांत चौरसिया सवार हुए। उनकी 16 अगस्त को नोएडा में एक जरूरी बैठक थी। मंत्री से की शिकायत में उन्होंने बताया कि आलमबाग बस अड्डा से निकलने के बाद बस पहले डिपो गई।

यहां कंडक्टर ने बताया कि बस में थोड़ी दिक्कत है। सही करवा कर तुरंत निकलते हैं। यहां से लगभग एक घंटे बाद बस निकली। आगरा एक्सप्रेस-वे पर पहुंचने पर बस की गति कम होने लगी। धीमी गति से चलती बस लखनऊ से लगभग 200 किमी दूर पहुंची तो बंद हो गई। उस समय सुबह के पांच बजे थे। कंडक्टर ने बताया कि बस का प्रेशर मेंटेन करने वाला सिस्टम काम नहीं कर रहा है। दूसरी बस मुहैया करवाने के लिए यात्रियों ने आरएम और एआरएम का नंबर लगाया, लेकिन फोन नहीं उठा। कंडक्टर ने भी अधिकारियों को फोन किया पर कोई जवाब नहीं मिला। मजबूरी में यात्रियों ने प्राइवेट बस पकड़ कर आगे की यात्रा की। निशांत ने बताया कि समय से नोएडा न पहुंच पाने पर वह जरूरी बैठक में शामिल नहीं हो पाए। अन्य यात्रियों को भी परेशानी उठानी पड़ी।

## कोचिंग जा रही छात्रा से शोहदों ने की छेड़छाड़

करण वाणी न्यूज

**लखनऊ।** गौतमपल्ली के मार्टिनपुरवा में कोचिंग जा रही छात्रा के साथ मोहल्ले के ही दो युवकों ने छेड़छाड़ की। विरोध पर छात्रा का हाथ पकड़कर घसीटने लगे। छात्रा ने पापा को फोन मिलाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। मार्टिनपुरवा निवासी छात्रा के पिता के मुताबिक उनकी 19 वर्षीय बेटी एक कॉलेज से बीए कर रही है। साथ में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है। शनिवार शाम को बेटी कोचिंग जाने के लिए घर से निकली थी। वह घर से कुछ दूर आगे बढ़ी ही थी तभी मोहल्ले के ही शिवम और विकास रावत सरेराह छात्रा को रोककर छेड़छाड़ करने लगे।

छात्रा ने विरोध जताया तो आरोपी हाथ पकड़कर घसीटने लगे। चीख पुकार मचाते हुए छात्रा ने फोन मिलाकर अपने पिता को फोन कर आरोपियों की हरकत के बारे में बताया तो दोनों अंजाम भुगतने की धमकी देते हुए भाग निकले। छात्रा का आरोप है कि दोनों



आरोपी काफी समय से उसे परेशान कर रहे थे। पर उनकी हरकतों को नजरअंदाज कर रही थी। इंस्पेक्टर गौतमपल्ली रत्नेश सिंह के मुताबिक तहरीर पर रविवार को मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। पत्नी से छेड़छाड़ की शिकायत पर पति का पैर तोड़ा काकोरी। काकोरी में पत्नी के साथ छेड़छाड़ कर गाली गलौज की शिकायत करने पहुंचे पति की पिटाई कर आरोपी ने पैर तोड़ दिया। यह आरोप लगा पीड़ित ने काकोरी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। मौंदा निवासी पीड़ित के मुताबिक रविवार को उनकी पत्नी घर के पास खड़ी थी इस बीच गांव के रिंकू यादव ने छेड़छाड़ कर गाली गलौज करने लगा। पत्नी के चीख पुकार मचाने पर आसपास के लोगों को जुटता देख वह भाग निकला। शाम को वह घर पहुंचे तो पत्नी ने रिंकू यादव की करतूत के बारे में बताया।

वह शिकायत करने आरोपी रिंकू के घर पहुंचे तो उसने रॉड से पिटाई कर उनका पैर तोड़ दिया। किसी तरह वह अपनी जान बचाकर घर आया। इंस्पेक्टर काकोरी के मुताबिक रिंकू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। किराएदार ने गर्भवती महिला से की अश्लील हरकत लखनऊ। रहीमनगर मोहल्ले में किराएदार शिवम सिंह गर्गवंशी ने गर्भवती महिला के साथ अश्लील हरकत की। विरोध पर आरोपी ने गाली गलौज कर घर में मौजूद अन्य लोगों के साथ मारपीट की। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश मिश्रा के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## गौ संरक्षण कार्यों में लापरवाह छह सीवीओ को शासन ने जारी की कड़ी चेतावनी

करण वाणी न्यूज

**लखनऊ।** गोशालाओं में गोसंरक्षण कार्यों में उदासीनता, लापरवाही बरतने पर सीतापुर, बरेली, मुरादाबाद, पीलीभीत, फर्रुखाबाद तथा बदायूं जिले के मुख्य पशुचिकित्साधिकारियों (सीवीओ) को शासन की ओर से कड़ी चेतावनी जारी की गई है। साथ ही सचेत किया गया है कि वे तत्काल कार्यशैली में सुधार लाएं। सोमवार को पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह गौसंरक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के कई जिलों से गौ संरक्षण कार्यों में आ रही शिकायतों को लेकर अप्रसन्नता व्यक्त की और अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि गोसंरक्षण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री सिंह ने अधिकारियों से कहा कि वे प्रतिदिन गौशालाओं का निरीक्षण करें। बाढ़ से प्रभावित जिलों में पशुधन की सुरक्षा के लिए विशेष सतर्कता बरती जाए। पशुधन मंत्री ने पशुधन की सुरक्षा एवं खुरपका, मुंहपका एवं अन्य संक्रामक रोगों से उनके बचाव के लिए शत-प्रतिशत टीकाकरण कार्य को प्राथमिकता दिए जाने के भी निर्देश दिए। कहा कि पूर्वांचल एवं अन्य स्थानों से पशुओं में लम्पी स्किन डिजीज के संक्रमण की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल वैक्सीनेशन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाएं। किसी भी दशा में संक्रमण फैलने न पाए। यह भी कहा कि किसी भी संक्रामक रोग से पशुधन की हानि न हो। वैक्सीन एवं दवाओं की कोई कमी न हो और दवाओं की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि बर्ड फ्लू के दृष्टिगत प्रदेश के सभी पोल्ट्री फार्मों की कड़ी निगरानी करने एवं केंद्र और राज्य सरकार की गाइडलाइन के अनुरूप सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

## आईईटी में हाईटेक प्रयोगशालाएं व कक्षाएं

### आर्किटेक्चर फैकल्टी में आईकेएस सेंटर को मंजूरी

करण वाणी न्यूज

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में सोमवार को कुलपति की अध्यक्षता में वित्त समिति की बैठक हुई। बैठक में करीब 142 करोड़ रूपये के बजट पर चर्चा की गई। साथ ही कई प्रस्तावों के लिए बजट तय किया गया। कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडेय ने बताया कि विश्वविद्यालय के घटक संस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी लखनऊ के लिए 54 करोड़ के बजट का प्रस्ताव पास हुआ।

इस बजट के जरिए संस्थान को आधुनिक तकनीकी से युक्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके तहत अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, हाइटेक क्लासरूम, सेंटर ऑफ एक्सिलेंस बनाया जाएगा। ताकि छात्रों को अच्छी से अच्छी तकनीकी और शिक्षा मुहैया करायी जा सके।

नैक समिति के निरीक्षण के दौरान विश्वविद्यालय में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाये जाने का सुझाव दिया गया था। जिसके तहत फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग में धरोहर (ए रिपोसिटरी फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम आइकेएस सेंटर) बनाए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इसके लिए 50 लाख रूपये का बजट तय किया गया है। साथ ही आईकेएस में माइनर कोर्स चलाने के प्रस्ताव पर भी मुहर लगी। वहीं एफओएपी के सभी कर्मियों को आधुनिक तकनीकी में सबल बनाने के लिए 50 लैपटॉप देने के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी। संस्थान के महिला छात्रावास के उच्चीकरण के लिए 13 लाख रूपये का बजट स्वीकृत किया गया। विभिन्न प्रस्तावों को वित्त अधिकारी एवं कार्यवाहक कुलसचिव केशव सिंह ने प्रस्तुत किया। इस दौरान प्रति कुलपति प्रो. राजीव कुमार, आईईटी के निदेशक प्रो. विनीत कंसल, एफओएपी की प्राचार्या प्रो. वंदना सहगल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कर्मचारियों को अब मुफ्त इलाज की सुविधा बैठक में विश्वविद्यालय और घटक संस्थानों के कर्मियों के कल्याण के लिए भी कई प्रस्तावों पर मुहर लगी। इसमें कर्मचारी कल्याण कोष के तहत किसी भी कर्मचारी के मृत्यु पर 15 लाख रूपये, एनपीएस कर्मियों को राज्य सरकार के शासनादेश को अंगीकृत करते हुए मृत्यु पर पुरानी सुविधाओं का लाभ, महिला कर्मियों को शिशु देखभाल अवकाश, प्रसूति अवकाश, विभिन्न बीमा कंपनियों के जरिए कर्मचारियों और उनके परिजनों के लिए 10 लाख रूपये का निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्यकीय सुविधा, ब्याज रहित अग्रिम भुगतान सात लाख व दस लाख रूपये करने के प्रस्ताव को हरी झंडी दी गई। इन अहम प्रस्तावों पर भी लगी मुहर 1. विश्वविद्यालय में विजिटिंग, डिजिन्स्टिगुइस और एमिरिट्स प्रोफेसर रखे जाएंगे। 2. परिसर में पहली बार शुरू किए गए बीटेक पाठ्यक्रम के लिए बजट तय। 3. सामाजिक कार्यों के तहत गोद लिए गए गांवों में कार्य कराने आदि के लिए एक करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया। कैंपस में बीटेक के लिए फिजिकल रिपोर्टिंग शुरू एकेटीयू के सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज में पहली बार शुरू हो रहे बीटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए सोमवार से छात्रों की फिजिकल रिपोर्टिंग शुरू हो गई। फिजिकल रिपोर्टिंग 21 तक चलेगी। इसके लिए अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देशीय सभागार में 10 डेस्क लगाए गए हैं। छह डेस्कों पर छात्रों के प्रमाणपत्रों की जांच की गई। जबकि हेल्प डेस्क, फीस काउंटर और फिजिकल रिपोर्टिंग का डेस्क लगाया गया।

## लखनऊ में लगेगा रोजगार महाकुंभ

### 50 हजार युवाओं को मिलेगी नौकरी, 100 से ज्यादा कंपनियां होंगी शामिल

करण वाणी न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 26 से 28 अगस्त तक रोजगार महाकुंभ का आयोजन होगा। इसके प्रचार-प्रसार के लिए श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने सोमवार को विधान सभा से रोजगार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभियान के तहत 50 युवाओं को रोजगार मुहैया कराने का लक्ष्य है। इसमें करीब 15 नौकरियां विदेश के लिए होंगी।

श्रम मंत्री ने बताया कि सेवायोजन विभाग ने रोजगार संगम पोर्टल विकसित किया है। इसमें भर्ती एजेंसियों, नियोजकों और नौकरी चाहने वालों के लिए पंजीकरण की व्यवस्था है। विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. एमके शन्मुगा सुंदरम ने बताया कि रोजगार महाकुंभ में एक लाख से अधिक युवाओं का पंजीकरण कराने



का लक्ष्य है। युवाओं के लिए संयुक्त अरब अमीरात, जापान और जर्मनी जैसे देशों में प्लेसमेंट की काफी संभावनाएं हैं।

इसे देखते हुए मल्टी नेशनल कंपनियों को भी महाकुंभ में आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि 35 हजार से अधिक नौकरियां देश की अग्रणी कंपनियों में दी जाएंगी। इससे विनिर्माण, आईटी, सेवा क्षेत्र और उभरते उद्योगों को कुशल कार्यबल उपलब्ध होगा। रोजगार महाकुंभ में 100 से अधिक भर्ती साझेदारों के शामिल होने की संभावना है। इनमें 20 अंतरराष्ट्रीय कंपनियां हैं। महाकुंभ में 10 हजार से अधिक ऑफर लेटर जारी किए जाएंगे। इनमें दो हजार से अधिक विदेश में नौकरी से संबंधित होंगे।

मंत्री ने बताया कि हाल ही में प्रदेश के 5978 निर्माण श्रमिकों को इस्राइल भेजा गया है। इसकी सराहना अन्य देशों में भी हो रही है। वर्तमान में जर्मनी, जापान और इस्राइल से नर्स और केयरगिवर की रिक्तियां मिली हैं। ये नौकरियां 1.50 लाख रुपये तक के वेतन वाली हैं। खाड़ी देशों से भी विभिन्न क्षेत्रों में कुशल कामगारों की मांग है। सेवायोजन निदेशक नेहा प्रकाश ने बताया कि रोजगार महाकुंभ में एआई प्रशिक्षण मंडप विशेष आकर्षण होगा। इसमें उद्योग जगत के अग्रणी विशेषज्ञों के सहयोग से डिजिटल कौशल और एआई-संचालित नौकरी की तैयारी पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। प्रदर्शनी में सरकारी पहलों और भविष्य के कौशल

## विद्यालय स्तरीय तैराकी, डाइविंग एवं वॉटरपोलो के विजेता सम्मानित

करण वाणी न्यूज

**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से अंडर 14, 17 एवं 19 आयु वर्ग के बालक बालिकाओं की विद्यालय स्तरीय प्रदेश तैराकी, डाइविंग एवं वॉटरपोलो प्रतियोगिता केडी सिंह बाबू स्टेडियम के तरणताल में शुरू हुई। जेडी डॉ. प्रदीप कुमार ने उदघाटन किया और सभी खिलाड़ियों को खेल शपथ दिलाई। प्रतियोगिताओं में मिर्जापुर और गोरखपुर के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। जेडी ने सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के सह संयोजक डीआईओएस राकेश कुमार, उप शिक्षा निदेशक रेखा दिवाकर आदि मौजूद रहे। मण्डलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश की 20 टीम हिस्सा ले रही हैं। इसमें सैफई स्थित मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज की टीम के अलावा प्रत्येक मंडल की एक-एक टीम शामिल है। प्रतियोगिताएं 20 अगस्त तक चलेंगी। अंडर 19 बालक वर्ग 1500 मीटर फ्री स्टाइल में मिर्जापुर के विश्वनाथ आनंद को पहला, यहीं के अभिशांक साहनी को दूसरा और आजमगढ़ के विश्वजीत प्रजापति को तीसरा स्थान मिला 100 मीटर बैक स्ट्रोक में मिर्जापुर के जयराज श्री को पहला, गोरखपुर के विश्वजीत यादव को दूसरा और मिर्जापुर के गौरव निषाद को तीसरा स्थान मिला। 100 मीटर बटरफ्लाई में आजमगढ़ के यथार्थ सिंह यादव को पहला, मिर्जापुर के विराट निषाद को दूसरा और गोरखपुर के आकाश चौहान को तीसरा स्थान मिला। 200 मीटर फ्री स्टाइल में स्पोर्ट कॉलेज सैफई के राज चौहान को पहला मुरादाबाद के आकाश को दूसरा और गोरखपुर के शिवम चौहान को तीसरा स्थान मिलझ। अंडर 19 बालिका वर्ग 800 मीटर फ्री स्टाइल में गोरखपुर की अंकिता चौहान को पहला,100 मीटर बैक स्ट्रोक में वाराणसी की पूर्णिमा को पहला व यहीं की पायल साहनी को दूसरा और गोरखपुर की करिश्मा को तीसरा स्थान मिला। 100 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में गोरखपुर की अंकिता कनौजिया को पहला, 200 मीटर फ्री स्टाइल में गोरखपुर की अंकिता चौहान को पहला, वाराणसी की शिखा साहनी को दूसरा स्थान और 4×100 मीटर फ्री स्टाइल रिले में गोरखपुर विजेता बना। इसके अलावा अंडर 17 बालक वर्ग व बालिका वर्ग और अंडर 14 बालक व बालिका वर्ग में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

संक्षिप्त खबरें

## 2000 फीट ऊंची तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**लखनऊ।** 79वें स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति के जज्बे से सराबोर राजधानी लखनऊ में सेंचुरियन डिफेंस अकादमी ने गुरुवार को 2000 फीट ऊंची तिरंगा यात्रा 2025 का आयोजन किया। यूपी सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार और अकादमी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक शिशिर दीक्षित ने हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया। यह यात्रा लोहिया पार्क से 1090 चौराहे तक निकाली गई। इस यात्रा में अकादमी के छात्रों, शिक्षकों और बड़ी संख्या में लोगों ने जोश-खरोश से हिस्सा लिया। 2000 फीट लंबा तिरंगा लहराते ही माहौल 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से गूंज उठा। अकादमी के अध्यक्ष ने कहा कि तिरंगे के साथ राष्ट्रीय पर्व मनाना हमें इसके असली महत्व की याद दिलाता है। हर नागरिक को राष्ट्रवाद और समाजवाद के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए।÷ भारत सरकार के 'हर घर तिरंगा' अभियान को और बल मिला जब रक्षा सेवाओं में जाने के इच्छुक युवाओं ने गर्व से इस तिरंगे को थामा।

## झुंझुनूं वाली दादी जी का 22वां झूला उत्सव

**लखनऊ।** मंगल कलश उठाने वाली आज खुला है भाग्य तेरा आशीर्वाद मिला है मां का अमर रहेगा सुहाग तेरा, जैसे भजनों की बीच जब 281 महिलाओं की भव्य मंगल कलश यात्रा निकली तो हर कोई भक्ति के रंग में रंग गया। मौका था श्री दादी परिवार लखनऊ की ओर दो दिवसीय झूला उत्सव के पहले दिन गुरुवार को कलश यात्रा का। श्री दादी परिवार के महामंत्री सुनील तुलस्यान की अगुआई में गाजे बाजे के साथ निकाली गई। कलश यात्रा बाबूगंज से शुरू हुई। जिधर शोभा यात्रा निकली उधर दादी की जय जयकार रही। यात्रा में दादी जी का सुन्दर रथ आकर्षण का केन्द्र बना रहा। लोग दादी के दर्शन और आरती करने के लिए उमड़ पड़े। लोगों ने पुष्पों की वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। मंगल कलश उठाने वाली महिलाओं में श्रीमती द्रौपदी तुलस्यान, जमुना तुलस्यान, बिंदू बोरा, अंजू गुप्ता, पूनम अग्रवाल, रूचि तुलस्यान, चित्रा तुलस्यान, खुशबू तुलस्यान, श्वेता अग्रवाल, रोली जैन, माया अग्रवाल, रेनू अग्रवाल आदि शामिल हुईं। इसके अलावा श्री दादी परिवार के संरक्षक विधायक डा. नीरज बोरा, भारत भूषण गुप्ता, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, पुष्पा डालमिया, गिरजा शंकर अग्रवाल, पदम बंसल, संजय बंसल, आशीष अग्रवाल व अध्यक्ष अनिल अग्रवाल कोषाध्यक्ष बजरंग अग्रवाल व सदस्य आशुतोष तुलस्यान, मनीष तुलस्यान, नरेश बंसल, राजेश चंद्र अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, दीपक अग्रवाल,अमन जैन, गौरव अग्रवाल, निश्चल अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, समेत सैकड़ों भक्त यात्रा में चल रहे थे। यात्रा में पवन मिश्रा ने भजन सुनाकर दादी को खूब रिझाया। श्याम तो गाओ खुशी मनाओ झूमो रे सब आज दादी आई है, के भजनों पर लोग खूब झूमे। यात्रा बाबूगंज से रामकृष्ण मठ होते हुये आठ नम्बर चौराहा स्थित होटल रेगनेंट पर समाप्त हुई।

## धमकी मत दो, धमकी का जवाब मिलेगाः राकेश प्रताप

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में 24 घंटे का विशेष मैराथन सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा लाए गए विजन डॉक्यूमेंट्स पर चर्चा हुई।सदन का माहौल उस वक्त गरमा गया जब सपा के निष्कासित विधायक राकेश प्रताप सिंह ने समाजवादी पार्टी के नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए। धमकी मत दो, धमकी का जवाब धमकी से मिलेगा- राकेश प्रताप सिंह का गुस्सा फूटा राकेश प्रताप सिंह ने विधानसभा में कहा कि समाजवादी पार्टी के कुछ नेताओं ने अधिष्ठाता पीठ को धमकी दी है कि अगर उन्हें बोलने का मौका नहीं मिला, तो वे सदन में बवाल करेंगे। उन्होंने इस व्यवहार को पीठ का अपमान बताया। इसके बाद सपा विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया, जिससे राकेश प्रताप सिंह और ज्यादा नाराज हो गए। उन्होंने तीखे लहजे में कहा कि धमकी मत दो, धमकी का जवाब धमकी से दिया जाएगा !श् उन्होंने आगे सवाल उठाया कि अभय सिंह को सत्ता पक्ष में कैसे जोड़ा जा रहा है, जबकि उन्होंने ऐसा कोई समर्थन पत्र नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा पत्र है, तो उसे सदन में पेश किया जाए। हंगामे को बढ़ता देख सपा के मुख्य सचेतक कमाल अख्तर ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

## हम न सत्ता के साथ न सपा केः राजा भैया

**लखनऊ।** रघुराज प्रताप सिंहश्राजा भैयाश् ने स्पष्ट कियारू ना सत्ता पक्ष में, ना सपा के साथ जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के अध्यक्ष और विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने भी अपनी स्थिति साफकी। उन्होंने कहा कि श्हम, मनोज पांडेय, अभय सिंह और राकेश प्रताप सिंह न तो सत्ता पक्ष में हैं, न ही सपा के साथ। हम एक सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं, कुंठित राजनीति में विश्वास नहीं रखते।

## यूपी बना देश का ग्रोथ इंजन-अनुपमा

**लखनऊ।** बहराइच सदर से भाजपा विधायक अनुपमा जायसवाल ने अपने भाषण में योगी सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि पहले यूपी को बीमारू राज्य कहा जाता था, लेकिन अब इसे देश का ग्रोथ इंजन कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था में सुधार से प्रदेश की छवि बदली है। ओडीओपी योजना ने जिलों को पहचान दी है और एक्सप्रेसवे प्रदेश के विकास की धमनियां बन चुके हैं। इस परिवर्तन के पीछे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नेतृत्व क्षमता है।

## विधान भवन परिसर में सीएम योगी से मिली श्रद्धा ठाकुर, मिलकर कहा धन्यवाद



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनता की छोटी से छोटी जरूरतों को किस प्रकार से अपनी प्राथमिकताओं में रखते हैं इसकी बानगी गुरुवार को विधान भवन परिसर में तब देखने को मिला जब सीएम योगी 9 वर्ष की बच्ची से मुलाकात कर उसे दुलारते दिखे। दरअसल, मुख्यमंत्री मानसून सत्र के अंतिम दिन सदन में हिस्सा लेने विधान भवन पहुंचे थे। तभी उनकी नजर नन्ही बच्ची श्रद्धा ठाकुर पर पड़ी। सीएम योगी मुस्कराते हुए श्रद्धा की तरफ देखा और उसे अपने पास बुलाया। सीएम योगी ने बच्ची श्रद्धा से उसकी पढ़ाई के बारे में पूछा, दुलारा और आशीर्वाद देते हुए आगे बढ़ गए। दरअसल, लखनऊ की रहने वाली नन्ही बच्ची श्रद्धा सिंह ठाकुर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने पहुंची थी। लखनऊ की गुडुम्बा क्षेत्र की रहने वाली श्रद्धा ठाकुर कुर्सी रोड स्थित एक निजी स्कूल में पढ़ती है। श्रद्धा ने इसी वर्ष 26 जनवरी को सीएम योगी से मिलकर अपने स्कूल की खस्ताहाल सड़क के निर्माण की मांग की थी। सीएम योगी ने उस समय गंभीरता से छात्रा की बात सुनी और तुरंत सड़क निर्माण को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सड़क का निर्माण पूरा होने पर वह अपने पिता के साथ धन्यवाद कहने आई थी। श्रद्धा ने बताया कि मेरी मांग के बाद 6 महीने में ही योगी सरकार ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सड़क निर्माण का कार्य पूरा कराया। इसके लिए मैं अपने पिताजी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद करने यहां आई थी। उन्होंने हमसे हालचाल और पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और आशीर्वाद दिया।

# स्वतंत्रता दिवस और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

### डीजीपी ने दिए निर्देश

करण वाणी न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस और श्री कृष्ण जन्माष्टमी को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सभी संवेदनशील और सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि मंदिर उत्सवों, जुलूसों और मेलों के आयोजकों के साथ बैठकें आयोजित की गई हैं। सभी संवेदनशील और सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में राजपत्रित अधिकारियों की निगरानी में पुलिस की तैनाती, फ्लैग मार्च और पैदल गश्त बढ़ा दी गई है। इससे एक दिन पहले ही उत्तर प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस समारोह और उसके अगले दिन जन्माष्टमी के मद्देनजर राज्य भर में कड़ी सतकर्ता बरतने और प्रभावी कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए गए थे। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने जिला और कमिश्नरेट पुलिस प्रमुखों को फ्लैग मार्च, तिरंगा रैलियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित सभी प्रमुख कार्यक्रमों की सूची बनाने और उसके अनुसार व्यापक सुरक्षा और यातायात व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। रेलवे और मेट्रो स्टेशनों, बस टर्मिनलों, हवाई अड्डों, सिनेमा हॉल, शॉपिंग मॉल, होटल, गेस्ट हाउस, धार्मिक स्थलों और अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा कड़ी करने को कहा है। राज्य और जिला सीमाओं पर निरंतर जाँच, सीसीटीवी निगरानी और चेक-पोस्ट कर्मचारियों को सख्त ब्रीफिंग पर जोर दिया गया है। माइक्रोलाइट विमानों, ड्रोन, पैराग्लाइडरों और अन्य मानवरहित हवाई वस्तुओं पर कड़ी निगरानी रखने और सभी अनधिकृत उड़ानों पर रोक लगाने के भी निर्देश दिए हैं। प्रतिबंधित या चरमपंथी संगठनों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए स्थानीय खुफिया इकाइयों और सोशल मीडिया सेल को सक्रिय किया गया है और जरूरत पड़ने पर तुरंत निवारक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला पुलिस बलों को आवासीय कॉलोनियों में किरायेदारों का सत्यापन करने, अवैध हथियारों और विस्फोटकों की तस्करी पर अंकुश लगाने और जन्माष्टमी कार्यक्रमों के सुचारू संचालन के लिए सिविल मजिस्ट्रेट, नगर निकायों और उपयोगिता विभागों के साथ समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जुलूसों की वीडियोग्राफी और ड्रोन निगरानी अनिवार्य कर दी गई है, साथ ही जहाँ भी आवश्यक हो, बम निरोधक दस्तों और खोजी कुत्तों का इस्तेमाल भी किया जाएगा।

# बीजेपी नेत्री को शादी का झांसा देकर बैड टच किया

▸▸ जीवनसाथी डॉट कॉम पर फर्जी प्रोफाइल बनाया, इंगेजमेंट से मुकरा

करण वाणी न्यूज



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के सुशांत गोल्फसिटी थाना क्षेत्र में मारुति कंपनी के असिस्टेंट सर्विस मैनेजर पर भाजपा नेत्री को शादी का झांसा देकर छेड़छाड़ का आरोप लगा है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने जीवनसाथी डॉट कॉम पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर खुद को तलाकशुदा बताया और मिलने के बहाने बुलाकर बैड टच किया। इसके बाद इंगेजमेंट की तारीख तय करके मुकर गया। अर्जुनगंज निवासी युवती भारतीय जनता पार्टी की बूथ अध्यक्ष है। पीड़िता ने बताया कि उसकी मुलाकात बीबीडी क्षेत्र निवासी हर्षवर्धन कश्यप नाम के युवक से जीवनसाथी डॉट कॉम एप पर हुई थी। हर्षवर्धन ने खुद को मारुति कंपनी ब्राइट फोरव्हील्स प्राइवेट लिमिटेड, जगदीशपुर अमेठी में असिस्टेंट सर्विस मैनेजर बताया। बातचीत के दौरान उसने कहा कि पांच साल पहले पत्नी से तलाक हो चुका है और वह उसे पसंद करता है, शादी करना चाहता है। पीड़िता का आरोप है कि 13 जून को हर्षवर्धन ने अंसल पार्क बुलाकर शादी के लिए प्रपोज किया और अंधेरे का फायदा उठाकर बैड टच किया। 7 जुलाई को दोबारा मिलने पर उसने 12 जुलाई को इंगेजमेंट की तारीख तय की, लेकिन इस दौरान भी उसके साथ गलत हरकत की। शादी के झांसे में आकर पीड़िता कुछ बोल नहीं पाई। पीड़िता का कहना है कि इंगेजमेंट के एक दिन पहले आरोपी ने वॉट्सऐप कॉल कर सारे मैसेज, कॉल और फोटो डिलीट करने की धमकी दी। इसके बाद कॉल और मैसेज देखना बंद कर दिया। जांच में पता चला कि आरोपी शादीशुदा है और दो बच्चों का पिता है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने लड़कियों को फंसाने के लिए शादी डॉट कॉम पर गलत जानकारी और फर्जी पता डाल रखा है। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फसिटी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## फन रिपब्लिक मॉल में शुरू हुआ 'फील लाइक ए सोल्जर, स्वतंत्रता दिवस समारोह'

**लखनऊ।** फन रिपब्लिक मॉल ने आज से अपने विशेष चार दिवसीय कार्यक्रम फील लाइक ए सोल्जर दृ स्वतंत्रता दिवस समारोह÷ की भव्य शुरुआत की, जो लखनऊवासियों को देशभक्ति, गौरव और एकता की भावना से जोड़ रहा है। 14 अगस्त से 17 अगस्त तक चलने वाले इस आयोजन में रोमांचक गतिविधियाँ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और सैनिकों को समर्पित कई प्रेरणादायक कार्यक्रम शामिल हैं। कार्यक्रम की प्रमुख झलकियाँ 14 अगस्त आर्मी-स्टाइल ऑब्स्टेकल सेटअप का अनावरण विशेष रूप से तैयार किए गए आर्मी-स्टाइल ट्रैक पर आगंतुक अपनी हिम्मत, ताकत और दृढ़ संकल्प की परीक्षा ले सकते हैं। 15 अगस्त दृ लाइव देशभक्ति प्रस्तुतियाँ स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में संगीत, नृत्य और रंगारंग कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्र को भावभीनी श्रद्धांजलि दी जाएगी। 16 अगस्त सशस्त्र सीमा बल का ब्रास बैंड प्रदर्शन भारतीय सशस्त्र बलों की गौरवशाली धुनों से मॉल का एट्रियम गूंज उठेगा, जब ब्रास बैंड अपनी लाइव परफॉर्मेंस देगा।

## कैसरबाग का ग्लोब बेकर्स एंड कैफे सील,345 रसगुल्ला, छेना-काला जाम खराब मिले

करण वाणी न्यूज



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में स्वतंत्रता दिवस से ठीक एक दिन पहले खाद्य सुरक्षा विभाग ने कैसरबाग बस स्टेशन के पास स्थित ग्लोब बेकर्स एंड कैफे को सील कर दिया। निरीक्षण में यहां गंदगी, मृत कीड़े-मकौड़े और एक्सपायर्ड मिठाई-बेकरी सामग्री मिली, जिसे मौके पर नष्ट किया गया। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय के निर्देश पर गुरुवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की संयुक्त टीम बी.एन. कटियार, राजेन्द्र कुमार, हेमन्त कुमार और प्रीति वर्मा ने ग्लोब बेकर्स एंड कैफे का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि प्रतिष्ठान के उत्पादन और भंडारण क्षेत्र में सफाई का अभाव था। मिठाई और बेकरी सामान के बीच मृत मक्खियां और मच्छर मौजूद थे, जिससे स्वास्थ्य जोखिम बढ़ गया था। टीम को रसगुल्ला 100 पीस, छेना रसगुल्ला 70 पीस, कालाजाम 100 पीस, रसमलाई 75 पीस, एक किलो का केक, तीन किलो काजू कतली, 72 मोमोज, 2.5 किलो इन हैन्स जेली और 5.5 किलो बेकरी बिस्किट एक्सपायर्ड अवस्था में मिले। इनकी कुल कीमत 25,500 थी, जिसे जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मौके पर नष्ट कर दिया गया। इसके साथ ही प्रतिष्ठान से मिश्रित दूध, पेस्ट्री, पेड़ा, खोया की गिलौरी मिठाई और केक के नमूने जांच के लिए लिए गए। गंभीर लापरवाही को देखते हुए विभाग ने तत्काल प्रभाव से कारखाना बंद करने का आदेश जारी किया।

# बुद्धेश्वर-बदल खेड़ा में जलभराव पर बवाल,गुस्साई जनता ने मोहन रोड पर लगाया जाम

करण वाणी न्यूज



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के बुद्धेश्वर चौराहा और बदल खेड़ा जनता विहार कॉलोनी के गुस्साए लोगों ने नगर निगम और जनप्रतिनिधियों पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए मोहन रोड पर जाम लगा दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि क्षेत्रीय विधायक और महापौर सुषमा ने आज तक इलाके का दौरा नहीं किया। बीती रात हुई बारिश में कॉलोनी और बादल खेड़ा रोड पर पानी भर गया, जिससे कई घरों और दुकानों में पानी घुस गया।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, 15 साल पुराना नाला अतिक्रमण की वजह से पूरी तरह जाम हो चुका है। नाले पर कुछ लोगों ने अपने जानवर बांध रखे हैं, जिससे मल,मूत्र और गोबर सीधे नाले में गिरता है और पानी निकासी ठप हो जाती है। बादल खेड़ा रोड व्यापार मंडल अध्यक्ष बबलू गुप्ता ने बताया कि दुकानों में पानी घुसने से लाखों का नुकसान हुआ है।

निवासी सुशील कुमार साहू ने बताया कि बारिश में घर पानी से भर गया, फिर भी नगर निगम ने टैक्स न भरने पर कुर्की नोटिस भेज दिया। संतराम मौर्य के अनुसार, लापरवाही के चलते उनके घर के पीछे की दीवार गिर गई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाया और स्थिति सामान्य कराई।

# पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए मंदिर में कर ली शादी

करण वाणी न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के दुबग्गा इलाके में एक महिला ने अपने पति पर धमकी, मारपीट और चोरी का गंभीर आरोप लगाया है। बसंतकुंज योजना निवासी पीड़िता ने बताया वह पिछले 4-5 साल से आशू रावत के साथ रिलेशनशिप में थी। अलग होने का फैसला करने पर आशू ने धमकी दी कि वह उसकी निजी वीडियो वायरल कर देगा। कुछ दिन बाद वीडियो सोशल मीडिया पर डाल भी दिया। पीड़िता ने थाने में केस दर्ज कराया तो आशू ने गिरफ्तारी से बचने के लिए मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से शादी कर ली। शादी के बाद वह करीब 4-5 महीने ससुराल में रहा, लेकिन कोई काम नहीं करता था। पीड़िता का आरोप है कि आशू के अन्य महिलाओं से भी संबंध हैं। पीड़िता के नौकरी पर जाने के दौरान आशू ने घर से 20 हजार रुपए नकद और 20 हजार की चांदी की पायल चुरा ली। जब विरोध किया तो गाली-गलौज और मारपीट की, दहेज के लिए प्रताड़ित किया और 15 अक्टूबर 2024 को घर छोड़कर भाग गया। तब से वह वापस नहीं आया। पीड़िता का कहना है कि उसका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। महिला को जानकारी मिली है कि आरोपी फिलहाल डॉ. कुलदीप के पास ढाल, दिलीप टेंट हाउस के गोदाम में रह रहा है। वहां गई तो गायब हो गया। नौकरी छूटने के बाद पीड़िता के पास कमाने का कोई साधन नहीं है। पीड़िता ने तंग आकर दुबग्गा में केस दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर दुबग्गा का कहना है कि मुकदमा दर्ज करके जांच की जा रही है।

# काकोरी कांड शताब्दी विशेषांक का भव्य लोकार्पण कबीर शांति मिशन में सम्पन्न

करण वाणी न्यूज



**लखनऊ।** स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठ काकोरी कांड की अमर स्मृति में साहित्य त्रिवेणी पत्रिका के काकोरी कांड शताब्दी विशेषांक का लोकार्पण आज 14 अगस्त को कबीर शांति मिशन, विपुलखंड, गोमती नगर, लखनऊ में गरिमामय एवं भावनात्मक वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह ऐतिहासिक आयोजन कबीर शांति मिशन, साहित्य त्रिवेणी एवं काकोरी विशेषांक समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नागेश्वर नाथ उपाध्याय (से.नि. आई.ए.एस.) ने की। मुख्य अतिथि के रूप में आदरणीय अशोक कुमार चौधरी (से.नि. न्यायाधीश) ने उपस्थित होकर शहीदों के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का प्रेरक संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में एम.एल.सी. अवनीश कुमार सिंह, कमलेश गुप्त, जितेंद्र सिंह तथा रोहित खत्री (अमर शहीद रामकृष्ण खत्री जी के पौत्र) उपस्थित रहे। साहित्य और समाज के विविध क्षेत्रों से जुड़ी विभूतियों में नव परिमल के महासचिव उदय भान पाण्डेय 'भान, पर्यावरण प्रहरी व भोजपुरी कवि कृष्णा नंद राय, अखिल भारतीय साहित्य परिषद के नगर अध्यक्ष निर्भय नारायण गुप्त, समाजसेवी विवेक राय चौधरी, वरिष्ठ वक्ता नरेंद्र सिंह भदौरिया तथा कवि-डी.आई.जी. अखिलेश निगम 'अखिल' ने अपने विचारों और रचनाओं से कार्यक्रम को समृद्ध किया। इसके अतिरिक्त गीतकार अशोक मेहरोत्रा, प्रकृति के कवि सतीश जी, रवींद्र नाथ तिवारी, मनमोहन बाराकोटी, छंद मर्मज्ञ सुनील कुमार बाजपेई, अवधी भाषा के कवि ज्ञानेंद्र पांडे, डा. सुषमा सौम्या तथा गजलकार देवकी नंदन शांत ने अपनी कविताओं के माध्यम से शहीदों की स्मृतियों को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन अमित पांडेय (राष्ट्रीय अध्यक्ष, नेताजी सुभाष संगठन) ने किया। आयोजन के निवेदक एवं साहित्य त्रिवेणी के संपादक डा. कुंवर वीर सिंह 'मार्तंड' ने सभी आगंतुकों का हार्दिक स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। कबीर शांति मिशन की आध्यात्मिक पत्रिका कबीर ज्योति के मुख्य संपादक ज्ञानेश्वर प्रसाद त्रिपाठी ने कार्यक्रम के अंत में औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। विशेषांक के लोकार्पण अवसर पर वक्ताओं ने काकोरी के अमर शहीदोंकृरामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खान, राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी एवं ठाकुर रोशन सिंहकृकी वीरगाथाओं को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए कहा कि यह शताब्दी वर्ष केवल इतिहास का पुनर्पाठ नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का अखंड स्रोत है। सभी वक्ताओं और अतिथियों ने डा. कुंवर वीर सिंह 'मार्तंड' के इस अद्वितीय व ऐतिहासिक कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे राष्ट्रीय महत्व की सांस्कृतिक-ऐतिहासिक सेवा बताया। कार्यक्रम में साहित्यकारों, इतिहासकारों, स्वतंत्रता सेनानी परिवारों, शिक्षाविदों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# पहले मैं पीड़ित महिला हूं, फिर विधायक

▸▸ सपा से बर्खास्तगी के बाद भावुक हुईं पूजा पाल

करण वाणी न्यूज



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी से बर्खास्त विधायक पूजा पाल ने पार्टी से निकाले जाने के बाद तीखा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि वह प्रयागराज की उन माताओं और बहनों की आवाज हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। पूजा पाल ने कहा, ÷प्रयागराज में जो लोग अतीक अहमद से परेशान थे, उन्हें न्याय मुख्यमंत्री ने दिलाया है, सिर्फ मुझे नहीं। यह बात मैं पहले दिन से कह रही हूँ, तब भी जब मैं पार्टी में थी। आज मुझे बर्खास्त किया गया है, लेकिन मैं अपने बयान पर आज भी कायम हूँ। भावुक होते हुए उन्होंने कहा कि वह पहले एक पीड़ित महिला और पत्नी हैं, उसके बाद विधायक बनीं। उन्होंने कहा कि ÷मेरे पति की दिनदहाड़े हत्या हुई थी, मैं नई-नई दुल्हन थी और घर में कोई नहीं था। तब मैं घर से निकली थी। मैं भी पिछड़ा वर्ग से हूँ और मैंने जो कहा, उस पर आज भी कायम हूँ। उन्होंने साबित कर दिया है कि वे पूरी तरह पीडीए के खिलाफ हैं। पूजा पाल के इस बयान ने राजनीतिक गलियारों में नई बहस छेड़ दी है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के विकास और भविष्य 2047 की दिशा पर मंथन के लिए आयोजित 24 घंटे के विशेष सत्र में कौशांबी की चायल से सपा विधायक पूजा पाल ने कानून-व्यवस्था और महिला सुरक्षा के मुद्दे पर सीएम योगी की प्रशंसा की थी। उन्होंने कहा था मेरे पति के हत्यारे अतीक अहमद को मुख्यमंत्री योगी ने मिट्टी में मिलाने का काम किया।

योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के चलते अतीक अहमद जैसे माफिया खत्म हुए, और उन्हें व कई अन्य महिलाओं को न्याय मिला। उनका यह बयान सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को रास नहीं आया और उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

# आज यूपी के 16 पुलिस अधिकारियों का होगा सम्मान

▸▸ राष्ट्रपति के हाथों मिलेगा वीरता पदक

करण वाणी न्यूज



**लखनऊ।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रपति की तरफसे उत्तर प्रदेश के 16 पुलिस अधिकारियों को वीरता पदक से सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वालों में एसटीएफ के डीएसपी धर्मेश कुमार शाही भी शामिल हैं। शाही बीते साल दो सितंबर 2024 को सुल्तानपुर में मोस्ट वांटेड मंगेश यादव के एनकाउंटर के बाद चर्चा में आए थे। इस एनकाउंटर में शाही चप्पल पहने हुए एनकाउंटर सपोर्ट नजर आए थे। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जिन 16 पुलिस कर्मियों को गैलेंट्री अवार्ड से नवाजा जाएगा।

उसमें मनीष प्रताप सिंह चौहान इंस्पेक्टर, अक्षय प्रवीर कुमार त्यागी सब इंस्पेक्टर कांस्टेबल, राजन कुमार कांस्टेबल, मुकेश सिंह डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस, दीपक कुमार सिंह इंस्पेक्टर, हेमंत भूषण सिंह हेड कांस्टेबल, विनोद कुमार हेड कांस्टेबल, प्रमोद कुमार सब इंस्पेक्टर, मुकेश कुमार हेड कांस्टेबल को सम्मानित किया जाएगा। इस लिस्ट में अरुण कुमार हेड कांस्टेबल ट्विंकल हेड कांस्टेबल, सीनियर सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस अजय कुमार शाही (आईपीएस) सब इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र, हेड कांस्टेबल मनोज कुमार, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस धर्मेश कुमार शाही, हेड कांस्टेबल यशवंत सिंह, हेड कांस्टेबल नीरज कुमार पांडे का नाम शामिल है।

## सम्पादकीय

# सीवर में दर्दनाक मौतें

यह बेहद कष्टकारी व अमानवीय है कि 21वीं सदी में भी कुछ लोग हाथ से मैला साफ करने के व्यवसाय में लगे हैं। जहां सीवर में उतरते ही मौत उनका इंतजार कर रही होती है। लेकिन कोर्ट और सरकारों की सख्ती जमीन पर नजर नहीं आती। सरकार व स्थानीय निकाय यूं तो सीवर साफ करने के लिये कर्मचारी नहीं रखते, लेकिन ठेकेदारों के जरिये ये काम बदस्तूर जारी है। फ्लतरू सीवर में उतरने से मरने वालों को न तो मुआवजा मिल पाता है और न ही किसी की जवाबदेही तय हो पाती है। यह दुखद ही कि छह मई को बठिंडा में एक ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई लिए उतरे तीन लोग फिर जिंदा नहीं लौट पाए। एक सप्ताह बाद, रोहतक के माजरा गांव में एक व्यक्ति और उसके दो बेटे एक -दूसरे को जहरीले मैनहोल से बचाने की कोशिश में एक के बाद एक मर गए। पंद्रह मई को फरीदाबाद में एक मकान मालिक ने नियुक्त सफाईकर्मी को बचाने के लिए सैप्टिक टैंक में छलांग लगा दी। दोनों की ही जहरीली गैस से दम घुटने से मौत हो गई। निश्चित रूप से ये अलग-अलग दुर्घटनाएं नहीं हैं बल्कि ये व्यवस्था की विद्रूपता के चलते हुई हत्याएं हैं। जिसके कारक तंत्र की उदासीनता, अवैधता और जातीय विवशता में निहित हैं। विडंबना ही है कि रोजगार के रूप में हाथ से सफाई के रोजगार पर प्रतिबंध, सफाईकर्मियों के पुनर्वास अधिनियम 2013 तथा खतरनाक सफाई पर प्रतिबंध लगाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद मौतों का सिलसिला थमा नहीं है। ऐसे मामलों में सुरक्षा प्रोटोकॉल की अनदेखी की जाती है। सुरक्षा उपकरण नदारद रहते हैं। अकसर इसकी जवाबदेही से बचा जाता है। बठिंडा में लोगों के विरोध के बाद एक निजी ठेकेदार के खिलाफ देर से प्राथमिकी दर्ज जरूर की गई, लेकिन फरीदाबाद और रोहतक में मामला दर्ज होने की कोई खबर नहीं है।

दरअसल, अक्सर सरकारी तंत्र ठेकेदारों को दोषी ठहराकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता है। आखिर इन ठेकेदारों को काम पर कौन रखता है। निस्संदेह, सरकारी तंत्र भी इस आपराधिक लापरवाही के लिए जिम्मेदार है। आखिर सफाईकर्मियों से जुड़े सुरक्षा मानकों की निगरानी की जवाबदेही तय क्यों नहीं होती? नगर पालिकाएं और राज्य एजेंसियां आउटसोर्सिंग की दुहाई देकर अपने कानूनी और नैतिक कर्तव्यों से बच नहीं सकती। दुर्भाग्य से इन हादसों का स्याह पक्ष जातीय विद्रूपता भी है। अधिकांश सफाई कर्मचारी समाज में हाशिये पर पड़े समुदायों से आते हैं। सफाई जैसा महत्वपूर्ण काम करने के बावजूद उन्हें हेय दृष्टि से देखा जाता है। सीवर सफाई के लिये मशीनें खरीदने के दावों के बावजूद हाथ से सफाई का क्रम नहीं टूटता। कई जगह मशीनों के खरीदने पर करोड़ों का परिव्यय दिखाया गया, लेकिन जमीनी हकीकत नहीं बदली।

मशीनें तो धूल फांक रही हैं और इंसानों को नरक में धकेला जा रहा है। निर्विवाद रूप से हमारे समाज पर मैनुअल स्कैवेंजिंग एक काला धब्बा है। न्यायपालिका सख्ती से इसे रोकने को कहती है, सत्ताधीश आदेश की औपचारिकता पूरी करते हैं, लेकिन फिर भी सीवर की जहरीली गैस में लोगों के मरने का सिलसिला थमा नहीं है। किसी सफाईकर्मी के मरने पर कुछ समय तो हो-हल्ला होता है, मगर फिर मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है। वक्त की दरकार है कि नगर निकायों को इन हादसों के लिये सीधे जवाबदेह बनाया जाए। सीवर की सफाई से जुड़ी मौत के लिये स्वतरू कानूनी कार्रवाई, तत्काल मुआवजा और विभागीय कार्रवाई की जाए। मानवीय श्रम की जगह तकनीक के उपयोग से बहुमूल्य जीवन को बचाया जाना चाहिए। ये काम सिर्फ कागजों तक सीमित न रहे। बदलाव व्यवहार में भी नजर आए। हमारे कानून को ठीक से लागू न कर पाने से किसी की दर्दनाक मौत नहीं होनी चाहिए। सीवर कर्मियों की मौत पर रोते-बिलखते और असहाय परिवारों का अंतहीन दर्द अब खत्म होना ही चाहिए। दुर्भाग्य से परिवार के कमाने वाले व्यक्ति के मर जाने के बाद उसके परिवार व बच्चों की परवरिश की कोई व्यवस्था नहीं होती। उन्हें मुआवजा देने से भी ठेकेदार बच जाते हैं। ऐसे परिवारों के पुनर्वास को भी गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

# लाइक्स की दौड़ में पहचान खोती जा रही नारी

> यह डिजिटल क्रांति का अजीब दौर है, जहां औरतें बोल्ड होने का झूठा अर्थ बदन दिखाने से जोड़ बैठी हैं। यह कैसी आज़ादी है, जहां अपनी पहचान की कीमत देह के टुकड़ों में चुकानी पड़े। औरतें खुद को जिस फेमिनिज्म की आड़ में उभार रही हैं, क्या वो असल में नारी शक्ति का उत्थान है या महज़ लाइक्स और फॉलोअर्स की दौड़ भर है। जरा सोचिए, इस देह प्रदर्शन की होड़ में कितनी महिलाएं खुद को खो रही हैं। क्या यह वाकई सशक्तिकरण है या एक नया बंधन है।



सोशल मीडिया पर नारी देह का बढ़ता प्रदर्शन क्या वाकई सशक्तिकरण है या महज़ लाइक्स और फॉलोअर्स की होड़। इससे क्या हम सच्ची आज़ादी की ओर बढ़ रहे हैं या एक डिजिटल पिंजरे में कैद हो रहे हैं। अब तो ऐसा लगता है कि आत्मसम्मान की जगह केवल देह की नुमाइश रह गई है। क्या महिलाओं की पहचान अब सिर्फ उनके शरीर के आकार तक सिमट गई है। यह सवाल आज की डिजिटल पीढ़ी के सामने एक बड़ी चुनौती हैं जो सशक्तिकरण और आत्मसम्मान के असली मायने खोजने की मांग करता है। बड़ा सवाल यह है कि क्या हमें इस डिजिटल कोलाहल से बाहर निकलकर असली स्वतंत्रता का अर्थ समझना होगा या फिर हम बस लाइक्स और फॉलोअर्स के खेल में उलझकर अपने असली अस्तित्व को खो देंगे। सोशल मीडिया को देख कर सवाल उठता है कि आजकल इस तरह की महिलाओं को क्या हो गया है। सोशल मीडिया पर उठते कोलाहल में हर ओर एक ही स्वर गूंज रहा है-देह प्रदर्शन का। कहीं चटकते-फड़कते रील्स में, कहीं भड़कते-उलझते डांस मूव्स में और कहीं ज़ूम इन होती नज़रों के बीच, बस एक ही प्रदर्शन, अपनी चपल देह की अदा का। मानो यही सब देह ही पहचान बन गई हो। सच कहा जाए तो इस दौर में देह का कारोबार जितना खुलकर हो रहा है, उतना पहले कभी नहीं हुआ था। सोशल मीडिया ने देह को एक प्रॉडक्ट बना दिया है, जिसे जितना ज्यादा दिखाओ, उतना ज्यादा लाइक्स, फॉलोअर्स और व्यूज़ बटोर लो। मानो आत्मसम्मान का कद अब कमेंट्स की लंबाई और लाइक्स की संख्या से मापा जाने लगा हो।

वह नारी जो कभी सभ्यता की पहचान थी, अब डिजिटल बाजार में बिक रही है। जिस समाज में नारी का सम्मान उसकी आंखों की लज्जा, चेहरे की सौम्यता और आचरण की मर्यादा से आंका जाता था, वहां आज उसका अस्तित्व उसकी नुमाइश में सिमट कर रह गया है। यह डिजिटल क्रांति का अजीब दौर है, जहां औरतें बोल्ड होने का झूठा अर्थ बदन दिखाने से जोड़ बैठी हैं। यह कैसी आज़ादी है, जहां अपनी पहचान की कीमत देह के टुकड़ों में चुकानी पड़े। औरतें खुद को जिस फेमिनिज्म की आड़ में उभार रही हैं, क्या वो असल में नारी शक्ति का उत्थान है या महज़ लाइक्स और फॉलोअर्स की दौड़ भर है। जरा सोचिए, इस देह प्रदर्शन की होड़ में कितनी महिलाएं खुद को खो रही हैं। क्या यह वाकई सशक्तिकरण है या एक नया बंधन है, जहां औरतें एक डिजिटल पिंजरे में फंसती जा रही हैं।

नारी स्वतंत्रता का अर्थ तो आत्मसम्मान, शिक्षा और निर्णय लेने की स्वतंत्रता था, न कि सोशल मीडिया पर कुछ भी करके अधिकार की बात करना। यह तो वही हुआ जैसे किसी को सोने की चिड़िया बना दो और फिर पिंजरे में कैद कर दो। सवाल यह है कि क्या हमें इस डिजिटल कोलाहल से बाहर निकलकर असली स्वतंत्रता का अर्थ समझना होगा या फिर हम बस लाइक्स और फॉलोअर्स के खेल में उलझकर अपने असली अस्तित्व को खो देंगे। आज सोशल मीडिया एक ऐसा मंच बन चुका है, जहां कुछ महिलाएं खुद को कथित तौर पर साबित करने के लिए हर हद पार कर रही हैं। कपड़ों का छोटा होना और बोल्ड पोज़ देना ही अगर बोल्डनेस है, तो फिर आत्मविश्वास, शिक्षा, और स्वाभिमान का क्या मतलब।

क्या यही है सशक्तिकरण का असली मतलब। क्या हमारा समाज वाकई इतना सतही हो गया है कि हम केवल बदन के आधार पर किसी की कीमत आंकने लगे हैं। सोचिए, आज जो महिलाएं देह प्रदर्शन को सशक्तिकरण मान रही हैं, क्या वो सच में खुद को सशक्त महसूस करती हैं। उन्हें पता है कि वो केवल एक डिजिटल उत्पाद बनकर रह गई हैं, जिनका मूल्य केवल उनके शरीर के आकार और नृत्य कौशल से मापा जाता है। यह समस्या केवल महिलाओं की नहीं है, बल्कि उस पूरी डिजिटल संस्कृति की है, जिसने नारी शरीर को एक मनोरंजन सामग्री बना दिया है। जो शरीर जो कभी मातृत्व, प्रेम और करुणा का प्रतीक था, आज महज़ व्यूज़ और फॉलोअर्स की भूख का साधन बन गया है। सवाल उठता है कि हमें इस डिजिटल कोलाहल से बाहर निकलकर असली स्वतंत्रता का अर्थ समझना होगा या फिर हम बस लाइक्स और फॉलोअर्स के खेल में उलझकर अपने असली अस्तित्व को खो देंगे। सही तौर पर देखा जाए तो सोशल मीडिया पर प्रदर्शन सशक्तिकरण नहीं हैं। वह बस एक भ्रम। सही बात तो यह कि आज की नारी अपनी असली पहचान से दूर होती जा रही है, जहां उसकी शक्ति, बुद्धि और आत्मविश्वास की जगह सिर्फ उसके शरीर का आकार और आकर्षण ही अहम रह गया है। यह डिजिटल युग हमें नई संभावनाओं और अभिव्यक्ति की आज़ादी देता है, पर क्या यह स्वतंत्रता वाकई हमें आज़ाद कर रही है या बस एक और जाल में फंसा रही है। नारी स्वतंत्रता का अर्थ केवल कपड़ों की लंबाई या शरीर के प्रदर्शन तक सीमित नहीं है। असली स्वतंत्रता है अपने विचारों, अधिकारों और आत्मसम्मान की रक्षा करना।

यह वो स्वतंत्रता है, जो एक नारी को उसकी असल पहचान देती है, एक शिक्षित, आत्मनिर्भर और सशक्त इंसान के रूप में। सोशल मीडिया पर जिस दिखावे की होड़ मची है, वह केवल लाइक्स और फॉलोअर्स की दौड़ नहीं, बल्कि आत्मसम्मान की गिरावट का भी प्रतीक है। यह एक डिजिटल पिंजरा है, जहां औरतें खुद को स्वतंत्र मानते हुए भी एक गहरे बंधन में बंधी हुई हैं।

हमें यह समझना होगा कि असली सशक्तिकरण आत्मनिर्भरता, शिक्षा और आत्मसम्मान में है, न कि केवल देह प्रदर्शन में। अगर हमें सही मायनों में नारी शक्ति को बढ़ाना है तो हमें इस भ्रम से बाहर आना ही होगा और एक ऐसा समाज बनाना होगा, जहां औरतें अपनी पहचान केवल अपने विचारों से बनाएं, न कि अपने शरीर से।

(लेखिका एक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

## सरोकार

# अमेरिकी दबाव के संदर्भ में पुतिन की महत्वपूर्ण भारत यात्रा

मास्को में 9 मई को हजारों रूसी सैनिकों ने रेड स्क्वायर पर मार्च किया जो द्वितीय विश्व युद्ध में नाजी जर्मनी पर सोवियत संघ की जीत की 80 वीं वर्षगांठ पर आयोजित की गई थी। इस मौके पर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अन्य विश्व नेता उपस्थित थे। द्वितीय विश्व युद्ध में मारे गए 2.5 करोड़ से 2.7 करोड़ सोवियत सैनिकों और नागरिकों को यह दिन समर्पित किया गया। भारत की ओर से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रतिनिधित्व किया क्योंकि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले और परवर्ती घटनाओं के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल नहीं हो सके। पहलगाम हमले के बाद पुतिन और मोदी ने फोन पर बातचीत के दौरान भारत-रूस संबंधों को मजबूत करने और आतंकवाद विरोधी सहयोग पर चर्चा की। पुतिन ने इस बार भारत में दोनों देशों के बीच वार्षिक शिखर सम्मेलन का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। अक्टूबर, 2000 में भारत-रूस सामरिक भागीदारी संबंधी घोषणा पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद से भारतीय प्रधानमंत्री व रूसी परिसंघ के राष्ट्रपति के बीच शिखर बैठकें होती रही हैं जिनमें दोनों देश सर्वोच्च स्तर पर अपने संबंधों का जायजा लेते हैं और उन्हें दिशा एवं प्रोत्साहन प्रदान करते हैं। ये दौरे प्रत्येक देश के नेताओं के बीच वैकल्पिक होते हैं। चूंकि मोदी ने पिछले साल जुलाई में रूस का दौरा किया था इसलिए रूसी राष्ट्रपति की अगली यात्रा इस साल कभी भी होने की उम्मीद है। फरवरी 2022 में यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के बाद पश्चिमी प्रतिबंधों और राजनयिक अलगाव ने रूस को पश्चिम के बाहर सहभागियों की तलाश करने के लिए मजबूर किया। पुतिन ने ब्रिक्स, एससीओ और जी-20 जैसे मंचों पर नेताओं से मिलने के हर अवसर का उपयोग किया है लेकिन अधिक उपयोगी और सहायक स्टैंड-अलोन द्विपक्षीय बैठकें हैं। रूस ने बहुपक्षीय और द्विपक्षीय दोनों प्रारूपों की कोशिश की है। 2022 में ही सभी पांच मध्य एशियाई नेताओं ने मास्को में 9 मई को आयोजित विजय दिवस परेड में भाग लिया था। इस साल रूस ने जीत की 80वीं वर्षगांठ के लिए भारत और चीन सहित कई अन्य शिमर्त्य देशों के नेताओं को आमंत्रित किया। यूक्रेन में युद्ध के बाद से इस विजय दिवस परेड का रूस के लिए विशेष अर्थ है। यूक्रेन में रूस के विशेष सैन्य अभियानों के मुख्य लक्ष्यों में से एक गैर नाजीकरण रहा है। मित्र देशों के नेताओं को निमंत्रण का उद्देश्य केवल रूस की साझेदारी की विश्वसनीयता का प्रदर्शन करना नहीं बल्कि यह संदेश देना भी है कि राष्ट्रवाद की आड़ में फासीवादी अभी भी बहु-जातीय और बहु-सांस्कृतिक देशों को तोड़ने के लिए उपयोग करते हैं। इस तरह उनके खिलाफ लड़ाई अभी भी प्रासंगिक और आवश्यक है। भारत-रूस संबंध वार्षिक रणनीतिक साझेदारी बैठक का प्रारूप अधिक फलदायी रहा है और दोनों देशों के संबंध इस आधार पर लगातार मजबूत हुए हैं। 2000 के बाद यूक्रेन युद्ध की शुरुआत तक दोनों देशों के सर्वोच्च नेतृत्व बैठक कर रहे हैं। दो साल के अंतराल के बाद मोदी ने 2024 में रूस का दौरा किया और इस साल पुतिन की यात्रा होने वाली है। जब पुतिन ने वर्ष 2021 में भारत का दौरा किया था तब अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर (आईएएसटीसी) एवं व्लादिवोस्तोक-चेन्नई कॉरिडोर जैसे परिवहन गलियारों पर ध्यान केंद्रित किया गया था। अगले साल यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि में समरकंद (एससीओ बैठक) में बैठक हुई। रूस के हित मुख्य रूप से इस बात पर केंद्रित थे कि मित्र देशों को यूक्रेन पर अपनी स्थिति कैसे समझाई जाए। समरकंद में मोदी ने प्रसिद्ध बयान दिया कि अब युद्धों का युग नहीं है। 2024 में कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान पुतिन - मोदी बैठक हुई जिसके बाद जुलाई 2024 में 22वें वार्षिक रणनीतिक साझेदारी शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। ये बैठकें रूस के खिलाफ प्रतिबंधों की परवाह किए बिना व्यापार और आर्थिक संबंधों को बनाए रखने में मदद करती हैं। तेल आयात रोकने के पश्चिमी देशों के आह्वान के बावजूद भारत ने रूसी तेल खरीद जारी रखी। भारत ने यूक्रेन मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र में रूस के खिलाफ कभी मतदान नहीं किया है जिसे मास्को द्वारा बहुत सराहा गया। 2025 में दोनों नेताओं की अगली बैठक वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक वातावरण में कुछ प्रमुख बदलावों की पृष्ठभूमि में होगी। राजनीतिक दृष्टि से रूस पर अमेरिका द्वारा यूक्रेन के साथ संघर्ष विराम समझौते तक पहुंचने के लिए दबाव डाला जा रहा है। रूस ने युद्ध समाप्त करने की इच्छा तो दिखाई है लेकिन वह तीन वर्षों में किए गए लाभ की कीमत और यूक्रेन के लिए नाटो सदस्यता के विरोध जैसे अपने अन्य मुख्य सुरक्षा हितों की कीमत पर ऐसा करने के लिए तैयार नहीं है। रूस द्वारा 19-20 अप्रैल को 30 घंटे के घोषित ईस्टर युद्धविराम के बावजूद दोनों देशों के बीच वास्तविक युद्धविराम अभी भी दूर है। रूस द्वारा संघर्ष विराम समझौते में विलम्ब को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति समय-समय पर अधिक टैरिफ लगाने की धमकी देते हैं। आज अमेरिका के सभी व्यापारिक भागीदारों पर अमेरिकी टैरिफ का खतरा मंडरा रहा है। इसमें भारत भी शामिल है जो नए अमेरिकी प्रशासन के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत करने के लिए तैयार और काम करने के बावजूद निश्चित नहीं है कि अमेरिकी नेता की अप्रत्याशित प्रकृति को देखते हुए भविष्य क्या होगा। सभी देशों को पता है कि रियायतें देने से आगे रियायतों की मांग होगी जो उनकी अर्थव्यवस्थाओं के लिए हानिकारक हो सकती है।

# बांग्लादेश में अवामी लीग पर प्रतिबंध के व्यापक परिणाम होंगे

सात्यकी चक्रवर्ती

पिछले सप्ताह डॉ. मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार द्वारा अवामी लीग की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने से देश में सक्रिय राजनीतिक दलों पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि अगले साल की शुरुआत में राष्ट्रीय चुनाव होने वाले हैं। इसी तरह, यह निर्णय भारत के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अब उसके पड़ोसी देश में कोई भी मित्र राजनीतिक दल सक्रिय नहीं है। यूनुस सरकार की इस कार्रवाई के व्यापक प्रभाव पर भारतीय मीडिया का अभी ध्यान नहीं गया है, क्योंकि पिछले सप्ताह भारत-पाकिस्तान संघर्ष में इसकी पूरी तरह से संलिप्तता रही है, लेकिन दक्षिण एशियाई मामलों के भारतीय विशेषज्ञ इस बात पर गौर कर रहे हैं कि इस क्षेत्र में सबसे शक्तिशाली राष्ट्र होने के बावजूद नरेंद्र मोदी सरकार अब दक्षिण एशियाई देशों में पूरी तरह से अलग-थलग पड़ गयी है। अवामी लीग(एएल)शेख मुजीबुर रहमान द्वारा स्थापित राजनीतिक पार्टी है और इस पार्टी ने 1971 में बांग्लादेश के गठन के लिए मुक्ति संग्राम का नेतृत्व किया था। एएल ने 2024 तक बांग्लादेश पर अधिकांश वर्षों तक शासन किया, सिवा सेना शासन के वर्षों और खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बीएनपीके दो कार्यकालों को छोड़कर। वर्तमान में मुख्य विपक्षी दल बीएनपी है जिसकी अध्यक्ष हैं खालिद जिया।

शेख हसीना ने 2009 से लगातार पंद्रह वर्षों तक शासन किया, लेकिन 5 अगस्त, 2024 को उन्हें अवामी लीग सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में अपना पद छोड़ना पड़ा और वे भारत चली आयीं। वे अभी भी भारत में रह रही हैं और कभी-कभी वीडियो के माध्यम से बांग्लादेश में अपने एएल समर्थकों को संबोधित करती हैं। पिछले सप्ताह ढाका में छात्रों की नयी पार्टी नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) ने 72 घंटे की विशाल रैली निकाली, जिसमें सरकार से अवामी लीग की सभी गतिविधियों पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की गयी। एनसीपी एकमात्र पार्टी है, जिसने अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने को अपना मुख्य कार्यक्रम बनाया है। पहले चर्चा थी कि अवामी लीग को सीमित रूप में काम करने दिया जायेगा,जिसमें उन नेताओं और कार्यकर्ताओं को शामिल नहीं किया जायेगा, जिन पर हत्या और यातना देने के आरोप हैं। बीएनपी पहले कुछ दिशा-निर्देशों के तहत एएल को चुनाव में भाग लेने देने के पक्ष में थी, लेकिन अब सरकार के आधिकारिक प्रतिबंध के बाद बीएनपी ने भी प्रतिबंध को राष्ट्रीय मांग बताते हुए उसे अपने समर्थन की घोषणा की है। परिणामस्वरूप, आने वाले चुनावों में मुकाबला दो मुख्य पार्टियों - बीएनपी, जिसका नेतृत्व पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया कर रही हैं और एनसीपी जिसका नेतृत्व छात्रों द्वारा किया जा रहा है, जिन्होंने पिछले साल अगस्त में आरक्षण विरोधी आंदोलन के जरिये शेख हसीना सरकार को गिराने में अहम भूमिका निभायी थी- के बीच होगा। अन्य पार्टियां, जो बहुत छोटी हैं,वे किसी न किसी समूह के साथ गठबंधन करने की कोशिश करेंगी। हाल के महीनों में जमात-ए-इस्लामी ने विदेशों में इस्लामी देशों से बड़ी वित्तीय सहायता के कारण ताकत हासिल की है, लेकिन नागरिकों के बीच इस पार्टी की स्वीकार्यता बहुत कम है। मुख्य चुनावी लड़ाई बीएनपी और एनसीपी तक ही सीमित रहेगी। अवामी लीग का भविष्य क्या है? अवामी लीग के पास देश में अभी भी समर्पित कार्यकर्ताओं का एक समूह है, हालांकि उनमें से कई खुले तौर पर काम नहीं कर सकते। अवामी लीग निश्चित रूप से प्रतिबंध को अदालत में चुनौती देगी। लेकिन सरकार ने आदेश में कुछ विशेष प्रावधान जोड़े हैं, जिससे अगर अवामी लीग कानूनी लड़ाई लड़ना चाहती है तो उसके लिए मुश्किल हो जायेगी। अवामी लीग की नेता शेख हसीना हाल के हफ्तों में सक्रिय नहीं रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले से ही पाकिस्तान के साथ संघर्ष से निपटने में अपनी समस्याओं में उलझे हुए हैं। इसलिए भारतीय विदेश मंत्रालय शेख हसीना को अभी भारतीय धरती से कोई सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित नहीं करना चाहेगा। बांग्लादेश के राजनीतिक पर्यवेक्षकों के बीच सरकार द्वारा अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने और क्या इससे अवामी लीग एक राजनीतिक पार्टी के रूप में खत्म हो जाएगी, इस बारे में अलग-अलग राय हैं। बांग्लादेश के प्रमुख दैनिक डेली स्टार के अनुसार, अवामी लीग केवल एक राजनीतिक पार्टी नहीं है - यह एक बहु-पीढ़ी संस्था है। देश भर में लाखों लोगों ने अतीत में इसका समर्थन किया है, उनमें से कई ऐसे परिवारों में जन्मे हैं जो दशकों से पार्टी का हिस्सा रहे हैं। नयी वास्तविकता में इन लोगों का क्या होगा? वे कैसे प्रतिक्रिया देंगे, यह महत्वपूर्ण प्रश्न है। इसके अलावा, प्रतिबंध एएल को ठीक वही देता है जिसकी उसे अपनी छवि को फिर से बनाने के लिए जरूरत है उत्पीड़क से उत्पीड़ित तक।

डेली में व्यक्त राय के अंश में कहा गया है कि वही पार्टी जिसने असहमति को दबाने के लिए राज्य की शक्ति का इस्तेमाल किया, अब पीड़ित होने का दावा करती है। यह भी बताया गया है कि बांग्लादेश नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतरराष्ट्रीय वचन (आईसीसीपीआर) का हस्ताक्षरकर्ता है, जो स्पष्ट रूप से कहता है कि राजनीतिक अधिकारों पर प्रतिबंधों को वैधता, आवश्यकता और आनुपातिकता के परीक्षणों को पूरा करना चाहिए।

## नजरिया

# वैश्विक पहचान से सांगरी के लिए बढ़ा अंतरराष्ट्रीय बाज़ार

मई का पहला सप्ताह राजस्थान के लिए खासा महत्त्वपूर्ण रहा। इस सप्ताह राजस्थान की प्रतीक और पहचान 'सांगरी' को वैश्विक प्रतिष्ठा मिली। सांगरी मरुस्थलीय इलाके का प्रमुख खाद्य व्यंजन है। इस महीने सांगरी को भौगोलिक संकेतक टैग ( जीआई टैग) मिला, जिससे अब इसके लिए अंतरराष्ट्रीय बाज़ार मिलने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। यह राजस्थान के खाद्य व्यापारियों के लिए ही नहीं, बल्कि सीधे किसानों के लिए भी शुभ संकेत है। सांगरी के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार के द्वार खुलने से राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। बदलते समय के साथ रेगिस्तान का खेजड़ी अब वरदान बन गया है। सांगरी राजस्थान के राज्य वृक्ष खेजड़ी का एक उत्पाद है। राजस्थान के खान-पान में केर-सांगरी का अचार या सब्जी के अलावा इनके साथ कुमटिया, गुंदा और अमचूर मिला कर बनाई जाने वाली 'पंचकूटा' की सब्ज़ी मरुधरा की विशिष्ट पहचान है। इसकी महत्ता का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बाज़ार में इसका भाव बारह सौ से लेकर डेढ़ हज़ार रुपए प्रति किलो है।

केर-सांगरी और पंचकूटा वस्तुतः 'छप्पनिया काळ' की देन है, जो 1899 ईस्वी और विक्रम संवत के हिसाब से 1956 में पड़ा था। छप्पनिया अकाल को ÷द ग्रेट इंडियन फेमिन 1899÷ के नाम से भी जाना जाता है। इस अकाल में लाखों लोगों की जान गई थी। भयंकर आपदा के इस दौर में लोगों के पास खाने के नाम कुछ भी न बचा था। इस अकाल को लेकर कहा जाता है कि ये दौर ऐसा था कि लोगों के लिए न तो खाने के लिए कुछ था और न पीने के लिए, लेकिन इस भीषण सूखे में रेगिस्तानी इलाकों में खेजड़ी (जिन पर सांगरी की फली होती है) और केर नहीं सूखे। जब लोगों और पशुओं के लिए भी खाने को कुछ नहीं बचा तो केर और सांगरी की फली लोगों को खूब काम आई। केर एक केपर जैसा रेगिस्तानी फल है जो कांटेदार झाड़ी पर उगने वाली एक बेरी है। इसका स्वाद तीखा होता है, जिससे इसका अचार काफ़ी चटपटा बनता है। दूसरी ओर सांगरी खेजड़ी के पेड़ की फलियों जैसी होती है।

बबूल फली या बबूल के पेड़ के चपटे बीज होते हैं। इसी केर-सांगरी और पंचकूटा सब्ज़ी का महत्व वर्तमान में ऐसा है कि राजस्थान से जुड़ा कोई भी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय आयोजन या समारोह हो, इनके बिना मेनू पूरा हो ही नहीं सकता। फाइव स्टार होटलों में 'बीन्स एंड बेरीज़ वेजिटेबल' के नाम से यह बेहद महंगे दाम पर मिलती है। अब जब इसे जीआई टैग मिल चुका है तो विश्व बाज़ार में आर्थिक रूप से इसकी संभावनाएं काफ़ी बढ़ गई हैं। राजस्थान में सांगरी का कुल कारोबार सालाना मोटे तौर दो सौ करोड़ रुपए से ज़्यादा का है। अब इसमें बढ़ोत्तरी होने की पूरी संभावना है क्योंकि विश्व व्यापार संगठन के मानदंडों के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में सांगरी को अब 'प्रीमियम प्राइस' भी मिलेगा। वस्तुतः जीआई टैग कृषि, प्राकृतिक या निर्मित उन वस्तुओं को दिया जाता है जो एक ख़ास क्षेत्र में उत्पादित होते हैं। इसमें क्षेत्र की विशेष गुणवत्ता या प्रतिष्ठा या अन्य विशेषताएं शामिल होती हैं। राजस्थान में इसका करोबार उत्पाद संगठित और असंगठित क्षेत्रों में किया जाता है, वो भी राजस्थान के अलग-अलग क्षेत्रों में। बड़े व्यापारियों से लेकर छोटे किसान भी इसमें शामिल हैं। यह काफ़ी महँगे दामों पर बिकने वाला उत्पाद है। इसमें क्षेत्र की विशेष गुणवत्ता या प्रतिष्ठा या अन्य विशेषताएं शामिल होती हैं। यह टैग वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा जारी किया जाता है। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय (एसकेआरएयू) ने कोलायत के गोविंदसर गांव में खेजड़ी उत्पाद बेचने वाली किसानों की एक सोसायटी के माध्यम से जीआई टैग हासिल किया है। अब जब राजस्थान में खेजड़ी की सांगरी कोजीआई टैग मिला है तो कई बड़े फायदे होंगे। सांगरी को वैश्विक पहचान मिलेगी और इसके प्रोडक्ट्स का निर्यात होगा। किसी भी वस्तु या उत्पाद को जीआई टैग प्राप्त होने के बाद कोई भी निर्माता समान उत्पादों को बाज़ार में लाने के लिए नाम का दुरुपयोग नहीं कर सकता।

यह टैग मिलने से किसी उत्पाद की विशिष्टता और पहचान स्थापित होती है। इससे उस उत्पाद की मांग बढ़ती है जिससे किसानों और कारीगरों की आय में वृद्धि होती है और नकली उत्पादों पर रोक लगाने में मदद मिलती है। भारत में जीआई को वस्तुओं के भौगोलिक संकेत (पंजीकरण और सुरक्षा) अधिनियम 1999 के द्वारा नियंत्रित किया जाता है। राजस्थान की कई वस्तुओं को जीआई (भौगोलिक संकेतक) टैग प्राप्त हैं। इनमें से कुछ प्रमुख वस्तुएं हैं- बगरू हैंड ब्लॉक प्रिंटिंग, जयपुर की ब्लू पॉटरी, राजस्थान की कठपुतली, कोटा डोरिया, मोलेला मिट्टी का काम, फुलकारी, पोकरण मिट्टी के बर्तन, सांगानेरी हैंड ब्लॉक प्रिंटिंग, थेवा आर्ट वर्क, नाथद्वारा पिचवाई शिल्प, बीकानेर काशीदाकारी शिल्प, बीकानेर उस्ता कला शिल्प, जोधपुर बंधेज शिल्प, उदयपुर कोफ्तगारी धातु शिल्प, बीकानेरी भुजिया और सोजत मेहंदी शामिल हैं। अब सांगरी को जीआई टैग मिलने से लोगो सहित राजस्थान के कुल 17 उत्पाद जीआई टैग में शामिल हो गए हैं।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सीमा सिंह द्वारा प्वांइट ऑफसेट, 86/98 कुर्मी टोला गुरुगोविन्द्र सिंह मार्ग, लालकुआं, लखनऊ-226018 से मुद्रित एवं पहाड़पुर, पोस्ट बंथरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक-पंकज सिंह मो-9415067370 आरएनआई - UPHIN/2016/74800 मेल आईडी-karnvaninews@gmail.com website : karnvaninews.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।)

## संक्षिप्त खबरें

### करंट से हुई मौतों के मामले में पांच पांच लाख की दी गई सहायता



**रामनगर, बाराबंकी।** सावन के आखिरी सोमवार को करंट लगने से हुई दो मौतों के मामले में तहसील प्रशाशन द्वारा मृतकों के वारिसों को कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत पांच पांच लाख की सहायता राशि प्रदान की गई। गुरुवार को पूर्व विधायक शरद अवस्थी व तहसीलदार विपुल सिंह सबसे पहले गोबरहा गए जंहा मृतक संजय कुमार की पत्नी शिव देवी को राहत चेक दी । इसके बाद मृतक हौसला निवासी पूरे भगई की पत्नी उमा को उसके घर जाकर सहायता प्रदान की। तहसील प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही कर यह राशि मंजूर कराई गई जो मृतकों के वारिसो के लिए एक बड़ी मदद है। पूर्व विधायक ने कहा कि सरकार दुर्घटना वश हुई मृत्यु के मामले में सम्बेदन शील है। जल्दी धन राशि स्वीकृत कर राहत दी गई है।

### विश्व हिंदू परिषद में निकली भव्य मशाल यात्रा



**निंदूरा, बाराबंकी।** विकास खण्ड निन्दूरा क्षेत्र में बृहस्पतिवार को विश्व हिंदू परिषद की निंदूरा इकाई द्वारा अखंड भारत संकल्प दिवस के अवसर पर कस्बा टिकैतगंज में भव्य मशाल यात्रा निकाली गई। यात्रा पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्वक संपन्न हुई। मसाल यात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गो से होते हुए निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने अखंड भारत के संकल्प को दोहराया और देश की एकता, अखंडता व सांस्कृतिक गौरव के प्रति जन-जागरूकता का संदेश दिया। इस मौके पर उमेश यादव,श्रीश रावत,रमाकांत बाजपेई,मुकेश सिंह,अमित गुप्ता मंडल अध्यक्ष विनय मौर्य प्रदीप कुमार रावत सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एग्रीस्टैक डिजिटल क्रॉप सर्वे का हुआ विरोध



**बीघापुर,उन्नाव।** विकास खण्ड सभागार में उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ जिला कार्यकारी के निर्देश के क्रम में विरोध ब्लॉक अध्यक्ष गोविन्द शंकर व प्रदेश मिडिया प्रभारी राम जी यादव के नेतृत्व मे एग्रीस्टैक डिजिटल क्राप सर्वे के विरोध में सहायक विकास अधिकारी प्रताप नारायण द्विवेदी को संबोधित ज्ञापन दिया। दिए गए ज्ञापन में उन्होंने एग्रीस्टैक डिजिटल क्राप सर्वे रोजगार सेवकों से न कराए जाने की मांग की। ज्ञापन देने प्रमुख रूप से शशिकांत शुक्ला ,महामंत्री संदीप त्रिवेदी, उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ,कोषाध्यक्ष सुरेश , वीरेंद्र ,सुनील ,प्रमोद, हंसराज आदि मौजूद रहे

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित किये गये उपकरण



**बाराबंकी।** नगर पंचायत बंकी में सामुदायिक केन्द्र पानी की टंकी पर अध्यक्ष प्रतिनिधि इमरान खांन द्वारा समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिये आवश्यकतानुसार व्यस्क वजन मशीन, स्टेडियोमीटर, इंन्फेटोमीटर, बेबी वजन मशीन आदि आगंनबाड़ी कार्यकत्री को वितरित की गयी। इसी क्रम में कार्यक्रम उपरांत हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अन्तर्गत समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को झण्डे का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर सी0डी0पी0ओ0 एंव समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रही।

### ब्लॉक कर्मचारियों ने निकाली तिरंगा यात्रा



**मसौली, बाराबंकी।** खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा। गुरुवार को पंद्रह अगस्त की पूर्व संध्या पर ब्लाक मुख्यालय से खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा।जो ब्लाक परिसर से मसौली चौराहा होते हुए पंचायत भवन मसौली में समापन हुआ जिसमें तिरंगा यात्रा भारत माता की जय के उद्घोष से वातावरण देश भक्ति मय हो गया। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) जानकीराम,अवर अभियंता लघु सिंचाई मेराज अहमद सिद्दीकी, ग्राम पंचायत अधिकारी जैसराम,उत्तम वर्मा, सौम्या सिंह, वन्दना पाल, राम प्रकाश वर्मा, विरेंद्र प्रताप सरोज,महेश प्रताप सिंह,प्रताप नारायण, संजीव कुमार सिंह,अजय कुमार वर्मा,अलमाश रिज़्वी आदि मौजूद रहे।

### हरख में तिरंगा रैली निकाली गई



**जैदपुर, बाराबंकी।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत संत कवि बाबा बैजनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरख के छात्र-छात्राओं द्वारा एक भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। यह रैली महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.राजेश कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में आयोजित की गई। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख रवि रावत, बीडीओं प्रीती वर्मा भी मौजूद रहे। रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर हरख ब्लॉक के चौराहे से होती हुई महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुई। रैली के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति का संदेश फैलाते हुए नागरिकों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. धर्मवीर समेत कई लोग मौजूद रहे।

# अमेठी में कांग्रेस का मशाल जुलूस,वोट चोर गद्दी छोड़ की गूंज से गली-गली में लोकतंत्र की पुकार

करण वाणी न्यूज

**अमेठी।** अमेठी की गलियों में गुरुवार को लोकतंत्र की रक्षा की आवाज़ बुलंद हुई, जब जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार मशाल जुलूस निकाला गया। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप सिंघल ने किया। शाम 6 बजे केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय, गौरीगंज से शुरू हुए इस ऐतिहासिक जुलूस में जलती मशालें और गगनभेदी नारों ने पूरे वातावरण को जोश और संकल्प से भर दिया लोकतंत्र बचाओ, वोट चोर भगाओ, संविधान की रक्षा करो, और जनादेश पर डाका नहीं चलेगा जैसे नारों ने पूरे जुलूस को ऊर्जा और प्रतिरोध का प्रतीक बना दिया। यह जुलूस हनुमान मंदिर तिराहा, स्टेशन चौराहा, सैठा चौराहा, सब्जी मंडी, कमला नेहरू स्कूल, बस स्टॉप होते हुए वापस केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय पर संपन्न हुआ।




जुलूस के दौरान श्री प्रदीप सिंघल ने केंद्र सरकार पर लोकतंत्र को चोट पहुंचाने का आरोप लगाते हुए कहा, जनता के वोट से बनी सरकार को गिराकर सत्ता हथियाना जनादेश की चोरी है। यह संविधान और देश की गरिमा का खुला अपमान है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस जन देश के हर गली-मुहल्ले में मशाल लेकर निकलेंगे और इस अन्याय के खिलाफ जनता की आवाज़ को बुलंद करेंगे।

जिला प्रवक्ता अनिल सिंह ने केंद्र सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग और विपक्ष की आवाज़ दबाने के लिए भय और दमन के हथकंडे अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास कठिन परिस्थितियों में भी लोकतंत्र की मशाल को जलाए रखने का है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिला पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल और हजारों आम नागरिक शामिल हुए। हर हाथ में जलती मशाल और हर चेहरे पर बदलाव का संकल्प साफ नजर आ रहा था। कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि गाँव-गाँव और शहर-शहर जाकर जनादेश की रक्षा के लिए जनजागरण किया जाएगा। हम डरेंगे नहीं, झुकेंगे नहीं, रुकेंगे नहीं जैसे नारों ने अमेठी की सड़कों पर बदलाव की गूंज पैदा की।

जुलूस में पूर्व विधायक राधेश्याम धोवी जायस नगर पालिका अध्यक्ष मनीषा चौहान, वीरेंद्र मिश्र, अनुराग सिंह, धर्मराज बहेलिया, राम बरन कश्यप, अर्जुन पासी, फतेह बहादुर, शुभम सिंह, तुलसी राम पासी, चंद्र मोहन तिवारी, सुरेश श्रीवास्तव, ममता पाण्डेय सहित कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर होंगे जनपद में आयोजित विविध कार्यक्रम

करण वाणी न्यूज

**अमेठी।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त 2025 शुक्रवार औको जनपद में 79वां स्वतंत्रता दिवस परम्परागत व पूर्ण भव्यता के साथ मनाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रातः 08 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी तथा मा0 राज्यमंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग, उ0प्र0 श्री मयंकेश्वर शरण सिंह जी द्वारा जिला पंचायत रिर्सोस सेन्टर परिसर में प्रातः 08ः30 बजे ध्वजारोहण तथा झंडा अभिवादन के साथ ही राष्ट्रगान कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इसके साथ ही समस्त सरकारी तथा गैर सरकारी भवनों, शिक्षण संस्थानों पर राष्ट्रध्वज फहराया जाएगा तथा झंडा अभिवादन के साथ ही राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन किया जाएगा। समस्त शिक्षण संस्थानों में प्रातः 10ः00 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा, तदोपरांत स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए देश भक्तों के जीवन पर प्रेरक प्रसंग व उनके बलिदान पर आधारित प्रकरणों पर प्रकाश डाला जाएगा व विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जनपद की समस्त नगर पालिका/पंचायतों में स्थित मूर्तियों की साफ सफाई एवं माल्यार्पण किया जाएगा। साथ ही जनपद में ग्राम पंचायत एवं विकास खण्ड स्तर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर, गौरीगंज में वृक्षारोपण कार्यक्रम, मा0 राज्यमंत्री जी द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों का सम्मान किया जाएगा। मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूहों को सम्बोधित किया जायेगा। विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों की अपने-अपने खेल से संबंधित वेशभूषा में तिरंगा प्रभात फेरी निकली जाएगी। इसके उपरांत जिला चिकित्सालय व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को मिष्ठान एवं फल वितरण का कार्यक्रम तथा जगदीशपुर व गौरीगंज में प्रसूता तथा नवजात शिशु को उसके घर तक वाहन से छोड़े जाएंगे तत्पश्चात वृद्ध आश्रम में मिष्ठान एवं फल वितरण का कार्यक्रम आयोजन के साथ ही समस्त ग्राम पंचायत में फलदार पौधों का रोपण किया जाएगा।

### एवियर कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी का भव्य आयोजन

**नोएडा।** सेक्टर-62 स्थित एवियर कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी का संयुक्त रूप से भव्य आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत ÷भगवत गीता एवं देशभक्ति÷ विषय पर निबंध लेखन और देशभक्ति-थीम पर रंगोली प्रतियोगिता से हुई। इसके बाद नृत्य और भजन गायन प्रस्तुतियों ने पूरे परिसर को भक्ति और देशप्रेम के रंगों से भर दिया।

रंगोली प्रतियोगिता में ह्यूमैनिटीज एंड लॉ डिपार्टमेंट ने प्रथम, साइंस डिपार्टमेंट ने द्वितीय और आईटी डिपार्टमेंट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में बीसीए की खुशबू कुमारी ने प्रथम, मुस्कान शर्मा ने द्वितीय और बीफार्मा की उपासना शर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया। नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आईटी डिपार्टमेंट, द्वितीय स्थान आईटी डिपार्टमेंट और तृतीय स्थान मैनेजमेंट एंड कॉमर्स डिपार्टमेंट को मिला।

# रोहिणी में भारी बर्षा से जल मग्न




करण वाणी न्यूज

**नोएडा।** रोहिणी सेक्टर 30 ष्2 पॉकेट में जल भराव की बहुत समस्या है द्य सेक्टर 30 के निवासी एवं भारत जागरूक नागरिक संगठन के अध्यक्ष शैलेंद्र वर्णवाल ने बताया कि यहां प्लॉट एलोट हुए काफी साल हो गए हैं द्य परंतु समय के हिसाब से सेक्टर का विकास नहीं हुआ है द्य यहां के प्लॉट सड़क के लेवल से नीचे है कई प्लॉट गड्ढे में है द्य थोड़ी सी बारिश होने पर यहां जल भराव हो जाता है द्य बारिश का पानी मकान के दीवाल एवं नींव तक पहुंच जाता है द्य पानी सूखने में टाइम लगता है द्य इस कारण से बिल्डिंग के कमजोर होने की अंदेशा लगी रहती है द्य इस सेक्टर में अभी रोड निर्माण का कार्य शुरू हुआ है द्य जल भराव के कारण काफी समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं द्य ठहरे हुए जल में मच्छर एवं अन्य कीटाणु उत्पन्न होते हैं जिससे बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। इस सेक्टर में कूड़ा निस्तारण का कोई प्रावधान नहीं किया है द्य बारिश के कारण कूड़ा सड़क पर फैल जाता है द्य सेक्टर में गंदगी फैल जाती है। अध्यक्ष शैलेंद्र वर्णवाल ने बताया कि दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी को कई बार पत्र लिखकर एवं अधिकारियों से मिलकर इसकी सूचना दी गई है परंतु अभी तक सेक्टर में गड्ढे में बने प्लॉट को भरने की एवं कूड़े निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

# पूर्व सीएम अखिलेश यादव के पीएसओ के साथ ठगी

- करोड़ों रुपए की लक्जरी गाड़ियों की ठगी करने वाले पांच लोगों को किया गिरफ्तार
- आरोपियों के पास से 13 गाड़िया बरामद



करण वाणी न्यूज

**उन्नाव।** पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है एसओज़ी और थाना गंगाघाट पुलिस ने चार पहिया वाहन एग्रीमेंट पर लेकर कम दाम पर बेचने वाले गिरोह के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनके पास से चार पहिया 13 गाड़ियां बरामद हुई है। एसपी उन्नाव दीपक भूकर ने गिरफ्तार करने वाली टीम को 25 हजार का इनाम देने की घोषणा की है। आपको बता दें कि उन्नाव पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। वाहन स्वामियों से चार पहिया वाहन को किसी फर्म मे लगवाने के लिए मासिक किराये पर लेते थे इसके बाद चार पहिया वाहन को कम दाम पर बेच देते थे। ऐसा ही एक मामला लखनऊ के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के पीएसओ जय प्रकाश यादव का मामला सामने आया है जहाँ आरोपियों ने उनसे किराये पर चार पहिया वाहन लेकर दूसरे को बेच दिया था। एसपी उन्नाव दीपक भूकर ने बताया की वाहन स्वामियों से गाड़ियों को किसी कम्पनी या फॉर्म मे लगवाने के लिए एग्रीमेंट कराकर मासिक किराए पर लेते थे और उन्हें किराया तीन-चार महीने में देते रहते थे वाहन स्वामियों के साथ आसानी से धोखाधड़ी करते रहते थे। उन्होंने पूछताछ मे बताया की यह भी एग्रीमेंट कराई हुई गाड़ी है यहां हम लोग गाड़ी बेचने के लिए आए थे जिसमें स्विफ्ट ध्रॅद्बह्द्ध क्त32 ह्क्त 0370 की गाड़ी बरामद किया है। सभी व्यक्तियों से पूछताछ मे बताया की शिव गुप्ता ने दिलीप वर्मा पुत्र बिंदादीन वर्मा निवासी- गायत्री नगर भातू फॉर्म गंगाघाट उन्नाव को बेची थी जिसमें से दिलीप शर्मा ने ऋतिक पाल को तीन लाख डिजिटल पेमेंट के माध्यम से 12 जून 2025 को ट्रांसफर किया।

# पेड़ से गिरे संतोष मौर्या की इलाज के दौरान मौत

- पांच मासूम बेटियों के सिर से उठा पिता का साया

करण वाणी न्यूज



**उन्नाव।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र के दरियार खेड़ा गांव से एक ऐसी दर्दनाक खबर आई है जिसने पूरे गांव को गम में डुबो दिया है। 22 जुलाई को रोज़ी-रोटी के लिए बाग में लकड़ी तोड़ने गए संतोष मौर्या (55) का पैर फिसला और वे पेड़ से नीचे जा गिरे। चोट इतनी गहरी थी कि इलाज के लिए पहले निजी मेडिकल कॉलेज और फिर केजीएमयू लखनऊ तक दौड़ लगानी पड़ी—लेकिन किस्मत ने साथ नहीं दिया। बुधवार रात संतोष ने अस्पताल के बेड पर अपनी आखिरी सांस ली।

अब गांव में सिर्फ उनकी मौत का सन्नाटा नहीं, बल्कि पत्नी शिवकुमारी और पांच मासूम बेटियों के भविष्य का अंधेरा पसरा है – सलोनी (13), नेहा (11), वासु (9), रितिका (4) और लकी (2)। पिता की लाश के सामने खड़ी इन मासूम आंखों में सवाल हैं– अब कौन संभालेगा हमें?

परिवार के पास मात्र चार बिस्वा जमीन है, और यही उनके जीवनयापन का सहारा था। अब शिवकुमारी के कंधों पर भूख, गरीबी और परवरिश का बोझ है। गांव में हर कोई जानता है कि यह सिर्फ एक परिवार का दुख नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक संवेदनहीनता का आईना है।

# उन्नाव में बारिश से सैकड़ों किसानों की फसल डूबी, रियल एस्टेट कंपनी पर गंभीर आरोप

- प्रशासन की नींद टूटी तो किसानों का गुस्सा फूटा

करण वाणी न्यूज




**उन्नाव।** जिसका कोई नहीं, उसका कोई नहींय न प्रशासन, न सरकार, और शायद भगवान भी नहीं– ये कड़वे बोल गुरुवार सुबह उन्नाव के खेत-खलिहानों में गूंज रहे थे। बुधवार देर रात हुई मूसलाधार बारिश ने ग्राम पंचायत कुसुंभी और नवाबगंज पछियांव के सैकड़ों किसानों की महीनों की मेहनत को चंद घंटों में मिट्टी में मिला दिया। खेतों में खड़ी फसलें पूरी तरह डूब गईं, और किसान सड़क पर उतरने को मजबूर हो गए।

किसानों का आरोप सीधा और तीखा है – इलाके की सेमडे रियल एस्टेट कंपनी ने कई किलोमीटर जमीन खरीदकर प्लॉटिंग कर दी, बीच में से गुजरने वाला सरकारी नाला बंद कर दिया, ताकि उनकी साइट सुंदर दिखे। नतीजा ये कि बारिश का सारा पानी खेतों में भर गया, फसलें सड़ने लगीं और किसानों की रोज़ी-रोटी पर ताला लग गया। गुस्साए किसानों में राज बहादुर, सुजीत, श्रीपाल, संदीप, भोला, सरवन, प्रमोद, अमरपाल, रामनाथ, रामबाबू, रमेश समेत दर्जनों नाम शामिल हैं। इनका कहना है हम गरीब किसान हैं, हमारी सुनवाई कौन करेगा जब सरकार और प्रशासन खुद विकास के नाम पर किसानों की बलि दे रहे हैं, तो हम किसके दरवाज़े जाए मामला तूल पकड़ता देख, जागरूक किसान कमल राजपूत ने हसनगंज के उपजिलाधिकारी को खबर दी। दबाव बढ़ा तो क्षेत्रीय लेखपाल पंकज पांडे को मौके पर भेजा गया, जहां किसान कोका कोला फैक्ट्री के सामने जलभराव को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे।लेखपाल का बयान रियल एस्टेट की बाउंड्री के पास पुराना नाला था, जिसकी खुदाई आज तक नहीं हुई।

# आर डब्ल्यू ए की सक्रियता से गौ माता की जान बची

**नोएडा।** पॉकेट 7 सेक्टर 82 नोएडा के मेन गेट के पास वाले खंभे में पतंग का मांझा तारों से खंभे में लिपटा होने के कारण करेंट आ गया जिसकी चपेट में गौ माता आ गई। सेक्टर 94 से एम्बुलेंस को फोन किया गया हालांकि वह डेढ़ घंटे बाद आई लेकिन उसको सकुशल उपचार के लिए भेज दिया गया। सबसे अच्छी बात यह रही की गौ माता की जान बच गई। हम सभी लोग वहीं रहे और जब तक एम्बुलेंस नहीं आ गई गौ माता की खूब मालिश की जिससे ब्लड सर्कुलेशन ठीक बना रहे। इस मौके पर आर डब्ल्यू ए अध्यक्ष राघवेन्द्र दूबे, सुशील पाल , गोरेलाल कुमार, राजवीर सिंह, उपेंद्र सिंह , विष्णु शर्मा , रमेश चंद शर्मा , विनय त्रिवेदी , सहित तमाम लोग सेवा में लगे रहे जब तक गौ माता को एम्बुलेंस में उपचार के लिए नहीं भेज दिया गया। सभी का धन्यवाद इस मानवता के लिए।

# शहीदों की वीरगाथा के साथ इतिहासकारों ने किया धोखा !

- तीन अमर वीरों की शहादत के बाद थाना छोड़कर भाग गई थी अंग्रेजी फोर्स, 16 से 26 अगस्त तक फहरता रह गया थाने पर तिरंगा
- केंद्रीय मंत्री की घोषणा के बाद भी एनसीआरटी पाठ्य क्रम में शामिल नहीं हुआ ऐतिहासिक

करण वाणी न्यूज

**चंदौली।** आजादी की लड़ाई में कई वीर शहीद ऐसे भी हुए जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन तक बलिदान कर दिया। लेकिन उनके नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज नहीं है। इतिहासकारों ने उन अमर शहीदों को ऐसे भुलाया कि अब उनके अपने वंशज भी धीरे-धीरे उनके गौरवपूर्ण संघर्षगाथा को विस्मृत करते जा रहे हैं। जी हां, हम बात कर रहे हैं 16 अगस्त सन 1942 में हुए चंदौली जिले के ऐतिहासिक धानापुर कांड की। जब हिंगुतरगढ़ के हीरा सिंह, भदाहू के मंहगू सिंह, और कटरिया के रघुनाथ सिंह जैसे स्वातंर्त्य वीर सीने पर अंग्रेजी हुकूमत की गोलियां खाकर शहीद हो गए। इन वीरों ने अपने प्राण देकर भी थाने पर तिरंगा लहरा दिया। थाना प्रांगण में हुई खूनी जंग के बाद पूरी पुलिस फोर्स अपनी जान जोखिम में देख थाना को बीरान छोड़कर अन्यत्र भाग गई। उस वक्त गुलामी का दौर था, बावजूद इसके लगातार 10 दिनों तक धानापुर थाने पर फहर रहा तिरंगा इलाके के लोगों को आजादी के नए बिहान का एक संजीदा एहसास दिलाता रहा। वर्ष 2016 में केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्यमंत्री एवं चन्दौली के सांसद रहे डॉ महेंद्र नाथ पांडेय ने 2017 से ही स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान हुए धानापुर कांड को एनसीआरटी के पाठ्यक्रम के शामिल कराने का सभा मंच से भरोसा दिलाया। बाद में उनके मंत्री पद से हटने के बाद यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया। आलम यह है कि आज की युवा पीढ़ी अमर शहीदों के उस अप्रतिम योगदान की सही जानकारी से अंजान है।

> *15 अगस्त 1947 को आजादी मिलने से पांच वर्ष पहले ही 1942 में 16 से 26 अगस्त तक 10 दिनों तक अंग्रेजी हुकूमत की छाती पर चढ़कर धानापुर थाने पर तिरंगा लहराता रहा। इस ऐतिहासिक धानापुर थाना कांड में वीर शहीदों और सेनानियों के शौर्य गाथा को इतिहासकारों द्वारा भुलाया जाना गलत है। सरकार को चाहिए कि वह क्रान्तिवीरों की इस अविस्मरणीय कृत्य को फिर से संरक्षित करे।*
> *....गोविंद उपाध्याय, धानापुर विकास मंच*

### तीन को फांसी 17 को आजन्म कारावास की सजा

**चंदौली।** स्वतंत्रता संग्राम के दौरान हुए धानापुर गोलीकांड में हीरा सिंह मौके पर शहीद हो गए। जबकि महंगू सिंह ने रास्ते में और रघुनाथ सिंह ने सकलडीहा अस्पताल में दम तोड़ा। इस आंदोलन में दर्जनों अन्य रणबांकुरे भी जख्मी हुए। इस मामले में अंग्रेजी हुकूमत ने बुद्धपुर के सूर्यमनी सिंह, नेगुरां के देवसागर सिंह और कमालपुर के हरिनारायण अग्रहरि को फांसी की सजा सुनाई। वहीं 17 आंदोलन कारियों को आजन्म कारावास तथा दर्जनों अन्य को दूसरी अलग अलग सजाएं दी गई। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी समिति के अध्यक्ष नरेंद्र देव शर्मा ने बताया कि धानापुर कांड को लेकर अंग्रेजों ने पूरे महाइच परगना पर 5600 रुपये का जुर्माना लगा दिया। जिसे कड़ाई दिखाते हुए वसूल लिया गया।

# उद्योग समस्याओं को लेकर मंथन बैठक का आयोजन

करण वाणी न्यूज




**बाराबंकी।** एआई डेस्पो के परिसर में गुरुवार को द्वितीय मंथन बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उद्योग जगत और बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने संयुक्त रूप से औद्योगिक क्षेत्रों में आ रही बिजली संबंधी समस्याओं पर विस्तार चर्चा की।बैठक के दौरान मंडलीय अध्यक्ष राजेश तिवारी ने कहा कि बिजली विभाग में फील्ड स्तर पर मानव संसाधन में कमी आ गई है, लेकिन तकनीकी उन्नयन समय पर नहीं हुआ। इसके कारण फॉल्ट लोकेशन और समाधान में दिक्कतें आ रही हैं।उन्होंने आरएमयू स्थापित किए जाने की मांग की। इसके अलावा उद्योगपतियों ने जिले के सभी औद्योगिक क्षेत्रों में विशेष रूप से कुरौली फीडर में लो वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या की शिकायत दर्ज कराई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अशोक चौरसिया, मुख्य अभियंता, अयोध्या ज़ोन, उपस्थित रहे। इसके अलावा राज बालाजी अधीक्षण अभियंता, नीरज गर्ग, अधिशासी अभियंता, फतेहपुर ब्लॉक, घनश्याम, अधिशासी अभियंता, नवाबगंज ब्लॉक, प्रमित सिंह, राष्ट्रीय सचिव, इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, राजेश तिवारी, मंडलीय अध्यक्ष सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

## परास्नातक छात्रों को महाविद्यालय में वितरण किए टेबलेट



**बीघापुर उन्नाव।** निराला डिग्री कॉलेज में प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत परास्नातक छात्रों को बीघापुर ब्लॉक प्रधान संघ के अध्यक्ष मनोज सिंह ने टेबलेट वितरित किए। उन्होंने कहा कि टैबलेट का प्रयोग छात्र अपने ज्ञान वर्धन व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए करेंगे जिससे उनके सुनहरे भविष्य का निर्माण हो सके। इस अवसर पर निराला डिग्री कॉलेज के प्रबंधक तनुज अवस्थी, प्राचार्य डॉक्टर सुरेंद्र सिंह, डॉक्टर मनीष दीक्षित, मीनाक्षी सिंह, राधारानी गुप्ता, केपी यादव, शिवाकांत शुक्ला, सुभाष चंद्र ,अनिल शुक्ला,सुशील पांडेय, राकेश वर्मा,महेश बाजपेई, उदय सिंह मौजूद रहे।

## अघोषित विद्युत कटौती से बेहाल हैं कस्बा गंजमुरादाबाद के नागरिक

**बांगरमऊ,उन्नाव।**कस्बा गंजमुरादाबाद मे अघोषित विद्युत कटौती से नागरिकों का जीना मुहाल हो गया है। बिजली कटौती व ट्रिपिंग से उपभोक्ताओं में रोष बढ़ता जा रहा है। उपभोक्ताओं ने मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री से घोषणा के अनुसार विद्युत आपूर्ति की मांग उठाई है। गौरतलब है कि शासन के आदेशों को ताक पर रखकर कस्बा गंज मुरादाबाद और क्षेत्र में अन्धाधुन्ध बिजली कटौती की जा रही है। बिजली कब आएगी और कब ट्रिप कर जाएगी इसका कोई समय नहीं निर्धारित है। विद्युत आपूर्ति ठप होने पर भीषण गर्मी के चलते नागरिकों को रात ही नहीं बल्कि दिन में भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत कटौती होने पर पुरुष तो बाहर निकल जाते हैं। लेकिन छोटे बच्चे रोते-रोते बीमार पड़ रहे हैं। मनमानी बिजली कटौती से लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है। बिजली विभाग की मनमानी व भारी लापरवाही से नागरिक रातों की नींद व दिन का चैन गवा चुके हैं। नागरिकों का कहना है कि 18 घंटा बिजली की आपूर्ति दिए जाने के निर्देश हैं। लेकिन शासन/ प्रशासन के आदेशों को ताक पर रखकर 24 घंटे में मात्र 8 घंटे ही विद्युत आपूर्ति दी जा रही है। गंज मुरादाबाद नगर पंचायत के अध्यक्ष पति हाजी सलीम कुरैशी, कामिल कुरैशी, कुलदीप शर्मा, राघव मिश्रा, निशांत कुशवाहा, जयसिंह, आदि ने प्रदेश के मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री से निर्धारित समय के अनुसार सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति किए जाने की मांग की है।

## विधायक के नेतृत्व मे निकाली गयी तिरंगा यात्रा



**बांगरमऊ,उन्नाव।** क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज बुधवार की सुबह नगर के प्रमुख मार्गो उन्नाव हरदोई रोड पर हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा यात्रा निकाली। विधायक श्री कटियार ने नगर के शहीद जस्सासिंह स्मारक भवन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शिलापट्ट पर पुष्प अर्पित कर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। बाद में यह यात्रा उन्नाव हरदोई रोड स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क पर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान श्री कटियार ने नागरिकों को बताया कि तिरंगा हमारे देश की आन-बान-शान का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से आगामी स्वतंत्रता दिवस पर अपने-अपने घरों पर तिरंगा ध्वज फहराने की अपील की। यात्रा में चेयरमैन रामजी गुप्ता, भाजपा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष बालाराव गुप्ता, प्रदीप सोनी आशीष मिश्रा, अर्पित मिश्रा, अभिषेक, राकेश गुप्ता, विकास गुप्ता, मनीष तिवारी, वीरेंद्र अवस्थी, ऋषभ गुप्ता, मुकेश शर्मा व अरविंद आदि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## भाजपा नेता ने निकली तिरंगा यात्रा



**बीघापुर,उन्नाव।** कोतवाली व विकासखंड कार्यालय द्वारा संयुक्त रूप से कस्बे के मुख्य मार्ग पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रकाश सिंह के नेतृत्व में तिरंगा रैली निकल गई। स्वाधीनता संग्राम के अमर शहीदों व राष्ट्रभक्तों की जय कारों के साथ नगरवासी व ग्रामीण भी रैली में शामिल हुए। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रकाश सिंह ने कहा कि आजाद भारत का प्रत्येक व्यक्ति बलिदानी महापुरुषों का ऋणी है। यह रैली उनकी स्मृति वह वीर गाथाओं को हमें याद दिलाती है तथा राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का भी संकल्प लेने को प्रेरित करती है। रैली में थाना अध्यक्ष राजपाल, एडीओ पंचायत प्रताप नारायण द्विवेदी, भोले प्रधान, डॉ अमरेश वर्मा,पवन मौर्य, प्रमुख पति पवन पासवान, अमरेंद्र, अमरेश, राना,शिवमोहन शामिल हुए।

## एडीजी सुजीत पाण्डेय ने पुलिस के साथ की गोष्ठी

**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय गौरीगंज में अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ, जोन लखनऊ को सलामी गार्द द्वारा सलामी दी गई एवं पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र, अयोध्या प्रवीण कुमार व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के द्वारा स्वागत किया गया । तत्पश्चात पुलिस कार्यालय सभागार में अपराध एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत गोष्ठी की गई । गोष्ठी में जनपद पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे । अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ, द्वारा आगामी त्यौहार स्वतंत्रता दिवस, चेहल्लुम व जन्माष्टमी आदि पर सुरक्षा के समुचित प्रबन्ध की समीक्षा की गई एवं भीड़ व संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभावी गश्त एवं सतर्क निगरानी हेतु निर्देशित किया गया । साथ ही अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध कार्यवाही, आईजीआरएस प्रकरणो के निस्तारण, विवेचनाओ आदि के निस्तारण के सम्बंध में निर्देशित किया गया। और नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज में रिक्रूट ट्रेनिंग सेण्टर में रिक्रूट आरक्षियों के साथ सैनिक सम्मेलन कर उन्हें पूर्णमनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने, अनुशासित जीवनशैली अपनाने हेतु बताया गया जिससे वे अपने कर्तव्यों व दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन कर सकें, और बताया गया कि प्रशिक्षण से अनुशासन, समन्वय और टीम वर्क की भावना उत्पन होती है, शरीर व मन स्वस्थ रहता है, आत्मविश्वास में वृद्धि होती है । तदोपरान्त पुलिस लाइन गौरीगंज के रिक्रूट ट्रेनिंग सेण्टर में रिक्रूट आरक्षियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान बैरकों की साफ सफाई व क्लास रूम आदि का मुआयना किया गया । आरटीसी में आयोजित बड़ा खाना में रिक्रूट आरक्षियों के साथ बैठकर भोजन किया गया ।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के सम्बन्ध में आयोजित हुई बैठक

- हर घर तिरंगा अभियान के दौरान जनसामान्य 13 से 15 अगस्त तक अपने-अपने घरों में तिरंगा फहरायें: डीएम
- डीपीआरसी में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का होगा आयोजन

सवंददाता




**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने स्वतंत्रता दिवस समारोह-2025 (15 अगस्त) की तैयारियों के सम्बन्ध में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होने कहा कि हमारे देश के गौरवशाली इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाने वाले स्वाधीनता दिवस समारोह परम्परागत रूप से सादगी के साथ आकर्षक ढंग से मनाया जायेगा। उन्होने बताया कि जिला/तहसील/ब्लॉक/नगर निकायों आदि सरकारी तथा गैर-सरकारी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाये तथा झण्डा अभिवादन के साथ ही राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन होगा। पंचायती राज विभाग को निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद के जितने भी अमृत सरोवर, विद्यालय, शहीद स्थल है और जहां पर झण्डारोहण होना है वहां की साफ-सफाई करायी जाये। ईओ को निर्देशित किया गया कि समस्त नगर पंचायतों में साफ-सफाई, लाइटिंग, शहीद स्थलों पर माल्यार्पण किया जाये। उन्होने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने आवास/स्कूल तथा सरकारी कार्यालयों में झण्डा सम्मान के साथ झण्डा संहिता का अनुपालन करते हुये फहराया/लगाया जाये। झण्डा फहराते समय सदैव केसरिया रंग की पट्टी झण्डे के ऊपर की तरफ होनी चाहिये। झण्डा उतारने के बाद किसी भी नागरिक के द्वारा इसे फेंका नही जायेगा, उसे सम्मान के साथ फोल्ड करके रखा जाये। हर घर पर झण्डा विधिवत् तरीके से लगाया जाये। आधा झुका, फटा या कटा झण्डा लगाया जाना निषेध होगा। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 13 अगस्त से 15 अगस्त तक प्रभात फेरी निकालकर हर घर तिरंगा अभियान का शुभारम्भ किया जाये तथा तिरंगा यात्रायें, तिरंगा रैली, तिरंगा दौड़, तिरंगा संगीत, तिरंगा प्रतिज्ञा, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा कृतज्ञता के कार्यक्रम किये जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि गुरुवार 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस डीपीआरसी गौरीगंज में मनाया जायेगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि सभी शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों को विभाजन विभीषिका से जुड़ी हुई गतिविधियों की जानकारी दी जाये तथा इससे जुड़ी हुई फिल्मों, डाक्यूमेन्ट्री का प्रदर्शन किया जाये। उन्होने कहा कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर घर तिरंगा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाना है इसके अन्तर्गत सभी सरकारी/गैर सरकारी संस्थानों, व्यावसायिक एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक संस्थानों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, अस्पतालों, समस्त सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों, रेस्टोरेन्ट, शापिंग काम्प्लेक्स, टोल प्लाजा, पुलिस चौकी/थाना सहित प्रत्येक घरों में अनिवार्य रूप से तिरंगा फहराया जायेगा। 15 अगस्त को वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किये जाये। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रमों को शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार आयोजित किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, डिप्टी कलेक्टर सात्विक श्रीवास्तव व रितेश राज, डीपीआरओ मनोज त्यागी, बीएसए संजय तिवारी, डीआईओएस डॉ राजेश द्विवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रटोल में निर्माणाधीन लाला महेंद्र अग्रवाल अस्पताल की सराहना की

**गाजियाबाद / बागपत ।** बागपत जिले के रटोल में बहु प्रतीक्षित लाला महेंद्र अग्रवाल अब तेजी से आकार लेने लगा है । रोशनी देवी फाउंडेशन के अंतर्गत बनाए जाने वाले इस 400 बेड वाले अस्पताल की प्रतीक्षा न केवल राठौर एवं बागपत के निवासी, बल्कि समीपवर्ती क्षेत्रों के लोग भी बड़ी बेसब्री से कर रहे हैं ताकि चिकित्सकीय सेवाओं के लिए उन्हें बाहर के अस्पतालों में जाकर महंगे ट्रीटमेंट करवाने हेतु विवश न होना पड़े। इस अस्पताल के निर्माण के साथी यहां के निवासियों में अब यह विश्वास मजबूत होने लगा है कि अब उन्हें अपने अच्छे एवं गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए बाहर के अस्पतालों का मोहताज नहीं होना पड़ेगा।

इस अस्पताल के बारे में अवगत करवाते हुए रियल एस्टेट कारोबारी एवं समाजसेवी मनोज अग्रवाल ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी अस्पताल का काम तेजी से चल रहा है और उन्हें पूरी उम्मीद है कि आगामी 6 महीने के अंदर इसका काम पूर्ण हो चुका होगा। अस्पताल के बारे में अवगत करवाने तथा उद्घाटन हेतु समय मांगने के उद्देश्य से मनोज अग्रवाल उनके पुत्र आयुष अग्रवाल, विधायक योगेश धामा एवं डॉक्टर अंशुमन मुख्यमंत्री से मिलने लखनऊ पहुंचे और उन्हें इस अस्पताल के प्रोजेक्ट के बारे में अवगत करवाया।

## सरयू में पानी घटने के बाद स्वास्थ्य महकमा हुआ सक्रिय

**रामनगर, बाराबंकी।**बाढ़ प्रभावित एरिया में स्वास्थ्य सेवाएं सक्रिय हुई हैं। बुधबार को नदी खतरे के निशान से 3 सेमी नीचे आ गई थी लेकिन अभी खेतों में पानी भरा हुआ है। नदी घटने के बाद बाढ़ प्रभावित गाँवो में रामनगर सी एच सी अधीक्षक डा पर्णव श्रीवास्तव ने टीम भेजकर लोगों को दवाइयां दिलवाई।कुछ जगह स्वास्थ्य कर्मियों ने जाकर कैम्प लगाकर लोगों को दवाइयां दी गई। ए डी ओ पन्चायत अभय शुक्ला ने सचिवों को लगाकर ऐंटी लार्वा का छिड़काव कराया गया।तहसीलदार विपुल कुमार सिंह ने बताया कि बाढ़ एरिया में पानी घटने के बाद रामनगर व सूरतगंज के चिकित्साधिकारी सक्रिय हैं और दो दिनो से कैम्प लगवाकर पीड़ितों को देख बुखार व पेट दर्द के मरीजों को दवा दी। इसके आलावा ग्राम पंचायतों में ऐंटी लार्वा का भी छिड़काव कराया गया है।तहसील से लेकर अन्य जिम्मेदार विभाग लगातार सक्रिय हैं।

## कर की जोरदार टक्कर में छात्रा घायल



सवंददाता

**मसौली बाराबंकी।** बाराबंकी रामनगर हाईवे के बिन्दौरा गांव के निकट साईकिल से स्कूल जा रही छात्रा को कार की जोरदार टक्कर से गम्भीर रूप से घायल हो गई। मसौली पुलिस ने ऐम्बुलेंस से सीएचसी बड़ागांव में भर्ती करवाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मसौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम किन्हौली निवासी अर्पित यादव पुत्री बृजेश यादव 15 वर्षीय मंगलवार की सुबह साईकिल से स्कूल जाने के लिए निकली थी कि बाराबंकी रामनगर हाईवे के बिन्दौरा गांव के करीब पहुंची थी कि कार की जोरदार टक्कर में छात्रा गम्भीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर मसौली पुलिस ने ऐम्बुलेंस से सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।कार सवार गाड़ी छोड़कर भाग निकले जिसको पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

# आगानपुर पुल पर गहरेबने जानलेवा



सवंददाता

**रामनगर ।**रामनगर से फतेहपुर जाने वाले मार्ग के अगानपुर बुढ़वल के मध्य रेलवे पुल पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के चलते आवागमन में राहगीरों को बड़ी कठिनाइयो का सामना करना पड़ रहा है। इन दिनों बारिश के चलते जल भराव होता रहता है जिससे गड्ढों में पानी भर जाता है।निकलते समय उस गड्ढे से मोटरसायकिल उछलते हुए निकलती है तो वह गंदा पानी दूसरे के ऊपर पड़ जाता है जिससे कपड़े गंदे हो जाते है।इन गड्ढों को भरा नहीं जा रहा।लोक निर्माण विभाग सी डी थ्री उदासीन है। उक्त पुल चौड़ा कम है। लोडर वाहनों के ड्राइवरो से जरा भी लापरवाही हो गई तो बड़ी घटना होने में देर नहीं लगेगी क्योंकि बड़ा वाहन निकलते समय साइकिल व मोटरसाइकिल सवार लोग पुल के दोनों तरफ काफी संख्या में खड़े हो जाते हैं। सकरा पुल होने के चलते इस पर डबल वाहन क्रॉस नहीं हो पाता। इस स्थिति में यदि बड़ा वाहन चलाने वाले ड्राइवर ने जरा भी लापरवाही बरती तो बड़े गड्ढे होने के चलते वाहन पलट भी सकता है जिस कारण अगल-बगल खड़े राहगीरों के साथ कोई बड़ी घटना घटित हो सकती है। लेकिन संबंधित अधिकारी इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता न समझ कर किसी बड़ी अनहोनी के इंतजार में हैं।


# जिलाधिकारी ने असंतुष्ट फीडबैक वाले विभागों को दी कड़ी चेतावनी

- आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को लेकर आयोजित हुई बैठक

सवंददाता

**अमेठी।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण नियत तिथि से पहले किया जाए और गुणवत्ता ऐसी हो कि शिकायतकर्ता पूर्ण रूप से संतुष्ट हो। उन्होंने स्पष्ट कहा कि केवल औपचारिक निस्तारण पर्याप्त नहीं है, बल्कि समस्याओं का समाधान धरातल पर सुनिश्चित होना चाहिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने सर्वाधिक असंतुष्ट फीडबैक वाले विभागों – लोक निर्माण विभाग (प्रांतीय खंड), जल निगम, सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग, पशुपालन, एसडीएम अमेठी व गौरीगंज, खंड विकास अधिकारी अमेठी, जगदीशपुर, गौरीगंज, संग्रामपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर, बाल विकास परियोजना अधिकारी जगदीशपुर, एडीओ पंचायत तिलोई और सिंहपुर को कड़ी चेतावनी दी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अर्पित गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, डिप्टी कलेक्टर सात्विक श्रीवास्तव और रितेश राज, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित विश्वकर्मा सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# महादेवा में जारी है तेजी से ध्वस्तीकरण कार्यवाही



सवंददाता

**रामनगर।** लोधेश्वर महादेवा में कारी डोर निर्माण के लिए जमीन समतलीकरण के लिए कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। सितंबर माह में कारी डोर निर्माण का शिलान्यास कराने के लिए सूबे के मुख्य मन्त्री को बुलाने की योजना पर काम हो रहा है। बने मकान व दुकान के ध्वस्ती करण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। पांच दिनो के अन्दर अब तक 36 से अधिक मकान व दुकान ध्वस्त हो चुके हैं। नोडल अफसर एसडीएम विवेक शील जिले से लगातार आकर ध्वस्तीकरण कार्य की निगरानी कर रहे हैं। इसी तरह यदि तेजी रही तो अब लोगों को उम्मीद लग रही है कि जल्द ही करीडोर बनना शुरु होगा। पर्यटन विभाग द्वारा इस ध्वस्ती करण में उनके मकान दुकान गिराने की कार्यवाही की जा रही है जो मुआब्ज़ा पा चुके है। बड़े बड़े दो मंजिला मकानों को गिराने के लिए पुक् लैंड मशीन में ग्लाइन्डर लगाकर उनके लिंटर व छत काटी जा रही है। डीएम ने मुख्यालय के अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को निगरानी के लिए लगाया है वे भी नित्य महादेवा आकर स्वयं खड़े होकर मकान दुकान ध्वस्त करा रहे हैं।तहसील के तहसीलदार विपुल सिंह भी इस कार्य को प्राथमिकताओ में समझ कर लेखपाल को मौके पर भेज रहे हैं। डी एम भी इस कार्य की प्रतिदिन समीक्षा कर रहे जिसका नतीजा है कि ध्वस्ती करण तेजी से हो रहा है। एस डी एम ने बताया कि इसी तेजी से कार्य चलता रहेगा।

## भारतीय हलधर किसान यूनियन ने मनाया तीसरा स्थापना दिवस, किसानों के लिए संघर्ष का संकल्प

**एटा।** भारतीय हलधर किसान यूनियन ने आज धूमधाम से अपना तीसरा स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर संगठन के नेताओं ने किसानों के अधिकारों के लिए लड़ाई को और मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम जीटी रोड स्थित चंद्रमुखी होटल में आयोजित किया गया।भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं, किसानों के लिए हर कुर्बानी देंगे- राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेन्द्र सोलंकी स्थापना दिवस समारोह में, राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेन्द्र सोलंकी ने भ्रष्ट अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों का शोषण या अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हमारा संगठन किसानों के हितों की रक्षा के लिए किसी भी तरह की कुर्बानी देने को तैयार है। सोलंकी ने यह भी भरोसा दिलाया कि संगठन का हर सदस्य किसानों के अधिकारों के लिए सड़क से लेकर संसद तक आवाज़ उठाएगा।

# रामनगर की तिरंगा यात्रा राष्ट्र प्रेम का जन जागरण कर गई

सवंददाता




**रामनगर।** कस्बा रामनगर में निकली तिरंगा यात्रा राष्ट्र प्रेम का जन जागरण कर गई।भारी भीड़ ने हाथ में तिरंगा लेकर भारत माता की जयकारे लगाते निकली जिसे देखने के लिए लोग सड़क किनारे आ गए। पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन बान व शान का प्रतीक है ।तिरंगा यात्रा देश की एकता व अखंडता को मजबूत बनाने का कार्य करती है। उक्त तिरंगा यात्रा पूर्व विधायक व नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष बद्री विशाल त्रिपाठी व पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज कुमार वर्मा कक्का की अगुवाई में निकाली गई थी जो भारत माता की जय व वंदे मातरम के जयकारों के बीच डाक बंगला से बुढ़वल चौराहा होते हुए पूरे कस्बे का भ्रमण करते हुए पंचमुखी हनुमान मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। यात्रा में शामिल सभी लोगों ने महाबली हनुमान जी को सर झुका कर आशीर्वाद लेते हुए देश की खुशहाली व अखंडता की मंगल कामना की। यात्रा के दौरान दिल दिया है जान भी देंगे ए वतन तेरे नही, वंदे मातरम व भारत माता के जय घोष लोगों के दिलों में राष्ट्र के प्रति प्रेम की भावना को जागृत करने का काम कर रहे थे। राष्ट्र प्रेम से ओत प्रोत यात्रा में शामिल लोग चिलचिलाती धूप में पसीने पसीने होने के बावजूद भी उनके उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही थी। कमलेश शुक्ला मंडल अध्यक्ष,शैलेन्द्र सिंह प्रधान,दिलीप शुक्ला ,संजय रावत प्रधान वीरेंद्र रावत,पुष्कर मिश्रा,उमेश मिश्रा ,चंदन मिश्रा,गोलू सिंह ,विवेक सिंह आदि तमाम लोग मौजूद रहे ।

# तिरंगे के रंग में रंगा नज़र आयेगा रामसनेहीघाट

- स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अनूठी तैयारी में जुटा नगर पंचायत

सवंददाता




**रामसनेहीघाट, बाराबंकी ।** स्वतंत्रता दिवस को अभूतपूर्व ढंग से मनाने के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने कस्बे को देशभक्ति के रंग में पूरी तरह सराबोर कर दिया है। मुख्य सड़कों से लेकर गलियों तक, हर स्टीट लाइट के खंभे पर तिरंगे की लाइटें जगमगाने लगी हैं। रात होते ही यह दृश्य मानो आकाश में फैले तिरंगे की छटा का आभास कराता है। मिनी स्टेडियम में 150 मीटर ऊंचा विशाल तिरंगा लगाया गया है, जिसे राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने विशेष रूप से तैयार कराने की पहल की। मिनी स्टेडियम में स्थापित इस तिरंगे के नीचे हाई मास्क लाइट लगाई गई है जो की रात में तिरंगे पर प्रकाश डालकर उसे और भी भव्य बना देती हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव व अधिशासी अधिकारी संतोष कुमार चौधरी ने बताया कि यह तिरंगा न सिर्फ देशभक्ति की भावना को ऊंचाइयों तक ले जाएगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए गर्व का प्रतीक है। मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि नगर पंचायत मे स्वतंत्रता दिवस से पहले साफ-सफाई अभियान चलाकर मुख्य मार्गों को सजाया और तिरंगे के थीम पर रंग-बिरंगी झालरों से सजावट की गई है। चौराहों पर देशभक्ति गीतों की धुनें गूंजेंगी, जबकि शाम होते ही पूरा कस्बा तिरंगे की रोशनी में नहा उठेगा।इसी प्रकार नगर पंचायत कार्यालय तहसील भवन थाना व ब्लॉक परिसर को भी बिजली की झालरो से सजा दिया गया है ।यहां का हर कोना, हर खंभा और हर दिल 15 अगस्त को भारत माता के सम्मान में झूमता नजर आएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### अमेरिका में बलूच लिबरेशन आर्मी को आतंकी घोषित

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सक्रिय अलगाववादी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) को विदेशी आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। बीएलए को लंबे समय से अफगानिस्तान और ईरान से सटे, खनिज संपदा से भरपूर बलूचिस्तान क्षेत्र में सक्रिय सबसे प्रभावशाली उग्रवादी गुट माना जाता है। यह इलाका चीन के निवेश वाले ग्वादर गहरे समुद्री बंदरगाह और अन्य परियोजनाओं के कारण रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के अनुसार, हाल ही में बीएलए ने मार्च में क्वेटा से पेशावर जा रही पाकिस्तानी 'जाफर एक्सप्रेस' ट्रेन को हाईजैक करने की जिम्मेदारी ली थी। इस घटना में 31 नागरिकों और सुरक्षा बलों के जवानों की मौत हुई थी, जबकि 300 से अधिक यात्री बंधक बना लिए गए थे। विदेशी आतंकी संगठन घोषित होने के बाद इस समूह को वित्तीय सहायता और किसी भी प्रकार की मदद प्रदान करना अमेरिकी कानून के तहत प्रतिबंधित हो गया है।

### प्रसिद्ध नृत्य महोत्सव में 15 अगस्त को होगा भारत दिवस

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क में 44वें वार्षिक बैटरी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसका आयोजन 12 से 16 अगस्त तक चलेगा। यह सबसे लंबे समय से चला आ रहा सार्वजनिक नृत्य महोत्सव है। भारतीय स्वतंत्रता दिवस के दिन यानी 15 अगस्त को इस नृत्य महोत्सव में शक्ति - स्त्री की दिव्य ऊर्जा - के सार पर केंद्रित नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की जाएंगी। 15 अगस्त को महोत्सव में भारत दिवस का आयोजन होगा, जो शक्ति - दिव्य ऊर्जा का एक मिश्रित कार्यक्रम होगा, जिसमें वैश्विक कलाकारों द्वारा स्त्री के सार और रचनात्मकता को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। बैटरी डांस के संस्थापक और कलात्मक निदेशक जोनाथन हॉलैंडर ने बताया, पिछले दो वर्षों से हमारा ध्यान पुरुष, यानी पुरुष नर्तकों पर केंद्रित था, और इस वर्ष हमने इसे बदल दिया है और हमारा ध्यान शक्ति, दिव्य ऊर्जा पर केंद्रित होगा। हॉलैंडर ने कहा, आज की दुनिया के लिए यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है, जहां बहुत सारे संघर्ष और विखंडन जारी हैं। भारत दिवस कार्यक्रम को न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास और न्यूयॉर्क स्थित भारतीय स्टेट बैंक ने फंडिंग की है।

# बांग्लादेश में म्यांमार की अराकान आर्मी के जवान ने आत्मसमर्पण किया

एजेंसी




**ढाका।** म्यांमार के रखाइन राज्य में सक्रिय विद्रोही सशस्त्र समूह अराकान आर्मी के एक जवान ने सोमवार सुबह बांग्लादेश के कॉक्स बाजार के उखिया में बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। बीजीबी के अधिकारियों के अनुसार, इस जवान ने बताया कि उसका नाम जिबोन टोनचोंग्या और उसकी उम्र 21 वर्ष है। ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, बीजीबी अधिकारियों ने बताया कि म्यांमार के रखाइन राज्य में सक्रिय विद्रोही सशस्त्र सशस्त्र समूह के सदस्य जिबोन ने एके-47 राइफल के साथ आत्मसमर्पण किया। उसने सुबह करीब 9 बजे एके-47 राइफल, दो मैगजीन और 52 राउंड गोला-बारूद बीजीबी सदस्यों को सौंप दिया।

बीजीबी ने कहा कि जिबोन म्यांमार के रखाइन राज्य के मौंगडॉ टाउनशिप स्थित एक शिविर से भागकर बांग्लादेश में घुस आया था। उसने दावा किया कि उसका घर बंदरबन के नाइखोंगछारी उपजिला के गोरजबोनिया गांव में है। बीजीबी उखिया बटालियन 64 के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल मोहम्मद जसीम उद्दीन ने पत्रकारों को बताया कि इस व्यक्ति ने खुद को बांग्लादेशी नागरिक बताया है। उसकी पहचान और नागरिकता की पुष्टि की जा रही है।

पूछताछ में उसने बताया कि वह अपनी सुरक्षा के खतरे के कारण शिविर से भागा। उसने दावा किया है कि अराकान आर्मी के कम से कम 300 और सदस्य उसी शिविर से भागे हैं। उनमें से कुछ कभी भी बांग्लादेश में घुसपैठ कर सकते हैं। बीजीबी ने कहा कि उस व्यक्ति को हथियारों और गोला-बारूद के साथ हिरासत में ले लिया गया है और उसे उखिया पुलिस स्टेशन को सौंपने की तैयारी चल रही है। घुसपैठ रोकने के लिए सीमा पर निगरानी कड़ी कर दी गई है।

इस बीच, स्थानीय सूत्रों ने बताया कि रविवार रात करीब 10 बजे सीमापार रखाइन राज्य में नाइखोंगछारी में घुमधुम सीमा के पास रुक-रुक कर गोलीबारी की आवाज सुनाई दी। यह झड़प अराकान आर्मी और अराकान साल्वेशन आर्मी या अराकान रोहिंग्या सॉलिडेरिटी ऑर्गनाइजेशन के बीच होने का संदेह है। बीजीबी कॉक्स बाजार बटालियन 34 के कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल एसएएम खैरुल आलम ने कहा कि गोलीबारी शून्य रेखा से लगभग 300 मीटर की दूरी पर हुई।

### अमेरिकी इस्पात संयंत्र में विस्फोट, दो लोगों की मौत, 10 घायल



**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के पेंसिलवेनिया राज्य के पिट्सबर्ग के दक्षिण में मोनोंघेला नदी के एक मोड़ पर स्थित अमेरिकी इस्पात संयंत्र (यूएस स्टील क्लेयरटन संयंत्र) में सोमवार सुबह हुए भीषण विस्फोट से दो लोगों की मौत हो गई और कम से कम 10 लोग घायल हो गए। इस संयंत्र का संचालन यूएस स्टील क्लेयरटन कोक वर्क्स के हाथ में है। सीबीएस न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, इस विस्फोट की सबसे पहले सूचना सुबह 11 बजे से कुछ पहले बचावकर्मियों को दी गई। सोमवार रात प्रेस कॉन्फ्रेंस में संयंत्र के अधिकारियों ने बताया कि मलबे से एकमात्र लापता कर्मचारी का शव निकाल लिया गया है। इससे पहले, सोमवार शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस में यूएस स्टील क्लेयरटन संयंत्र के कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य विनिर्माण अधिकारी स्कॉट बकिसो ने इस विस्फोट में दो लोगों की मृत्यु की पुष्टि की। एलेघेनी काउंटी पुलिस ने कहा कि पहला विस्फोट काफी शक्तिशाली रहा। इस विस्फोट के बाद एक और धमका हुआ, मगर उससे ज्यादा क्षति नहीं हुई। मृतकों में एक की पहचान 39 वर्षीय टिमोथी क्विन के रूप में हुई है। दूसरे की पहचान सोमवार रात तक नहीं हो पाई। अधिकारियों ने बताया कि 10 लोगों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया। इनमें पांच लोगों की हालत गंभीर लेकिन स्थिर बताई गई है। संयंत्र ने सोमवार दोपहर बयान जारी किया-सोमवार, 11 अगस्त को पूर्वी समयानुसार सुबह लगभग 11 बजे, यूएस स्टील के क्लेयरटन प्लांट में विशेष रूप से कोक ओवन बैटरी 13 और 14 में एक दुर्घटना घटी। आपातकालीन टीमों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। हम घटना के कारणों की जांच के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। क्लेयरटन प्लांट में प्रतिदिन लगभग 1,300 पुरुष और महिलाएं काम करते हैं। क्लेयरटन के मेयर रिचर्ड लतान्जी ने कहा कि यह हम सबके लिए दुखद दिन है। इस बीच संयंत्र के अधिकारियों ने कहा कि क्लेयरटन संयंत्र देश का सबसे बड़ा कोक निर्माण संयंत्र है। कोक एक ईंधन है। इस ईंधन का उपयोग लौह अयस्क को पिघलाने के लिए किया जाता है। इसका उत्पादन कोक भट्ठियों में कोयले को पकाकर किया जाता है। यह संयंत्र हर साल 40 लाख टन से ज्यादा कोक का उत्पादन करता है।

### अमेरिका-चीन व्यापार समझौते को 90 दिन की मोहलत

**नई दिल्ली।** दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं द्वारा एक-दूसरे पर टैरिफ बढ़ाने से कुछ ही घंटे पहले अमेरिका और चीन ने अपने व्यापार युद्धविराम को 10 नवंबर तक बढ़ा दिया है। बीजिंग और वाशिंगटन ने एक संयुक्त बयान में कहा कि इस साल की शुरुआत में घोषित तीन अंकों वाले टैरिफ को अगले 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया जाएगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को चीन के साथ व्यापार समझौते को 90 दिनों के लिए और बढ़ा दिया, जिससे दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच एक बार फिर से होने वाला खतरनाक टकराव टल गया है। ट्रंप ने अपने 'ट्रुथ सोशल' मंच पर पोस्ट किया कि उन्होंने विस्तार के लिए कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं और ''समझौते की अन्य सभी बातें जस की तस रहेंगी।'' चीन के साथ व्यापारिक समझौते की 90 दिन की पिछली समय सीमा मंगलवार रात 12 बजकर एक मिनट पर खत्म होने वाली थी।

# वाशिंगटन पुलिस पर फिलहाल राष्ट्रपति ट्रंप का नियंत्रण

एजेंसी

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप ने सोमवार को कहा कि जरूरत पड़ने पर राजधानी वाशिंगटन डीसी में सेना को भी तैनात करने से पीछे नहीं हटेंगे। राजधानी को हर हाल में अपराध मुक्त बनाया जाएगा। राष्ट्रपति ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह घोषणा करते हुए वाशिंगटन पुलिस को अपने नियंत्रण में लेने का आदेश दिया।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, वह वाशिंगटन पुलिस बल अस्थायी रूप से अपने नियंत्रण में ले रहे हैं। साथ ही अमेरिकी राजधानी में अपराध से लड़ने के लिए 800 नेशनल गार्ड के सैनिकों को तैनात कर रहे हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रपति ने वाशिंगटन शहर की भयावह तस्वीर पेश की। उन्होंने कहा कि राजधानी में ÷खून के प्यासे अपराधियों÷ और ÷उग्र युवाओं की आवारा भीड़÷ का कब्जा हो गया है। वह जरूरत पड़ने पर वाशिंगटन में सेना भेजने के लिए तैयार हैं। वाशिंगटन के अटॉर्नी जनरल ने ट्रंप की इस घोषणा



की आलोचना करते हुए उसे ÷अभूतपूर्व, अनावश्यक और गैरकानूनी÷ बताया। ट्रंप की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कुछ प्रदर्शनकारी व्हाइट हाउस के पास जमा हो गए। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि पुलिस विभाग पर संघीय नियंत्रण 30 दिन तक चलने की उम्मीद है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रंप के रक्षा सचिव और देश के शीर्ष कानून प्रवर्तन अधिकारी भी थे। ट्रंप ने देश के पर्यटकों से आग्रह किया कि वे व्हाइट हाउस या एयर एंड स्पेस म्यूजियम देखने की अपनी यात्रा के दौरान हत्याओं और कार चोरी की भयावह कहानियों से विचलित न हों। जल्द ही राजधानी बिलकुल सुरक्षित होगी।

ट्रंप की घोषणा के बाद वाशिंगटन की मेयर म्यूरियल बोसर ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस आहूत की। उन्होंने कहा कि ट्रंप की घोषणा परेशान करने वाली है। उन्होंने विवशता जाहिर करते हुए कहा कि वह इसे रोकने के लिए कुछ नहीं कर सकतीं। 1973 का होम रूल एक्ट शहर को अपनी स्थानीय सरकार चुनने का अधिकार देता है, लेकिन राष्ट्रपति को स्थानीय कानून प्रवर्तन पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए 30 दिनों के लिए आपातकाल की घोषणा करने की भी अनुमति देता है।

उन्होंने कहा, इसमें कहा गया है कि मेयर इन अनुरोधों का पालन करेंगी। राष्ट्रपति ट्रंप की घोषणा के बाद 88 वर्षीय प्रतिनिधि एलेनोर होम्स नॉर्टन ने एक बयान जारी कर उनके इस कदम को डी.सी. के गृह शासन पर ऐतिहासिक हमला बताया।

# उत्तर व पश्चिमी तुर्किए में भीषण जंगल की आग, सैकड़ों लोग सुरक्षित स्थानों पर भेजे गए

एजेंसी

**इस्तांबुल।** तुर्किए के उत्तर-पश्चिमी प्रांत चनक्कले के मध्य भाग में भड़की जंगल की आग को काबू करने के लिए दमकलकर्मी लगातार प्रयास कर रहे हैं। तेज़ हवा के कारण आग तेजी से फैल रही है, जिसके चलते सैकड़ों लोगों को एहतियातन सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है।

प्रांतीय गवर्नर ओमर तोरामन ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स' पर बताया कि आग बुझाने में हवाई जहाज़, हेलीकॉप्टर, दर्जनों वाहन और लगभग 700 कर्मी जुटे हैं। प्रभावित इलाकों में एक विश्वविद्यालय परिसर, सैन्य क्षेत्र और कई आवासीय क्षेत्रों को खाली कराया गया है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से गैर-जरूरी यात्रा से बचने और आपातकालीन वाहनों के लिए सड़कों को खाली रखने की अपील की है। आग की वजह से शहर



का हवाई अड्डा, दारदानेल्स जलडमरूमध्य और राजमार्ग का एक हिस्सा अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। स्थानीय टीवी फुटेज में पहाड़ियों पर घना धुआं उठता दिखाई दिया, जबकि अनादोलु समाचार एजेंसी के वीडियो में पानी की बौछार करने वाले पुलिस वाहन, आवासीय भवनों तक फैली आग को बुझाते नज़र आए। तुर्किए के मौसम विभाग के अनुसार, क्षेत्र में तापमान 33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है और हवा की रफ्तार 66 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। गवर्नर के मुताबिक, लगभग 50 लोग धुएं के असर से प्रभावित हुए हैं और उनका नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार किया गया है, हालांकि किसी की हालत गंभीर नहीं है।

# बाल यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार युवा पादरी से असेंबलीज ऑफ गॉड ने दूरी बनाई

एजेंसी

**वाशिंगटन।** युवा पादरी थॉमस पिंकर्टन जूनियर उर्फ पादरी टॉमी की बाल शोषण के आरोप में गिरफ्तारी से पेंटेकोस्टल संप्रदाय के असेंबलीज ऑफ गॉड के अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। पिंकर्टन की गिरफ्तारी ऐसे समय हुई है जब दुनिया का सबसे बड़ा पेंटेकोस्टल संप्रदाय बाल यौन शोषण के कई आरोपों से जूझ रहा है। इस संप्रदाय के संयुक्त राज्य अमेरिका के 13,000 चर्चों में लगभग 30 लाख सदस्य हैं। पादरी टॉमी की गिरफ्तारी होते ही असेंबलीज ऑफ गॉड के अधिकारियों ने उससे किनारा कर लिया है।

एनबीसी न्यूज की खबर के अनुसार, 52 वर्षीय थॉमस पिंकर्टन जूनियर ने बाल्टीमोर काउंटी के असेंबलीज ऑफ गॉड चर्च (सेंट्रल क्रिश्चियन चर्च) में



काम करते हुए 2006 से 2010 तक छह किशोरों का यौन शोषण किया। पिछले बुधवार को उन्हें उनके गृह राज्य जॉर्जिया से मैरीलैंड प्रत्यर्पित किया गया। पिंकर्टन को अब बाल्टीमोर काउंटी में लगाए गए 24 गंभीर और अन्य आरोपों का सामना करना पड़ेगा। उनके वकील जस्टिन होलीमोन ने कहा कि उन्होंने खुद को निर्दोष बताया है। गिरफ्तारी वारंट में आरोप लगाया गया है कि किशोरों के साथ कथित दुर्व्यवहार चर्च और मैरीलैंड स्थित पिंकर्टन के पूर्व घर में हुआ था। होलीमोन ने कहा कि पिछले सप्ताह एक न्यायाधीश ने पिंकर्टन को रिहा करने से इनकार कर दिया। इसलिए उन्होंने सोमवार सुबह पिंकर्टन की तरफ से जमानत याचिका दायर की है। असेंबलीज ऑफ गॉड के अधिकारियों ने कहा है कि पिंकर्टन असेंबलीज ऑफ गॉड चर्च में काम जरूर करते थे, लेकिन उन्हें कभी भी संप्रदाय के पादरी के रूप में औपचारिक रूप से मान्यता नहीं मिली। असेंबलीज ऑफ गॉड क्षेत्रीय कार्यालय के सचिव-कोषाध्यक्ष बेंजामिन रेनी जूनियर ने कहा, हमें इस रिपोर्ट के बारे में सुनकर बहुत दुख हुआ है और जब भी ऐसी रिपोर्टें सामने आती हैं, तो हम बेहद चिंतित होते हैं। उधर, मैरीलैंड स्थित पिंकर्टन के पूर्व चर्च ने सोमवार को कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। पिछले सप्ताह अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक बयान में सेंट्रल क्रिश्चियन ने कहा कि पिंकर्टन 15 साल से भी अधिक समय तक स्टाफ में रहे।

### 25 अगस्त को अमेरिका दौरे पर जाएंगे दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के नए राष्ट्रपति ली जे म्युंग इस महीने के अंत में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात के लिए वाशिंगटन जाएंगे। ली के कार्यालय ने मंगलवार को बताया कि इस मुलाकात में परमाणु हथियारों से लैस उत्तर कोरिया और अन्य खतरों के साथ ही व्यापार और रक्षा सहयोग पर चर्चा होगी।

25 अगस्त को म्युंग और ट्रंप में होने वाली शिखर वार्ता जुलाई में दोनों देशों के बीच हुए एक व्यापार समझौते के बाद होगी, जिसमें वाशिंगटन ने दक्षिण कोरिया पर अपने पारस्परिक शुल्क को शुरू में प्रस्तावित 25 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत करने का एलान किया था। द. कोरियाई कारों पर भी यही कम दर लागू करने पर सहमति बनी थी, जो अमेरिका को दक्षिण कोरिया से होने वाला सबसे बड़ा निर्यात है। ली के प्रवक्ता कांग यू-जंग ने कहा कि दक्षिण कोरिया ने अमेरिकी ऊर्जा क्षेत्र में 100 अरब अमेरिकी डॉलर की खरीद और देश में 350 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने पर भी सहमति व्यक्त की है।

# टेक्सास में टारगेट कंपनी के स्टोर के बाहर गोलीबारी, तीन लोगों की मौत

एजेंसी

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के दूसरे सबसे राज्य टेक्सास के ऑस्टिन में सोमवार दोपहर टारगेट कंपनी के स्टोर के बाहर हुई गोलीबारी में एक बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। इस गोलीबारी में एक अन्य व्यक्ति मामूली रूप से घायल हो गया। पुलिस ने संदिग्ध आरोपित को भागने के बाद एक स्थान पर गिरफ्तार लिया। यह जानकारी ऑस्टिन पुलिस ने दी।

एनबीसी न्यूज और द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, ऑस्टिन की पुलिस प्रमुख लिसा डेविस ने बताया कि पुलिस को दोपहर 2¬15 बजे गोलीबारी की सूचना मिली। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। अधिकारियों को स्टोर की पार्किंग में तीन लोग लहूलुहान मिले। डेविस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए संदिग्ध हत्यारे की उम्र करीब 32 वर्ष है। उन्होंने बताया कि संदिग्ध खूनखराबा करने के बाद पार्किंग से किसी की कार चुराकर भाग गया। भागने की



जल्दबाजी में वह दुर्घटना का शिकार हो गया। तब उसने दूसरी कार पर हाथ साफ किया और रफूचक्कर होने की कोशिश की। पीछा कर रही पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस प्रमुख ने कहा, ऑस्टिन के लिए दुखद दिन है। पुलिस प्रमुख ने बताया कि पार्किंग में लहूलुहान मिले एक वयस्क और एक बच्चे को घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया। लहूलुहान मिले दूसरे वयस्क को अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि संदिग्ध पहचान फिलहाल उजागर नहीं की जा रही। वह मानसिक अवसाद में है। उसके गोलीबारी के पीछे के मकसद की जांच की जा रही है। ऑस्टिन की पुलिस प्रमुख लिसा डेविस ने बताया कि तीन दिन पहले एक 30 वर्षीय व्यक्ति ने रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र के अटलांटा मुख्यालय पर गोलीबारी की थी। इस गोलीबारी में एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई थी। हमलावर बंदूकधारी ने इसके बाद आत्महत्या कर ली। पिछले महीने न्यूयॉर्क में एक बंदूकधारी ने मिडटाउन मैनहट्टन कार्यालय की इमारत में घुसकर चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। ऑस्टिन के मेयर किर्क वॉटसन ने एक्स पर पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा, ÷मेरी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। मैं बस इतना कहूंगा कि यह बंदूक हिंसा का घिनौना और कायराना कृत्य है।

# ब्राजील और अमेरिका मीटिंग टैरिफ विवाद के चलते रद्द

एजेंसी

**साओ पाउलो।** ब्राजील के वित्त मंत्री फर्नांडो हादाद ने सोमवार को बताया कि अमेरिका के वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट के साथ होने वाली उनकी वर्चुअल बैठक रद्द कर दी गई है। यह बैठक बुधवार को निर्धारित थी, जिसका उद्देश्य अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा ब्राजील के कई उत्पादों पर लगाए गए 50 प्रतिशत शुल्क पर बातचीत करना था।

हादाद ने ग्लोबोन्यूज़ टीवी से कहा कि बैठक के लिए नया समय तय नहीं हुआ है, जबकि ब्राज़ील ने पुनर्निर्धारण का अनुरोध किया था। उन्होंने अफसोस जताया कि अमेरिका के साथ टैरिफ पर बातचीत के लिए ब्राजील को मेज पर बैठने का मौका भी नहीं मिला। उन्होंने वॉशिंगटन में मौजूद कुछ छद्म-ब्राजीलियाई लॉबिस्टों की आलोचना की, जो उनके मुताबिक



अपने ही देश के खिलाफ काम कर रहे हैं। टैरिफ बढ़ोतरी को ट्रंप प्रशासन ने ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति और उनके दक्षिणपंथी सहयोगी जाइर बोल्सोनारो के खिलाफ चल रहे मुकदमे से जोड़ा है। बोल्सोनारो पर 2022 के चुनावी हार के बाद कथित तख्तापलट की कोशिश के आरोप हैं। उनके बेटे और सांसद एडुआर्डो बोल्सोनारो मार्च से अमेरिका में रहकर इस मामले में जिम्मेदार लोगों पर प्रतिबंध लगाने के लिए अभियान चला रहे हैं।

वित्त मंत्री हादाद ने कहा कि ब्राजील को अन्य बाजारों, खासतौर पर दक्षिण-पूर्व एशिया में, अधिक आक्रामक तरीके से अवसर तलाशने होंगे। उन्होंने मर्कोसुर और यूरोपीय संघ के बीच व्यापार समझौते पर जल्द प्रगति की आवश्यकता भी जताई। हादाद के अनुसार, सरकार जल्द ही एक कार्यकारी आदेश जारी करेगी, जिसमें अमेरिकी टैरिफ के असर को कम करने के लिए कदम शामिल होंगे।

इस पैकेज में निर्यात गारंटी कोष (एफजीई) के माध्यम से निर्यात गारंटी तंत्र में संरचनात्मक सुधार, कुछ सरकारी खरीद और ऋण उपाय भी शामिल होंगे। यह बहुआयामी प्रतिक्रिया लगभग 10,000 प्रभावित कंपनियों के लिए तैयार की जाएगी, क्योंकि इस समस्या का कोई एकल समाधान संभव नहीं है।

### आम चुनाव को लेकर अंतरिम सरकार ने कसी कमर, स्वतंत्र और निष्पक्ष होगा निर्वाचन

**ढाका ।** बांग्लादेश में अगले साल होने वाले आम चुनाव को लेकर अंतरिम सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। बांग्लादेश के गृह सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार आम चुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। बांग्लादेश के गृह सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने केरानीगंज में एक मतदान केंद्र का दौरा करने के बाद कहा कि चुनाव की संभावित तारीख की घोषणा कर दी गई है। चुनाव आयोग निश्चित तारीख की घोषणा करेगा। सभी लोग शांतिपूर्ण चुनाव चाहते हैं। हम अगला चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और उत्सवपूर्ण तरीके से कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कानून प्रवर्तन अधिकारियों से पूर्ण सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उनके सहयोग के बिना निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराना असंभव है। जुलाई 2024 में हुए जनविद्रोह के बाद शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। इस जनविद्रोह में बड़ी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया था। अंततः 5 अगस्त 2024 को हसीना सरकार गिर गई और वह भारत चली गईं। इसके बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार ने देश में लोकतांत्रिक माहौल बहाल करने का वादा किया था। पिछले कई महीनों से बांग्लादेश में राजनीतिक दल नए सिरे से आम चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने घोषणा की थी कि देश में फरवरी 2026 में आम चुनाव होंगे। यह घोषणा 5 अगस्त को शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के सत्ता से बेदखल होने की पहली वर्षगांठ के अवसर पर की गई। शनिवार को बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने एक बैठक में आम चुनावों के लिए मतदान केंद्रों पर पूर्ण सुरक्षा का आह्वान किया।

# बलूचिस्तान में पाकिस्तान की सेना पर हमला, छह सैनिक मारे गए

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान के ग्वादर शहर में रविवार रात एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में पाकिस्तान की सेना के छह सैनिक मारे गए। आईईडी हमला ग्वादर शहर के न्यू टाउन इलाके में हुआ। अज्ञात हमलावरों ने पाकिस्तान की सेना की टुकड़ी में शामिल एक वाहन को निशाना बनाया। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि विस्फोट में वाहन पूरी तरह से नष्ट हो गया और सोमवार सुबह करीब 10 बजे घटनास्थल से अवशेष हटा दिए गए।

द बलूचिस्तान पोस्ट ने घटना का विवरण जारी करते हुए खबर में कहा कि पाकिस्तान के अधिकारियों ने इस हमले पर कोई बयान जारी नहीं किया है, जबकि सुरक्षा बलों ने हमले के बाद से इलाके की घेराबंदी कर रखी है। उधर, केच जिले के मांड इलाके में हथियारबंद लोगों ने माहीर और



सोरो में सैन्य शिविरों पर एक साथ हमला किया। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि इस दौरान भारी गोलीबारी और एक साथ कई विस्फोट हुए। इससे पहले अवारन के झाओ इलाके में हथियारबंद लोगों ने मुख्य सड़क पर स्थित एक लेवीज चौकी पर हमला कब्जा कर लिया।

इस दौरान कर्मचारियों के सभी हथियार छीन लिए और चौकी को आग के हवाले कर दिया। पास के झाओ नौंद्रा में एक और पाकिस्तानी सैन्य चौकी पर हमला हुआ, जहां हमलावरों ने कथित तौर पर हमले के दौरान एक क्वाडकॉप्टर को मार गिराया। वाशुक जिले के बसिमा में सोमवार रात केंद्रीय सैन्य शिविर के पास आधे घंटे से अधिक समय तक लगातार गोलीबारी और विस्फोट की आवाज सुनाई दी।

आसपास के निवासियों ने बताया कि लगातार 14 से ज्यादा विस्फोट की आवाज सुनाई दी। हताहतों की संख्या अभी स्पष्ट नहीं है। खुज़दार जिले के जेहरी इलाके के बुलबुल, तरासानी और गजान में सैन्य अभियान जारी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, अभियान के दौरान कई जगहों पर हथियारबंद लोगों और पाकिस्तान की सेना के बीच झड़पें हुईं। इस दौरान सैन्य हेलीकॉप्टर इलाके के ऊपर से उड़ान भरते रहे।

# हैवी इयररिंग्स से अब कान नहीं पकेंगे, यह टिप्स दिलाएंगे दर्द से छुटकारा



## रेड कलर की साड़ी के साथ ट्राई करें ये लिपस्टिक शेड, मिलेगा ग्लैमरस लुक

रेड कलर की साड़ी के साथ अलग-अलग कलर की लिपस्टिक शेड्स अप्लाई कर सकती हैं। यह लिपस्टिक शेड लगाकर आपका लुक बहुत अच्छा लगेगा। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि रेड कलर की साड़ी के साथ कौन से लिपस्टिक शेड्स ट्राई कर सकती हैं।

मेकअप करना तो हम सभी को पसंद होता है। इसी कारण जब हम कुछ अलग कलर और डिजाइन के कपड़े पहनते हैं, तो उसी के हिसाब से मेकअप लुक क्रिएट करते हैं। ऐसा करने से हमारे लुक में चार चांद लग जाते हैं। वहीं रेड कलर की साड़ी के साथ अलग-अलग कलर की लिपस्टिक शेड्स अप्लाई कर सकती हैं। यह लिपस्टिक शेड लगाकर आपका लुक बहुत अच्छा लगेगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि रेड कलर की साड़ी के साथ कौन से लिपस्टिक शेड्स ट्राई कर सकती हैं।

**वाइन कलर लिपस्टिक** : आप रेड कलर की साड़ी के साथ वाइन कलर लिपस्टिक शेड्स ट्राई कर सकती हैं। यह लिपस्टिक अप्लाई करने के बाद काफी अच्छी लगती है। इसमें आप मैट कलर और ग्लॉसी कलर ट्राई कर सकती हैं। आप चाहें तो इसमें ग्लिटर भी लगा सकती हैं। ऐसे में रेड कलर की साड़ी में आपका लुक काफी अच्छा लगेगा। मार्केट में आपको इस तरह के लिपस्टिक शेड्स काफी आसानी से मिल जाएंगे।

**पीच कलर लिपस्टिक** : रेड कलर की साड़ी के साथ आप पीच कलर लिपस्टिक शेड भी अप्लाई कर सकती हैं। यह लगाने के बाद काफी अच्छी लगती है। इसमें आपका मेकअप लुक अट्रैक्टिव नजर आएगा। वहीं मैट कलर काफी अच्छा लगेगा। मार्केट में आपको इस तरह के लिपस्टिक शेड्स आसानी से मिल जाएंगे।

**न्यूड कलर लिपस्टिक** : शेड्स आप रेड कलर की साड़ी के साथ न्यूड कलर लिपस्टिक लगा सकती हैं। यह लिपस्टिक शेड्स काफी अच्छे लगते हैं और इसमें ग्लॉसी कलर भी मिल जाएंगे। आप कभी भी इस तरह की लिपस्टिक ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के लिपस्टिक शेड्स डार्क कलर की साड़ी के साथ अच्छे लगते हैं। वहीं मार्केट में आपको इस तरह की लिपस्टिक आसानी से मिल जाएगी।

हैवी इयररिंग्स कुछ देर पहनने के बाद कानों में दर्द, खिंचाव और कान के पकने की समस्या होने लगती है। अगर यह समस्या आपके साथ भी होती है, तो आज हम आपको कुछ घरेलू उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं। इससे आप कान के पकने और दर्द जैसी समस्या से राहत पा सकती हैं। किसी भी त्योहार, फंक्शन और पार्टी के मौके पर हम सभी इंडियन और वेस्टर्न ड्रेस के साथ हैवी इंयररिंग्स कैरी करते हैं। जिससे हमारा लुक काफी इंप्रेसिव नजर आता है। खासकर लड़कियां बड़े इवेंट पर बिग इयररिंग्स कैरी करना पसंद करती हैं। ऐसा करने से आउटफिट का लुक अधिक निखरकर आता है।

खासकर एथनिक आउटफिट के साथ हैवी झुमकों का काफी चलन है। यह देखने में क्लासी लगता है। वहीं हैवी इयररिंग्स हमारी खूबसूरती में भी चार चांद लगा देते हैं। लेकिन हैवी इयररिंग्स कुछ देर पहनने के बाद कानों में दर्द, खिंचाव और कान के पकने की समस्या होने लगती है। अगर यह समस्या आपके साथ भी होती है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ घरेलू उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं। इन उपायों को आजमाने से आप कान के पकने और दर्द जैसी समस्या से राहत पा सकती हैं।

**पैट्रोलियम जेली**

भारी इयररिंग्स पहनने के बाद कान पक जाते हैं और दर्द करने लगते हैं। ऐसे में आप हैवी इयररिंग्स पहनने से पहले कानों में पैट्रोलियम जैली लगाएं। इसके बाद झुमके पहनें। इससे आपके कानों को किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**नीम का पेस्ट**

अगर हैवी झुमके पहनने के बाद आपके कान भी पक जाते हैं, तो झुमके उतारने के बाद कानों के एयरलोबस पर नीम की पत्ती का पेस्ट लगाना चाहिए। रातभर इस पेस्ट को लगा रहने दें। क्योंकि नीम में एंटीसेप्टिक गुण पाए जाते हैं। इसलिए यह पके हुए कानों को जल्दी ठीक करेगा और आपको दर्द में भी राहत मिलेगी।

**हल्दी और तेल**

बता दें कि हल्दी और सरसों के तेल में एंटीसेप्टिक गुण पाए जाते हैं। इसलिए हैवी झुमके पहनने के बाद हल्दी और सरसों का तेल मिक्स करके कानों में लगाएं। इस नुस्खे से कानों में किसी भी तरह का दर्द, इंफेक्शन नहीं होगा और आपके कान भी नहीं पकेंगे।

**गर्म पानी में नमक**

अगर आपके कान भी हैवी झुमके पहनने के बाद पक जाते हैं, तो आप गर्म पानी में नमक डालकर कॉटन की मदद से इसको अपने कानों पर लगा सकती हैं। इससे कानों के पकने और दर्द होने का डर नहीं रहेगा।

# कपिल शर्मा की बढ़ी सुरक्षा, कनाडा में कैफे पर फायरिंग के बाद मुंबई पुलिस का फैसला



ताजा गोलीबारी गुरुवार, 7 अगस्त की सुबह न्यूटन इलाके में हुई। सरे पुलिस ने एक बयान में कहा कि 7 अगस्त, 2025 को लगभग 4ः40 बजे, एसपीएस फ्रंटलाइन अधिकारियों ने 120 स्ट्रीट के 8400 ब्लॉक में एक व्यवसाय के बाहर गोलीबारी की सूचना पर कार्रवाई की। मुंबई पुलिस ने हास्य कलाकार और टेलीविजन होस्ट कपिल शर्मा को पिछले महीने कनाडा के सरे में उनके नए खुले कैफे में गोलीबारी की दो घटनाओं के बाद सुरक्षा मुहैया कराई है। ताजा गोलीबारी गुरुवार, 7 अगस्त की सुबह न्यूटन इलाके में हुई। सरे पुलिस ने एक बयान में कहा कि 7 अगस्त, 2025 को लगभग 4ः40 बजे, एसपीएस फ्रंटलाइन अधिकारियों ने 120 स्ट्रीट के 8400 ब्लॉक में एक व्यवसाय के बाहर गोलीबारी की सूचना पर कार्रवाई की।

हालाँकि पुलिस ने प्रतिष्ठान की पहचान नहीं की है, लेकिन कनाडाई मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि निशाना बनाया गया स्थल शर्माज़ कप्स कैफ़े था। यह घटना 10 जुलाई, 2025 को इसी स्थान पर हुई एक ऐसी ही गोलीबारी के बाद हुई है। दोनों ही मामलों में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन बार-बार हुए हमलों ने गंभीर सुरक्षा चिंताएँ पैदा कर दी हैं। सरे पुलिस दोनों घटनाओं की जाँच कर रही है, गोलीबारी के बीच संभावित संबंधों और क्षेत्र में किसी व्यापक आपराधिक गतिविधि से इनके जुड़े होने की जाँच कर रही है।

अपने लोकप्रिय टेलीविज़न शो द कपिल शर्मा शो के लिए मशहूर 43 वर्षीय कॉमेडियन ने इस साल की शुरुआत में अपने विदेशी व्यावसायिक उपक्रमों के तहत यह कैफ़े खोला था। सूत्रों के अनुसार, शर्मा कनाडाई अधिकारियों के संपर्क में हैं और जाँच में पूरा सहयोग कर रहे हैं। यह हमला जुलाई के दूसरे हफ़्ते में इसी कैफ़े में हुई गोलीबारी की घटना के कुछ ही दिन बाद हुआ था, जिसमें कई गोलियाँ चली थीं। पुलिस ने हमले की जाँच शुरू कर दी है।

इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। कैफ़े उसी हफ़्ते की शुरुआत में खुला था। उस सुबह कप्स कैफ़े की एक खिड़की में कम से कम 10 गोलियों के निशान देखे गए, जबकि एक अन्य खिड़की का शीशा टूटा हुआ था। जिस इमारत में कैफ़े स्थित है, उसकी निचली मंज़िल पर खुदरा दुकानें और ऊपर आवासीय अपार्टमेंट हैं; हालाँकि, यह पता नहीं चल पाया है कि इमारत में कितने निवासी रहते हैं। कैफे में गोलीबारी की ताजा घटना ने लक्षित हिंसा की संभावित लहर को लेकर चिंता बढ़ा दी है, तथा गिरोह की संलिप्तता के असत्यापित ऑनलाइन दावों के बीच अधिकारी अपनी जांच जारी रखे हुए हैं।

# ब्लड क्लॉट चुपचाप करता है हमला, ये सात संकेत समझ लें वरना हो सकती है बड़ी मुश्किल



रक्त का थक्का या ब्लड क्लॉट, खून की एक गांठ होती है जो खून को तरल से जेल जैसी अवस्था में बदल देता है। जब हमारे शरीर को चोट लगती है, तो ये थक्का खून को बहने से रोकने में मदद करता है और हमें बचाता है। लेकिन अगर यह थक्का शरीर की नसों के अंदर बन जाए, तो यह खून के प्रवाह को रोककर जानलेवा समस्या पैदा कर सकता है।

**ब्लड क्लॉट क्यों होता है?**

सामान्य स्थिति में हमारा खून शरीर के हर हिस्से में आसानी से बहता रहता है। लेकिन अगर नसों के अंदर थक्का बन जाए, तो इसे थ्रोम्बोसिस कहा जाता है। ऐसे थक्के हार्ट अटैक, स्ट्रोक या फेफड़ों की गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। इसलिए ब्लड क्लॉट के लक्षणों को पहचानना बेहद जरूरी है।

**ब्लड क्लॉट के 7 खतरे से भरे लक्षण जिन्हें नजरअंदाज न करें**

बिना कारण अचानक खांसी आना

अगर आपको अचानक सूखी खांसी शुरू हो जाए जो सिरप से भी ठीक न हो, तो यह फेफड़ों में ब्लड क्लॉट यानी पल्मोनरी एम्बोलिज्म का संकेत हो सकता है। कभी-कभी खांसी के साथ खून के निशान भी आ सकते हैं।

एक हाथ या पैर का ठंडा हो जाना

अगर किसी हाथ या पैर में खून का थक्का जम जाए तो वहां खून का प्रवाह कम हो सकता है। उस अंग में ठंडापन, सुन्नता या झुनझुनी महसूस हो सकती है।

**आंखों में अचानक धुंधलापन**

अगर आंखों को खून पहुंचाने वाली धमनियों में थक्का जम जाए, तो एक आंख अचानक धुंधली दिख सकती है या कुछ देर के लिए नजर बंद हो सकती है। यह छोटे स्ट्रोक का संकेत हो सकता है।

**सांस लेने पर तेज दर्द या कंधे में तकलीफ**

फेफड़ों में ब्लड क्लॉट होने पर गहरी सांस लेने पर तेज दर्द हो सकता है, जो कंधे या पीठ के ऊपरी हिस्से तक फैल सकता है। इसे मांसपेशियों के दर्द के तौर पर भी समझा जा सकता है।

**एक पैर पर लालिमा, सूजन और खुजली**

गहरी नसों में थक्का बनने पर उस जगह की त्वचा लाल, गर्म और सूजी हुई दिख सकती है, बिना किसी दाने के। यह आमतौर पर एक ही पैर में होता है।

**अचानक जबड़े में दर्द या दबाव महसूस होना**

दिल से जुड़ी समस्याओं का संकेत कभी-कभी जबड़े या गर्दन में दर्द या दबाव के रूप में भी हो सकता है, खासकर महिलाओं में।

**घुटने के पीछे या कमर में सूजन**

अगर घुटने के पीछे या पेल्विक क्षेत्र में सूजन और हल्का दर्द हो, तो यह डीप वेन थ्रोम्बोसिस (गहरी नसों में थक्का) का संकेत हो सकता है।

**ब्लड क्लॉट से कैसे बचें?**

शरीर में दर्द, सूजन या असामान्य लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से सलाह लें। ज्यादा देर तक एक जगह बैठे न रहें, खासकर लंबे सफ़र के दौरान। हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाएं और नियमित व्यायाम करें। डॉक्टर के बताए अनुसार दवाइयों का सेवन करें। ब्लड क्लॉट एक खतरनाक समस्या है, जो बिना किसी चेतावनी के जानलेवा बन सकती है। इसलिए ऊपर बताए गए 7 लक्षणों को नजरअंदाज न करें। अगर इनमें से कोई भी लक्षण दिखे तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। समय पर इलाज से आपकी जान बचाई जा सकती है।

## मानसून में पिंपल्स से परेशान? ये क्लींजिंग हैक्स आएंगे बेहद काम



मानसून में अक्सर हम अपनी स्किन को ओवरवॉश करना शुरू कर देते हैं, जिसकी वजह से स्किन की समस्या बढ़ने लगती है। कोशिश करें कि आप दिन में दो बार अपना फेस क्लीन करें। सबसे पहले सुबह उठकर और दूसरा शाम को घर आकर।

जैसे ही बारिश का मौसम आता है, स्किन को काफी कुछ झेलना पड़ता है। इस मौसम में बार-बार बारिश में भीगने का मन तो करता है, लेकिन इसकी वजह से अक्सर स्किन में चिपचिपापन व पिंपल्स की शिकायत शुरू हो जाती है। मानसून में ह्यूमिडिटी की वजह से ना केवल स्किन पर बहुत अधिक ऑयल बनने लगता है, बल्कि धूल-मिट्टी, बारिश का गंदा पानी और पसीना सब मिलकर चेहरे के पोर्स को बंद कर देते हैं। ऐसे में स्किन में डलनेस के साथ-साथ पिंपल्स, व्हाइटहेड्स व ब्लैकहेड्स आदि की शिकायत का सामना करना पड़ता है। अमूमन इससे निजात पाने के लिए हम चेहरे को बार-बार धोती हैं, लेकिन कुछ असर नहीं होता। ऐसे में समझ में ही नहीं आता है कि क्या किया जाए। आपको बस थोड़ा समझदारी के साथ अपनी स्किन की क्लीनिंग करने की जरूरत है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ आसान टिप्स के बारे में बता रहे हैं-

**दिन में दो बार करें फेस क्लीन**

मानसून में अक्सर हम अपनी स्किन को ओवरवॉश करना शुरू कर देते हैं, जिसकी वजह से स्किन की समस्या बढ़ने लगती है। कोशिश करें कि आप दिन में दो बार अपना फेस क्लीन करें। सबसे पहले सुबह उठकर और दूसरा शाम को घर आकर। इसके लिए आप हल्के जेल बेस्ड फेसवॉश का इस्तेमाल कर सकते हैं। जेल बेस्ड फेसवॉश स्किन को डीप क्लीन करता है, लेकिन उसे रूखा नहीं बनाता है।


**समझदारी से चुनें फेसवॉश**

मानसून में आप अपनी स्किन की जरूरतों को समझते हुए फेसवॉश का चयन करें। इस मौसम में नीम या टी ट्री बेस्ड फेसवॉश का इस्तेमाल करना अच्छा माना जाता है, क्योंकि यह गंदगी के साथ-साथ बैक्टीरिया को भी चेहरे से दूर रखता है, जिससे पिंपल्स होने की संभावना काफी कम हो जाती है। अगर आप चाहें तो हफ्ते में एक बार नीम का पेस्ट भी चेहरे पर लगा सकते हो।

**रात में करें डबल क्लीनिंग**

अगर आप सच में मानसून में अपनी स्किन की बेहतर केयर करना चाहती हैं तो रात में स्किन की डबल क्लीनिंग करना शुरू करें। इसके लिए पहले ऑयल बेस्ड क्लींजर या मिसेलर वॉटर से मेकअप और सनस्क्रीन हटाओ, फिर जेल फेसवॉश से चेहरा धो लो। दरअसल, मानसून के दिनों में हम सभी वाटरप्रूफ प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल अपनी स्किन पर करते हैं, जो एक बार के फेसवॉश से नहीं हटते। अगर चेहरे पर प्रोडक्ट रह जाता है तो वो पोर्स को क्लॉग कर देता है, जिससे आपको पिंपल्स की समस्या हो सकती है।

# फिजिकल हेल्थ : थोड़ा सा चलने पर फूलती है सांस, हो सकता है पल्मोनरी फाइब्रोसिस



पल्मोनरी फाइब्रोसिस एक ऐसी बीमारी है, जिसमें फेफड़ों के अंदर धीरे-धीरे घाव बन जाते हैं और निशान पड़ जाते हैं। इस वजह से फेफड़े सख्त हो जाते हैं और उनका फैलना-सिकुड़ना मुश्किल हो जाता है। इससे सांस लेना मुश्किल हो जाता है। जिन्हें पल्मोनरी फाइब्रोसिस है, थोड़ी सी मेहनत में ही उनका दम फूलने लगता है। इसके चलते शरीर को पूरी ऑक्सीजन नहीं मिल पाती और धीरे-धीरे हालत गंभीर हो सकती है। इसके कारण पैदा हुई कंडीशंस में रेस्पिरेटरी फेल्योर हो सकता है और मौत भी हो सकती है। 'साइंस डायरेक्ट' में पब्लिश एक स्टडी के मुताबिक, पूरी दुनिया में 3 से 5 लाख लोग पल्मोनरी फाइब्रोसिस से प्रभावित हैं।

**आज 'फिजिकल हेल्थ' में पल्मोनरी फाइब्रोसिस की बात करेंगे। साथ ही जानेंगे कि-**

**इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस क्या है?**

**पल्मोनरी फाइब्रोसिस के क्या लक्षण होते हैं?**

**लाइफस्टाइल में किन बदलावों से जिंदगी आसान हो सकती है?**

**इडियोपैथिक फाइब्रोसिस क्या है?**

जब लंग्स में घाव का कारण नहीं मालूम होता है तो इसे इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस कहते हैं। पल्मोनरी फाइब्रोसिस के ज्यादातर मामले इडियोपैथिक ही होते हैं। इसका कोई सटीक इलाज नहीं है, लेकिन इसे रोका या कंट्रोल किया जा सकता है।

**पल्मोनरी फाइब्रोसिस के क्या लक्षण हैं?**

पल्मोनरी फाइब्रोसिस एक क्रॉनिक डिजीज है। इसका मतलब है कि ये बीमारी धीरे-धीरे विकसित होती है और इसके लक्षण भी धीरे-धीरे विकसित होते हैं। इसके चलते पल्मोनरी फाइब्रोसिस का जल्दी पता लगा पाना थोड़ा मुश्किल होता है। इसके बावजूद अगर ध्यान दिया जाए तो हमारा शरीर सांस लेने में समस्या, बेचैनी और कमजोरी जैसे इशारे कर रहा होता है।

**पल्मोनरी फाइब्रोसिस होने पर लाइफस्टाइल में क्या बदलाव जरूरी हैं?**

लाइफस्टाइल में थोड़े से बदलाव से मुश्किलें कम हो सकती हैं। हल्की-फुल्की वॉक, सांसों की एक्सरसाइज, पोषण का ध्यान रखना, बार-बार इन्फेक्शन से बचना और जरूरत पड़ने पर ऑक्सीजन थेरेपी से रोजमर्रा की जिंदगी को बेहतर बनाया जा सकता है। वक्त रहते इलाज शुरू हो जाए तो मरीज की तकलीफ काफी कम की जा सकती है।

**1. आराम से लंबी सांस लें**

तेज और उथली सांसें लेने से दम घुटने जैसा महसूस हो सकता है। ऐसे में कुछ आसान तकनीकें, जैसे होंठों को सिकोड़कर धीरे-धीरे सांस लेना या पेट से सांस लेना मददगार हो सकता है। ये कोई जादू नहीं हैं, लेकिन जब सांस उखड़ने लगे तो यह तरीका थोड़ी राहत जरूर देता है। फिजियोथेरेपिस्ट आपको ये टेक्नीक्स सिखा सकते हैं।

**2. सावधानी से एक्सरसाइज करते रहें**

कई मरीज डरते हैं कि चलने-फिरने से हालत बिगड़ सकती है, लेकिन ज्यादा सुस्त रहने से शरीर और भी कमजोर हो सकता है। हल्की-फुल्की एक्सरसाइज जैसे टहलना या स्ट्रेचिंग धीरे-धीरे सहनशक्ति और मूड दोनों सुधार सकती है। इसका मतलब अपनी हदों को पार करना नहीं है, बल्कि अपनी हदों के अंदर रहकर एक्टिव रहना है।

**3. ऊर्जा संभालकर खर्च करें**

थकावट लगातार परेशान कर सकती है, इसलिए दिन भर की प्लानिंग समझदारी से करनी चाहिए। जैसे सारे जरूरी काम एक साथ निपटाएं, खाना बनाते समय या नहाते समय स्टूल का इस्तेमाल करें, रोजमर्रा की चीजें हाथ के पास रखें। ऊंचे-नीचे कामों को संतुलन में रखें। ऐसा करना बीमारी से हार मानना नहीं है, बल्कि समझदारी से उसे मैनेज करना है।

**4. बहुत भारी खाना खाने से बचें**

भारी खाना डायाफ्राम पर दबाव डालता है, जिससे सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। इसकी बजाय थोड़ी-थोड़ी मात्रा में बार-बार पोषण से भरपूर चीजें खाएं। प्रोटीन और हेल्दी फैट वाली चीजें ताकत बनाए रखने में मदद करती हैं। अगर निगलने में दिक्कत हो तो मुलायम चीजें खाना बेहतर है। यहां परफेक्ट डाइट नहीं, बल्कि आराम और पोषण जरूरी है।

**5. संक्रमण से बचाव जरूरी है**

जब फेफड़े पहले से ही कमजोर हों, तो हल्का सा इन्फेक्शन भी बड़ा असर डाल सकता है। फ्लू और निमोनिया के वैक्सीन लगवाएं। हाथ धोना, धूल या धुएं से बचना और ज्यादा भीड़भाड़ वाली जगहों से दूर रहना जरूरी है। मास्क साथ रखें, खासकर पब्लिक प्लेस पर पहनकर निकलें।

**6. मानसिक स्वास्थ्य को नजरअंदाज न करें**

ये बीमारी सिर्फ शरीर पर ही नहीं, दिमाग पर भी असर डालती है। ऐसे में कुछ लोग गहरी सांस लेने की तकनीकों, काउंसलिंग या माइंडफुलनेस से सुकून पाते हैं। अपनी परेशानी किसी से कहना कमजोरी नहीं है, बल्कि अंदर से मजबूत बनने का एक और तरीका है।

**7. ऑक्सीजन सपोर्ट हार नहीं है, ये सहारा है**

कुछ लोग ऑक्सीजन थेरेपी से डरते हैं, उन्हें लगता है कि ये आखिरी स्टेज है। लेकिन बहुतों के लिए इससे राहत मिलती है, नींद बेहतर होती है और हिलने-डुलने में भी मदद मिलती है।

आज के ऑक्सीजन उपकरण पहले की तुलना में छोटे, हल्के और आसान हैं। ये आपकी आजादी या जिंदगी छीनते नहीं, बल्कि सांस लेना आसान बनाते हैं।

### पल्मोनरी फाइब्रोसिस है तो खाने में क्या अवॉइड करना चाहिए?

अगर किसी व्यक्ति को पल्मोनरी फाइब्रोसिस है तो उसे खाने में नमक और चीनी वाली चीजें बहुत कम मात्रा में खानी चाहिए। सैचुरेटड और ट्रांस फैट भी अवॉइड करना चाहिए। कुल मिलाकर तला-भुना और प्रोसेस्ड फूड नहीं खाना चाहिए। स्मोकिंग बिल्कुल न करें। धूल और धुएं से भी दूरी बनाकर रखें। इससे सांस लेने में मुश्किल हो सकती है और समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

### पल्मोनरी फाइब्रोसिस होने पर कोई कितने दिन तक जीवित रहता है

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के मुताबिक, आमतौर पर 50 से 70 वर्ष की उम्र के लोगों को प्रभावित करता है। इस उम्र तक लोगों का शरीर किसी बीमारी का सामना करने में बहुत सक्षम नहीं रह जाता है। इसलिए आईपीएफ के डायग्नोसिस के बाद लोग 3-5 साल ही जीवित रहते हैं।